वर्ष-24 ■ अंक-204
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ गुरूवार ■ 10 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत्-2083
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

# दैनिक समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# किसानों की आय में की जाए वृद्धि : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**समय जगत, भोपाल।** बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर निवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि विकास, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से संवाद कर कृषि से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है तथा किसानों को उन्नत तकनीक, बेहतर सुविधाएं और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों से कहा कि कृषि क्षेत्र आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ और सबकी समृद्धि की सबसे बड़ी गारंटी बनने जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे दुग्ध उत्पादन, श्रीअन्न उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी जिसमें भी उनकी रुचि है, एक नई शुरुआत के साथ आगे बढ़ें। हमारी सरकार फील्ड से लेकर फैक्ट्री तक हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी किसान इस बलराम कृषि महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसान कल्याण वर्ष के माध्यम से पूरे वर्ष किसानों के हित में निरंतर कार्य किया जाए। किसानों की आय बढ़ाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र और वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग बढ़ाने से किसानों को उत्पादन एवं आय में वृद्धि का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से किसानों को कृषि वैज्ञानिकों से सीधे संवाद करने, उन्नत कृषि यंत्रों, नवीन तकनीकों और बेहतर कृषि उत्पादन से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत बीजों के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे खेती की लागत कम हो और उत्पादन में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार परंपरागत कृषि पद्धतियों के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती को भी बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कर सकते हैं।

## ■ बलराम कृषि महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वर्चुअल सहभागिता ■

### सिंचाई सुविधाओं में हो रही बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के साथ कृषि क्षेत्र में आवश्यक अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं, महिलाओं, गरीबों और किसानों को आगे बढ़ाने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।



### 2026 में मना रहा किसान कल्याण वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों के हित में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा दी जा रही है। खरीफ एवं रबी फसलों के लिए ऋण चुकाने की अवधि 6-6 माह निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब एक वर्ष कर दिया गया है। अब किसान जिस दिन ऋण लेगा, उस दिनांक से एक वर्ष की अवधि में ऋण चुका सकेगा। प्रदेश में ढाई करोड़ किसानों को सब्सिडी पर बीज उपलब्ध कराया गया है।

## प्रेस कान्फ्रेंस में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

# भाजपा अध्यक्ष ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि पीएम मोदी के सत्ता संभालने के समय देश में निराशा का माहौल था, लेकिन उनके नेतृत्व में युवाओं को इससे बाहर निकाला गया। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 25 करोड़ गरीब परिवार गरीबी से बाहर आए और भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी। भाजपा अध्यक्ष ने ये बातें बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस पीएम मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर 25 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित की गई थी। मोदी 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के CM बने थे। वे 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री बने थे। नितिन नवीन ने कहा कि पिछले 25 साल में प्रधानमंत्री ने 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के मंत्र पर काम किया। मोदी ने



शुरुआत में जो लक्ष्य तय किए, उन्हें संकल्प बनाया और उन्हें उपलब्धियों में बदला। 25 सालों में उनकी यात्रा एक सामान्य कार्यकर्ता से 'प्रधान सेवक' तक पहुंची है। यह स्पष्ट सोच और मजबूत संकल्प का नतीजा है। नवीन ने कहा- जब प्रधानमंत्री ने देश की कमान संभाली, तब हर तरफ निराशा और अंधकार का माहौल था। इसे नीतिगत पंगुता का दौर कहा जा सकता है। हमारी अर्थव्यवस्था 'फ्रैजाइल फाइव' में गिनी जाती थी। लेकिन आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है और देश की विश्वसनीयता और सम्मान लगातार बढ़ा है। आज हर भारतीय सुरक्षा और सम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। नितिन नवीन ने बताया कि भाजपा प्रधानमंत्री के 25 साल के सार्वजनिक जीवन को लेकर एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। इसकी शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से होगी। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन भाजपा 'आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम आयोजित करेगी और प्रधानमंत्री की 25 साल की जनसेवा के लिए आभार जताएगी।

# सुरंगों में फंसे कर्मियों की जिंदगी बचाने का प्रयास

## पाइप से पहुंचाई जा रही ऑक्सीजन



**काठमांडू।** नेपाल में भयावह बाढ़ के 14 दिन बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। अब बचाव दलों का सबसे बड़ा ध्यान तीन हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंगों में फंसे दर्जनों कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालने पर है। अधिकारियों के मुताबिक, इन भूमिगत सुरंगों में करीब 121 कर्मियों के फंसे होने का अनुमान है। सुरंगों में पाइप के जरिये लगातार आक्सीजन पहुंचाई जा रही है। रायटर के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन से नेपाल के नौ जिलों में 11 हाइडिल परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। इनमें रसुवा स्थित अपर त्रिशूली परियोजना 3ए और 3बी भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं से जुड़ी सुरंगों में फंसे कर्मियों को निकालना फिलहाल बचाव दलों की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही का दायरा लगातार बड़ा बना हुआ है। अब तक 1357 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 5326 लोगों की तलाश जारी है।

राहत एवं बचाव दलों ने अब तक 13,583 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। सबसे ज्यादा 363 शव चितवन जिले से मिले हैं। तिब्बत क्षेत्र में भी बाढ़ के मलबे से अब तक 43 शव निकाले जा चुके हैं और करीब 500 लोग अब भी लापता हैं। प्रेट्र के अनुसार, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि आपदा में फंसे 169 भारतीयों को नेपाल से सुरक्षित निकाला जा चुका है। हालांकि, 275 भारतीय अब भी लापता हैं। इनमें तिब्बत क्षेत्र में लापता 49 भारतीय भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि भारत, चीन और नेपाल में स्थापित कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। भारत नेपाल को मानवीय सहायता पहुंचाता रहेगा। अब तक सात विमानों के जरिये 95 टन राहत सामग्री नेपाल भेजी जा चुकी है। आपदा में मारे गए लोगों की पहचान के लिए भारतीय फोरेंसिक दल भी काम कर रहा है। जायसवाल के मुताबिक, अब तक 1200 डीएनए नमूने काठमांडू की दो प्रयोगशालाओं में जमा किए जा चुके हैं। आईएएनएस के अनुसार, बाढ़ ने नेपाल के सड़क और पुलों के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।

## ईरान ने फारस की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों और 8 टैंकरों पर किया हमला

**तेहरान।** मिडिल-ईस्ट में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। बुधवार को यूएस सेंट्रल कमांड की ओर से ईरान के पांच तेल टैंकरों को तबाह किए जाने के बाद तेहरान ने भी पलवार किया है। ईरानी मीडिया ने खबर दी कि आईआरजीसी नेवी ने फारस की खाड़ी में 10 जहाजों (जिनमें यूएस के दो जहाज भी शामिल थे) और होर्मुज स्ट्रेट के पास 10 अन्य जहाजों पर हमला किया। तेहरान ने जॉर्डन में अमेरिकी मिलिट्री बेस को निशाना बनाते हुए कई मिसाइलें भी दागीं। हालांकि, जॉर्डन ने कहा कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने 20 में से 18 मिसाइलों को रोक दिया। इससे पहले, सोमवार को ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि तेहरान की नई कासिम बशीर बैलिस्टिक मिसाइल उसकी मिलिट्री पॉलिसी में बदलाव को दिखाती है। साथ ही चेतावनी दी कि ईरान खतरों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# तकनीकी खराबी से 1,000 से ज्यादा उड़ानें हुईं रद

## एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को हुई परेशानी

**लंदन।** यूके के एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में अचानक आई बड़ी तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को विमान सेवाओं पर भारी असर पड़ा है। फ्लाइट मॉनिटरिंग वेबसाइट के मुताबिक, इस गडबड़ी की वजह से लगभग 1,000 उड़ानें पूरी तरह से रद करनी पड़ी हैं, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिटेन की नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज ने मामले पर जानकारी देते हुए कहा कि मंगलवार दोपहर तकनीकी समस्या सामने आते ही इंजीनियरों को तुरंत काम पर लगा दिया गया था। बाद में एक अपडेट जारी कर पुष्टि की गई है कि सिस्टम में आई खराबी को दूर कर लिया गया है और फ्लाइट ऑपरेशन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। एजेंसी ने यात्रियों को हुई इस अचानक असुविधा और देरी के लिए औपचारिक रूप से माफी भी मांगी है। हालांकि, यह तकनीकी खराबी किस वजह से हुई, इसका कारण अभी तक साफ नहीं हो पाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया गया कि इस सिस्टम फेलियर के




कारण ब्रिटिश एयरवेज, ईजीजेट, केएलएम और लुफ्थांसा जैसी दुनिया की बड़ी एयरलाइंस की दर्जनों उड़ानों का शेड्यूल बिगड़ गया। बजट एयरलाइन ने कहा कि उसकी कई उड़ानें संचालित नहीं हो सकीं, जिससे पूरे यूरोप में फ्लाइट्स में देरी हुई।

लंदन के प्रमुख हीथ्रो, स्टैनस्टेड और सिटी एयरपोर्ट के अलावा मैनचेस्टर, बर्मिंघम और स्कॉटलैंड के विभिन्न हवाई अड्डों ने भी स्वीकार किया कि इस तकनीकी खामी की वजह से संचालन प्रभावित हुआ है। हीथ्रो एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, मंगलवार को यूरोप जाने वाली कई कम दूरी की उड़ानें रद या देरी का शिकार हुईं, हालांकि आने वाली उड़ानों पर इसका असर पड़ता नहीं दिखा।

# ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंत्री के ठिकानों पर मारा छापा

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में कर्नाटक में 18 जगहों पर तलाशी ले रहा है। इनमें राज्य के मंत्री सतीश जारकीहोली और उनकी बेटी प्रियंका जारकीहोली (जो चिक्कोडी से सांसद हैं) के घर भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला मंजूनाथ के खिलाफ आबकारीमामले से जुड़ा नहीं है। यह सतीश जारकीहोली के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का एक अलग मामला है। मंत्री और उनकी बेटी के आवासों के अलावा ईडी मंत्री के बहनोई वाई. मंजूनाथ के घर की भी तलाशी ले रही है। ईडी मुख्यालय ने साफ किया कि सतीश जारकीहोली और उनकी बेटी प्रियंका जारकीहोली के खिलाफ छापे एक नए

## कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मिले





मामले से जुड़े हैं और इनका मंजूनाथ वाले मामले से कोई संबंध नहीं है। मंजूनाथ मंत्री सतीश जारकीहोली की छोटी बहन महादेवी के पति हैं और मूल रूप से बल्लारी के हरपनहल्ली के रहने वाले हैं। वह अभी बेलगावी डिवीजन में एक्साइज विभाग के एडिशनल कमिश्नर के तौर पर काम कर रहे हैं।

ईडी अधिकारियों ने इससे पहले 24 जून को बेलगावी, बेंगलुरु और मैसूर में मंजूनाथ से जुड़ी जगहों और घरों पर छापेमारी की थी और 13.3 करोड़ रुपये की ऐसी संपत्ति का पता लगाया था, जो उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं ज्यादा थी। उनके घर से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले, जिनमें एक डायरी भी शामिल थी। जारकीहोली ने तब छापों पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वह अपने बहनोई के खिलाफ चल रही जांच के नतीजों का इंतजार करेंगे।

## ट्रैफिक पुलिस से गाली गलौज और मारपीट का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को एक 28 साल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने सोमवार को चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के काम में रुकावट डाली, उनके साथ बदसलूकी की और मारपीट की। पुलिस के मुताबिक, 7 सितंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे एबिड्स ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के होम गार्ड ट्रैफिक ड्यूटी पर थे। नामपल्ली के एसएचओ ने बताया, रविंदर के पास एक सरकारी कैमरा था। उन्होंने बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के आरोप में एक टू-व्हीलर सवार की तस्वीर ली। उन्होंने आगे बताया कि हैदराबाद के साइनबोर्ड वर्कर मोहम्मद रिजवान नाम के उस सवार ने कथित तौर पर यू-टर्न लिया, गलत तरफ से होम गार्ड के पास आया और ड्यूटी के दौरान उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने आगे बताया कि कथित तौर पर बाइक सवार की पत्नी भी बहस में शामिल हो गई और अपने मोबाइल फोन पर घटना का वीडियो बनाते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया।



राष्ट्रीय दैनिक
समय जगत
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक भोपाल एवं दिल्ली से एक साथ प्रकाशित एवं समस्त राज्यों में प्रसारित

पी.एन. द्विवेदी
प्रबंध संपादक
पूर्व अपर संचालक, जनसम्पर्क (अ.प्रा.), पूर्व प्रेस अधिकारी, राजभवन

अशोक त्रिपाठी
प्रधान संपादक एवं प्रबंध संचालक
समय-जगत मी.प्रा.लि.

क्रमांक .................... दिनांक : ..............................

'गर्व से कहो हम अभियंता हैं
देश के निर्माण नियंता हैं'
सृजन-शिल्पी

प्रतिष्ठा में
सम्माननीय अभियंता बंधु,
अभियंता गरिमा अभियान की कोटिश: मंगलकामनाएं

**गर्व से कहें हम भारत रत्न इं. विश्वेश्वरैया के अनुगामी अभियंता हैं, भारत निर्माण नियंता हैं।**

इस भाव और भावना के साथ हमारे द्वारा अपने संपूर्ण कार्यकाल में किये गए श्रेष्ठतम गुणात्मक प्रेरणादायी- अनुकरणीय कार्यों/ नवाचारों को समग्र लोकहित में प्रकाशित और प्रसारित करना आपकी और हमारी अपने हिस्से की ईमानदारी है। इसमें सहभागी है आपका अपना **समय जगत समूह, जो विगत 18 वर्षों से देश- प्रदेश में हजारों संवाददाताओं, करोड़ों व्यूअर्स, लाखों सब्सक्राइबर्स एवं पाठकों** के माध्यम से निरंतर विश्व प्रतिष्ठित **विश्वेश्वरैया जी** के व्यक्तित्व और कृतित्व के अविस्मरणीय पक्षों को क्रमबद्ध संपादकीय और आलेखों के साथ प्रकाशित और प्रसारित कर रहा है। **एक संदेश- पूरा देश** के लक्ष्य संकल्पित, मूल्य आधारित पत्रकारिता के प्रमाणिक मापदंडों की यह यात्रा सभी अभियंता बंधुओं के सात्विक- सकारात्मक सहयोग से ही संभव हो पाई है। आपसे विनम्र अपेक्षा है कि आपकी **जन्मतिथि, विवाह तिथि एवं सेवा प्रारंभ तिथि** जैसे सुप्रसंग के अवसरों पर आपके व्यक्तित्व- कृतित्व के विवरणों के संक्षिप्त उल्लेख के साथ आपके उत्कृष्ट करणीय कार्यों का समग्र लोकहित में व्यापक प्रदर्शन अभियंता गरिमा अभियान की दृष्टि से सार्थक कदम होगा। आपके महत्वपूर्ण सुझाव भी हमारे अभियान के पथ प्रदर्शक व लक्ष्य साधक होंगे। साथ ही **विश्वेश्वरैया जी** या अन्य योग्य, दक्ष अभियंता बंधु संदर्भित स्मरण या संस्मरण भी स्वागतयोग्य हैं। समूह के द्वारा देश- प्रदेश के सभी सरकारी या निजी क्षेत्र के कनिष्ठ से वरिष्ठ सभी अभियंता बंधुओं की व्यक्तिगत/ संस्थागत सहभागिता का अनथक प्रयास निरंतर किया जा रहा है। यह सब भी सभी के सहयोग से ही संभव है। क्यों कि हमारा यह मानना है कि अभियंता दिवस से ज्यादा महत्वपूर्ण है **हर दिवस में हो अभियंता।** इसी लक्ष्य के साथ प्रत्येक दिवस में समूह के प्रत्येक केन्द्र द्वारा क्रमश: योग्य और दक्ष अभियंताओं को **विश्वेश्वरैया जी का स्मृति चिन्ह,** मास्क, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि से उत्पादित रसायनमुक्त गुड़, काढ़ा चूर्ण भेंट करने की योजना है। साथ ही **प्रकृति संरक्षण का एक मात्र आधार- पौधरोपण का नवाचार** के लक्ष्य को लेकर प्रत्येक वर्ष, रक्षाबंधन (वृक्षाबंधन) से लेकर वर्ष प्रतिपदा तक नित्य ही दक्ष- योग्य अभियंताओं द्वारा उनके निवास/ कार्यालय या सार्वजनिक परिसर में पौधरोपण का आग्रह कर अभियंता गरिमा अभियान को प्रतिष्ठित और प्रमाणिक बनाने की योजना है। यह सब लोकमंगल के पवित्र- पुण्यदायी नवाचार श्रद्धा, स्वप्रेरणा, प्रभाव अथवा दबाव से फलीभूत होंगे। क्यों कि हम अभियंता बंधु राजनेताओं के प्रभाव और ब्यूरोक्रेट्स के दबाव में भी काम करने के आदी हो चुके हैं। इसका भी अंतर्मन की गहराई से विचार करना हमारे लिये महत्वपूर्ण है। यही विश्व प्रतिष्ठित अभियंता शिरोमणि **इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी** के प्रति हमारा श्रेष्ठतम- सार्थक समर्पण होगा।

स्मरण रहे कि इंजीनियर श्री **विश्वेश्वरैया जी** के अद्भुत व्यक्तित्व, उत्कृष्ट- गुणात्मक कार्य दक्षता तथा विलक्षण प्रशासनिक क्षमता के साथ किये जाने वाले समग्र जनहितकारी लोकमंगल के विचारों के कारण ही **भारत रत्न** प्रदाय किया गया था। जो उस कालखंड में किसी राजनेता, ब्यूरोक्रेट के लिये दूर- दूर तक दुर्लभ था। उसी प्रतिष्ठा के कारण दशकों तक अभियंता वर्ग की समाज में एक उत्कृष्ट प्रमाणिकता बनी रही है, जिसका अब शनै- शनै क्षरण होता जा रहा है। उसके पुनर्स्थापन के लिये **करो गंभीरता से विचार- करते रहो सदैव लोकमंगल के नवाचार।**

कृपया अपेक्षित जानकारियों के साथ उल्लेखित तिथियों से अवगत कराने का विनम्र आग्रह पुन: निवेदित है। **इंजीनियर विश्वेश्वरैया जी** संदर्भित पूर्व प्रकाशित सामग्री एवं संपादकीय श्रंखला के अवलोकन के लिये समय जगत के **ई-पेपर, वेबसाइट, वेब चैनल खबर समय जगत** का अवलोकन उपयुक्त और उपयोगी होगा।

सकारात्मक प्रतिसाद की प्रत्याशा में

इं. अशोक त्रिपाठी

मुख्यालय : गोयल निकेत, प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)
☎ : 0755-4273868, 4700406, 4700407, 4700408, 9893284868
दिल्ली कार्यालय : एस-557, हीरा कॉम्प्लेक्स, 203, द्वितीय तल, मुख्य मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-91
ई-मेल : dainiksamayjagat@gmail.com वेबसाइट : www.dainiksamayjagat.com

# बरुआसागर में 61 वर्षीय प्रमोद यादव मौत मामले में पत्नी और ससुर गिरफ्तार, आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप



**समय जगत, बरुआसागर।** झांसी के बरुआसागर थाना क्षेत्र की नई बस्ती में 61 वर्षीय प्रमोद यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मृतक के बेटे की पत्नी शिवानी यादव और उसके पिता भारत यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

दरअसल, रविवार रात नई बस्ती निवासी प्रमोद यादव (61) पुत्र सीताराम यादव मकान की छत की रेलिंग से फंदे पर लटके मिले थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके का जायजा लिया और जांच आगे बढ़ाई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी टहरौली रक्षपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए।

बेटे की शिकायत पर दर्ज हुआ था केस मृतक के बेटे निशान्त यादव ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी शिवानी यादव, साले अनुराग यादव उर्फ आशु और ससुर भारत यादव के खिलाफ शिकायत की थी। उसकी शादी 4 फरवरी 2026 को भारत यादव की बेटी शिवानी यादव से हुई थी। शादी के बाद पारिवारिक विवाद शुरू हो गया था। आरोप है कि उसे मानसिक रूप से परेशान किया जाता था और धमकी भी दी जाती थी।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 242/2026 दर्ज किया था। धारा 108 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

पत्नी और ससुर गिरफ्तार मंगलवार 8 सितंबर 2026 को शिवानी यादव (30) पत्नी भारत यादव निवासी बरुआसागर और भारत यादव (56) पुत्र स्वर्गीय जगदीश शरण यादव निवासी ग्राम बूढ़ा, थाना सीपरी बाजार, झांसी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह और महिला आरक्षी प्रवेश शामिल रहीं। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। हिंदी में स्लग लिखे।

# राजघाट परियोजना में श्रमिक उत्पीड़न का आरोप, भारतीय मजदूर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समय जगत, झांसी।** राजघाट बांध परियोजना, चंदेरी में कर्मचारियों के स्थानांतरण, वेतन कटौती तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कर्मचारियों पर कथित दबाव के विरोध में भारतीय मजदूर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के विभाग प्रमुख चन्द्र कांत चतुर्वेदी ने मुख्य अभियंता, बेतवा नदी परिषद को ज्ञापन भेजकर श्रमिक हितों की रक्षा और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। चतुर्वेदी ने कहा कि वर्षों से बांध के गेट संचालन का दायित्व संभाल रहे अनुभवी कर्मचारी आराम सिंह कुशवाहा एवं बेलदार फूल सिंह यादव का स्थानांतरण कर उनके स्थान पर नए संविदा कर्मियों को लगाने का प्रयास कर्मचारियों के हित में नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि ÷जब अनुभवी स्थायी कर्मचारी उपलब्ध हैं तो उनके स्थान पर अनुभवहीन संविदा कर्मियों को लगाने की आवश्यकता क्यों।

संघ ने धन्नूलाल रजक का अगस्त माह का वेतन काटे जाने, एलडीसी राजेश कुमार जैन का कार्य आउटसोर्स कर्मचारी को सौंपे जाने तथा जगभान सिंह एवं धन्नूलाल रजक की 20 अगस्त की वेतन कटौती पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, ÷श्रमिकों के अधिकारों पर कोई समझौता नहीं होगा। उत्पीड़न और दबाव की कार्रवाई बंद नहीं हुई तो भारतीय मजदूर संघ लोकतांत्रिक एवं वैधानिक तरीके से निर्णायक आंदोलन करेगा।

# हजारों बच्चों की नई साथी बनी मोहनलाल सुमन की एआई सुमन मैडम



**समय जगत, चिरगांव।** प्राथमिक विद्यालय बरल एवं कम्पोजिट विद्यालय बरल के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार का दिन ज्ञान, जिज्ञासा और रोमांच से भरा रहा। नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन द्वारा निर्मित 'एआई सुमन मैडम' से विद्यार्थियों ने संवाद किया और विज्ञान, मानव शरीर, ब्रह्मांड, समुद्र तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े अनेक सवाल पूछे विद्यार्थियों ने पूछा कि मानव की उत्पत्ति कब और कैसे हुई, मानव शरीर में कितने जोड़ होते हैं, ब्रह्मांड के रहस्य क्या हैं और समुद्र कितना गहरा है। एआई सुमन मैडम ने सरल एवं रोचक जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।बच्चों ने एआई को लेकर भी सवाल किए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है, एआई सवालों के जवाब कैसे देता है और रोबोट इंसानों की तरह बातचीत कैसे कर सकता है। इस दौरान एआई सुमन मैडम ने बच्चों को एआई की उपयोगिता और संभावनाओं से परिचित कराया।बच्चों की जिज्ञासा और ज्ञान का स्तर देखकर एआई सुमन मैडम ने भी उनसे आर्किमिडीज के सिद्धांत, पानी का रासायनिक सूत्र सहित विज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिए और यह संवाद उनके लिए सीखने का रोचक अनुभव बन गया।विद्यालय के शिक्षकों ने भी एआई सुमन मैडम से संवाद कर इस तकनीकी नवाचार को करीब से समझा। एआई और रोबोटिक्स के माध्यम से शिक्षा को अधिक रोचक, संवादात्मक और अनुभवात्मक बनाने का यह प्रयास विद्यालय में आकर्षण का केंद्र रहा।

ब्लॉक चिरगांव में एआरपी के पद पर कार्यरत मोहनलाल सुमन अपने नवाचार 'एआई सुमन मैडम' को जनपद के हजारों विद्यार्थियों तक पहुंचा चुके हैं। उनका उद्देश्य तकनीक को शिक्षा से जोड़कर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और सीखने की रुचि विकसित करना है। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बरल में प्रधानाध्यापिका रश्मि खरे के साथ रूबी मिश्रा, हरीश कुमारी एवं विद्यादेवी उपस्थित रहीं। कम्पोजिट विद्यालय बरल में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका आभा अग्रवाल के साथ अलका वर्मा, मंजू दुबे, पूर्णिमा तिवारी, उज्जमा परवीन, अनूप सोनी एवं लोकेंद्र सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा में भाजपा के युवा नेता का बढ़ा कद, डॉ. दिपांशु यादव दक्ष बने युवा प्रदेश महासचिव



**समय जगत, गुरसरांय।** सामाजिक सरोकारों, युवा सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों में अपनी पहचान बना चुके डॉ. दिपांशु यादव दक्ष, भसनेह (झांसी), हाल निवासी निवाड़ी को अखिल भारतीय युवा यादव महासभा, मध्यप्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से उनके समर्थकों एवं समाजजनों में उत्साह का माहौल है।

डॉ. यादव इससे पूर्व सामाजिक संगठन यादव उत्थान समिति' में जिलाध्यक्ष, झांसी तथा राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संगठन के विभिन्न स्तरों पर कार्य करते हुए उन्होंने समाज के लोगों, विशेषकर युवाओं के बीच निरंतर संपर्क और सहभागिता को मजबूत किया है। यही संगठनात्मक अनुभव अब उन्हें मध्यप्रदेश में नई जिम्मेदारी के निर्वहन में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा।

डॉ. यादव भारतीय जनता पार्टी से जुड़े युवा नेता के रूप में भी सक्रिय हैं। सार्वजनिक जीवन में उनकी सक्रियता और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच निरंतर संवाद ने उन्हें एक प्रभावी युवा चेहरे के रूप में पहचान दिलाई है। ऐसे में प्रदेश की युवा यादव महासभा में उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व मिलना उनके बढ़ते सामाजिक प्रभाव और संगठनात्मक क्षमता को रेखांकित करता है।

प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. यादव ने महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उनका प्रयास रहेगा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को रचनात्मक दिशा मिले तथा समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और उचित मंच उपलब्ध हो।

डॉ. यादव ने आगे कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की भागीदारी केवल सामाजिक कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व, जनजागरूकता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देनी चाहिए। प्रदेश महासचिव के रूप में वे मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में युवाओं से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को समझने और संगठन के माध्यम से समाजहित के विषयों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

उनकी नियुक्ति को झांसी-निवाड़ी अंचल के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्षेत्र से जुड़े एक सक्रिय युवा चेहरे को प्रदेश संगठन में जिम्मेदारी मिलने से स्थानीय स्तर पर भी इसे सकारात्मक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

सामाजिक संगठन में पूर्व महत्वपूर्ण दायित्वों के अनुभव और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े युवा नेता की सक्रिय पहचान के साथ मिली यह जिम्मेदारी डॉ. यादव के सार्वजनिक जीवन में बढ़ते प्रभाव और प्रदेश स्तर पर विस्तृत होती भूमिका का संकेत मानी जा रही है।

# छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के बताए उपाय




**समय जगत, गुरसराय।** नगर के खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी छात्राओं को दी गई।

प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी के संयोजन में थाना प्रभारी अखिलेश द्विवेदी के निर्देशन में साइबर सेल थाना गुरसरांय द्वारा साइबर अपराध से आजादी के तहत साइबर हेल्प लाइन के कांस्टेबल सूरज चौरसिया ने छात्राओं को 1930 एवं 112 नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि आप सही कार्य करें और सही दिशा में आगे बढ़े,कोई दिक्कत नहीं होगी।उन्होंने कहा कि अपना व्योरा किसी को ना बताएं।कोई घटना आपके साथ हो तो हेल्प लाइन नंबरों एवं थानै में अपनी सूचना अवश्य दें।पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहेगी।उन्होंने छात्राओं को संस्कार वान बनने एवं माता पिता तथा गुरुजनों की आज्ञा मानने की भी बात कही।

उनके साथ कांस्टेबल सचिन वर्मा एवं महिला कांस्टेबल आशी गौड़ उपस्थित रहीं।

इस मौके पर बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता,प्रवक्ता डॉ विवेक मुदगल, राजेश चंद्र,राजेन्द्र प्रसाद प्रदीप कुमार स्वर्णकार, सुनील व्यास,संजय दोन्दे रिया,राम प्रकाश पचौरी,सरजू शरण पाठक,रामसेवक गौतम,ऋतु सिंह,अर्चना मोदी,राजबहादुर सिंह,अमित प्रताप सिंह भदौरिया, अशोक आर्या,राकेश कुमार व्यास, सौरभ अग्रवाल,सुरभि पटेल,रजनी यादव,वर्षा गुप्ता, खुशबू जैन, सौरभ अग्रवाल,दीपा गुप्ता,पूजा निरंजन विवेक गुप्ता,मोनिका यादव कौशलेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पी.डब्लू.डी.नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग जनपद शाखा झांसी की बैठक सम्पन्न



**समय जगत, झांसी।** पी.डब्लू.डी.नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग जनपद शाखा झांसी की एक बैठक वरिष्ठ कर्मचारी नेता कुंदन लाल नेताजी की अध्यक्षता में संघ भवन में आयोजित की गई।

बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष श्री पंकज रायकवार ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विचार रखा साथ ही लंबित समस्याओं को निराकरण हेतु पत्राचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में सर्वश्री ब्रजकिशोर पाठक,पूरन सिंह परिहार,शिवसिंह चौहान सीताराम पाल सलाउद्दीन कुरैशी,नंदराम यादव,शिव चरण मेट,कमलेश वर्मा, कीरत राजपूत,धीरज सिंह,राजू कुशवाहा,गोटीराम,राहुल राजपूत सुखराम,सीताराम वर्मा,ओम प्रकाश पाल, सरमन,श्रीमती लक्ष्मी श्रीमती मालती श्रीमती पूनम आदि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संघ के जिला मंत्री श्री शुभाशीष मौर्य एवं सभी के प्रति आभार शिव सिंह चौहान ने व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब ऑफ झांसी एलीट ने किया शिक्षक रत्न सम्मान समारोह आयोजित



**समय जगत, झांसी।** रोटरी क्लब ऑफझांसी एलीट द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. ज्ञानेंद्र शुक्ला का रोटरी क्लब ऑफ झांसी एलीट की ओर से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब ऑफ झांसी एलीट के अध्यक्ष रोट. पवित्र हेमंत खन्ना के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण कर उन्हें जीवन की सही दिशा दिखाते हैं।

कार्यक्रम में रोट. विजयंत सूरी ने रोट्रैक्ट के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं युवा पीढ़ी में नेतृत्व तथा सेवा की भावना विकसित करने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी।

समारोह का संचालन रोट. डॉ. जानकी अग्रवाल एवं डॉ. अवनीत कौर ने किया। दोनों ने अपने प्रभावशाली संचालन से कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं रोचक बनाए रखा।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) मुकेश पाण्डेय ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक शिल्पकार हैं। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी न केवल अपने करियर में सफलता प्राप्त करते हैं, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण में भी योगदान देते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ झांसी एलीट द्वारा शिक्षकों के सम्मान के लिए किए गए इस प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोटरी क्लब के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रीति खन्ना, दीपिका खन्ना, उर्वशी सूरी, शिवानी खन्ना, वैभव खन्ना, मयंक अग्रवाल, आयुषी मुनोट, रजत सूरी, मिली सूरी, मानसी अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा मिश्रा एवं देवांगना मेहता सहित क्लब के अनेक सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता से आयोजन को सफल बनाया। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजन के समन्वय एवं व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग के लिए प्रो. सुनील कुमार कबिया एवं प्रो. पूनम पुरी का भी आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब ऑफझांसी एलीट के सचिव सीए निमेश खन्ना ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं रोटरी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि उनके अमूल्य योगदान के प्रति समाज की कृतज्ञता का प्रतीक है।

# विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस जिला ध्यक्ष झांसी रमेश शरण अग्रवाल की अध्यक्षता में मनाया गया




**समय जगत, झांसी।** विश्व हिन्दू परिषद माधव नगर प्रखण्ड के तत्वाधान में सुन्दर सदन हीरा पुरा नगरा में विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस रमेश शरण अग्रवाल जिला अध्यक्ष झांसी की अध्यक्षता में मनाया गया। जिला अध्यक्ष रमेश शरण अग्रवाल ने अपने उदबोधन मे विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना, इतिहास, पृष्ठभूमि, विकास के सम्बन्ध में बताया।

कैलाश नारायण मालवीय जिला संत्सग प्रमुख झांसी महानगर ने अपने आख्यान में बताया कि समाजिक समरसता एवं विश्व बन्धुत्व की भावना से ही बसुधैव कुटुम्बकम की स्थापना हो सकती है। निलय कुमार बोस जिला मंत्री ने कहा कि सेवा भावना सर्वोपरि है। विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 29 अगस्त 1964 में हुई थी। स्थापना दिवस में निम्न उपस्थित रहे। कामता प्रसाद प्रजापति समरसता प्रमुख माधव नगर प्रखण्ड, मोहित राजपूत जिला संयोजक बजरंग दल, विजय राजपूत, वासुदेव विश्वकर्मा, प्रदीप श्री वास्तव प्रखण्ड अध्यक्ष सीपरी प्रखण्ड, हरी कृष्ण बंसल प्रखण्ड मंत्री सीपरी प्रखण्ड, हरी शंकर शर्मा प्रखण्ड अध्यक्ष माधव नगर प्रखण्ड, खूबी राम प्रजापति प्रखण्ड सत्संग प्रमुख माधव नगर प्रखण्ड, संजय लिखधारी जिला कोषाध्यक्ष, राम बाबू त्रिपाठी, शंकर लाल शर्मा, आरिक परिहार आदि उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि रहे डॉ. संदीप सरावगी, भक्ति और संस्कृति का दिया संदेश



**समय जगत, झांसी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर झाँसी के खाती बाबा स्थित मनोज मैरिज गार्डन में भव्य ÷जलसा मेरे श्याम का÷ संकीर्तन महोत्सव एवं धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, कर्म, सत्य और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की निरंतर आवश्यकता है।

# महिला जनप्रतिनिधि हैं सकारात्मक बदलाव की शिल्पकार: मुख्यमंत्री

## सीएम ने कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को मिला नया आत्मविश्वास

**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधि बदलाव की केवल साक्षी नहीं, बल्कि बदलाव की शिल्पकार हैं। महिलाएं जब निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी करती हैं तो उनकी आवाज के साथ परिवार, समाज और राष्ट्र की आकांक्षाएं भी निर्णय के केंद्र तक पहुंचती हैं। महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, समावेशी और जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बल्लभगढ़ विधायक श्री मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक श्री धनेश अदलखा, नगर निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती उषा प्रियदर्शिनी, ओडिशा विधानसभा की स्पीकर सुरमा पाढ़ी भी मौजूद रहे। कार्यशाला में 20 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों की महिला विधायक एवं विधान परिषद सदस्य शामिल हुईं। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विचार-मंथन, नवाचार, विधायी कार्यप्रणाली, नेतृत्व, संवाद, नीति निर्माण और जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भूमिका से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय राहटकर तथा आयोग की पूरी टीम का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों के विधायी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और नीति निर्माण में प्रभावी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में आयोग का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला की थीम अपने आप में एक शक्तिशाली संदेश देती है। यह केवल एक शीर्षक नहीं, बल्कि एक विचार और संकल्प है कि महिलाएं बदलाव की साक्षी नहीं, बल्कि उसकी शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधि केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं, बल्कि वे समाज को दिशा देने वाली शक्ति, लोकतंत्र को संवेदनशील बनाने वाली आवाज और देश के भविष्य को आकार देने वाली नेतृत्व क्षमता का प्रतिनिधित्व करती हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला विधायकों का हरियाणा की ऐतिहासिक एवं पवित्र भूमि पर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर मानव समाज को कर्म, ज्ञान और कर्तव्य का संदेश दिया। हरियाणा की इस ऐतिहासिक भूमि पर देश के विभिन्न राज्यों की महिला जनप्रतिनिधियों का एक साथ आना भारत की लोकतांत्रिक विविधता, नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण के सामूहिक संकल्प का जीवंत संगम है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में विभिन्न राज्यों से आई महिला जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव, विचार और कार्यप्रणालियां साझा की हैं। अलग-अलग राज्यों में किए जा रहे सफल नवाचार दूसरे राज्यों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। अच्छी कार्यप्रणाली किसी



सीमा में बंधी नहीं रहती, बल्कि एक-दूसरे से सीखने के माध्यम से सुशासन को मजबूत करती है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा केवल कानून बनाने का स्थान नहीं है, बल्कि यह जनता की आवाज को नीति में बदलने का महत्वपूर्ण मंच है। एक प्रभावी विधायक की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि वह सदन में कितना बोलता है, बल्कि इससे होती है कि वह कितनी गहराई से विषयों को समझता है, तथ्यों का कितनी मजबूती से अध्ययन करता है और जनसमस्याओं के कितने व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को तथ्यों के साथ सदन में उठाना, विधेयकों पर गंभीरता से चर्चा करना और सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करना एक सजग जनप्रतिनिधि का मूल दायित्व है। महिला विधायक की भूमिका इससे भी व्यापक है, क्योंकि जब एक महिला विधायक सदन में बोलती है तो उसकी आवाज में केवल एक निर्वाचन क्षेत्र की अपेक्षाएं नहीं होतीं, बल्कि उस मां की चिंता, बेटी के सपने और महिलाओं के संघर्ष एवं आकांक्षाओं की आवाज भी शामिल होती है मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब महिलाओं की आवाज निर्णय प्रक्रिया में शामिल होती है तो नीतियों में संवेदना, निर्णयों में समावेशिता और शासन में न्याय की भावना मजबूत होती है। महिलाओं की भागीदारी केवल लोकतंत्र की तस्वीर नहीं बदलती, बल्कि लोकतंत्र के चरित्र को भी मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि जब किसी गांव की महिला सरपंच निर्णय लेने की मेज तक पहुंचती है तो केवल एक महिला उस मेज तक नहीं पहुंचती, बल्कि उसके साथ उस गांव की हजारों महिलाओं की आवाज भी पहुंचती है। इसी सोच के साथ हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देकर उनकी भागीदारी को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी की प्रभावी भागीदारी के बिना विकास की तस्वीर पूरी नहीं हो सकती। गांव की बेटी और बहू आज परिवार के साथ-साथ पूरे गांव के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जहां महिला नेतृत्व होता है, वहां पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है।

## सार-समाचार

### सफाई कर्मचारियों की मांगों पर सरकार गंभीरता से कर रही विचार : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है। सरकार ने सफाई कर्मचारियों की लगभग एक दर्जन मांगों को स्वीकार कर लिया है, जबकि शेष मांगों पर भी सरकार द्वारा सहानुभूतिपूर्वक और गंभीरता से विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को होडल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी प्रदेश की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके योगदान को सरकार समझती है। सरकार का प्रयास है कि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान बातचीत और आपसी सहमति के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि अनेक कर्मचारी काम पर वापस भी आए हैं। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से भी अपील की कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए अपना सहयोग बनाए रखें। प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सोच विचार आवश्यक कर रही है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से ड्यूटी पर लौटने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक श्री हरेंद्र सिंह, विधायक श्री कृष्ण कुमार, पूर्व मंत्री श्री मूलचंद शर्मा उपस्थित रहे।

### श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान में 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक होंगे धार्मिक समारोह

**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा सरकार ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व (गुरुपर्व) के पावन अवसर पर पाकिस्तान में 22 नवंबर, 2026 से 1 दिसंबर, 2026 तक आयोजित होने वाले धार्मिक समारोहों में भाग लेने के लिए सिख संगत से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा इस प्रस्तावित सिख जत्थे में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालुओं से आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक सिख श्रद्धालु अपने आवेदन 12 सितंबर, 2026 तक या उससे पहले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, कुरुक्षेत्र के पास जमा करवा सकते हैं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर पुलिस सत्यापन और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। प्रवक्ता ने आग्रह किया है कि सभी आवेदक निर्धारित समय के भीतर अपने पूर्ण विवरण के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके ही आवेदन जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधूरे आवेदनों या निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। समय सीमा के भीतर प्राप्त सभी आवेदनों को लागू नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए संसाधित किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा 17 से 20 सितंबर तक होगी आयोजित

**गुरुग्राम।** टेबल टेनिस के खिलाड़ियों को जिले में अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलने जा रहा है। हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से दूसरी राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 सितंबर तक सेक्टर-65 स्थित प्रज्ञानम स्कूल में किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से 400 से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेंगे। इच्छुक खिलाड़ियों को 13 सितंबर तक पंजीकरण कराना होगा। चार दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों के बीच मुकाबले होंगे। पुरुष वर्ग में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एकल वर्ग के मुकाबले होंगे। इसी तरह महिला वर्ग में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका एकल वर्ग में खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी। अलग-अलग आयु वर्गों में होने वाले मुकाबलों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी पहुंचेंगे। हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विकास अरोड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है। खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं और प्रतियोगिता के दौरान व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### एलीट अकादमी की टीम को मिली जीत

**गुरुग्राम।** एलिवेट स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान पर मंगलवार को एलीट अकादमी की टीम ने द हसलर्स की टीम को 6 विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी द हसलर्स की टीम ने 5 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलीट अकादमी की टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 202 रन बना लिए।

## त्योहारी सीजन में चलाई जाएंगी चार स्पेशल ट्रेनें



**दिल्ली, समय जगत।** त्योहारी सीजन में यात्रियों को रेलवे ने बड़ी राहत दी है। इस सीजन में चार आरक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें आनंद विहार टर्मिनल से लौकहा बाजार (बिहार) और पाटलिपुत्र के लिए दैनिक ट्रेनों के संचालन के साथ योगनगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर के बीच साप्ताहिक और हजरत निजामुद्दीन-दादर के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन सेवा शुरू होगी। इससे दिल्ली से बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और मुंबई जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। ट्रेन संख्या 04014/04013 आनंद विहार टर्मिनल-लौकहा बाजार-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल 16 सितंबर से 29 नवंबर तक आनंद विहार से और 17 सितंबर से 30 नवंबर तक लौकहा बाजार से रोजाना चलेगी। ट्रेन संख्या 04314/04313 योगनगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योगनगरी ऋषिकेश आरक्षित साप्ताहिक स्पेशल चार अक्तूबर से 29 नवंबर तक ऋषिकेश से और 5 अक्तूबर से 30 नवंबर तक मुजफ्फरपुर से चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 04002/04001 हजरत निजामुद्दीन-दादर-हजरत निजामुद्दीन आरक्षित सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल 13 अक्तूबर से 24 नवंबर तक निजामुद्दीन से और 15 अक्तूबर से 26 नवंबर तक दादर से चलेगी। यह ट्रेन मंगलवार को निजामुद्दीन से और बृहस्पतिवार को दादर से चलेगी। 04096/04095 आनंद विहार टर्मिनल-पाटलिपुत्र-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित स्पेशल ट्रेन 1 अक्तूबर से 29 नवंबर तक आनंद विहार और 2 अक्तूबर से 30 नवंबर तक पाटलिपुत्र से चलेगी।

## 16 आईएएस, 10 एचसीएस अधिकारियों के हुए तबादले

**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए तुरन्त प्रभाव से 16 आईएएस और 10 एचसीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं इस सम्बंद में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आदेश जारी किये हैं। आईएएस अधिकारियों में श्री राजीव रंजन, जो वर्तमान में प्रधान सचिव, श्रम विभाग के पद पर कार्यरत हैं, को मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सुश्री अमनीत पी. कुमार, जो वर्तमान में भविष्य विभाग, विदेश सहयोग विभाग तथा खेल विभाग के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत हैं, को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, भविष्य विभाग तथा खेल विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। श्री शेखर विद्यार्थी, जो वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा महानिदेशक, अग्निशमन सेवाएं, हरियाणा के पद पर कार्यरत हैं, को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। श्री जे. गणेशन, जो वर्तमान में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग



तथा नागरिक संसाधन सूचना विभाग के आयुक्त एवं सचिव, सभी के लिए आवास विभाग के महानिदेशक एवं सचिव, हरियाणा एआई विकास परियोजना (एचएआईडीपी) तथा हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एचसीएपीएसडी) एवं अन्य बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए गठित एसपीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हारट्रॉन के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, को नागरिक संसाधन सूचना विभाग का आयुक्त एवं सचिव, एचएआईडीपी, एचसीएपीएसडी एवं अन्य बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए गठित एसपीवी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग का महानिदेशक एवं सचिव तथा महानिदेशक, शहरी संपदा नियुक्त किया गया है। श्री अशोक कुमार मीणा, जो वर्तमान में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा विदेश सहयोग विभाग के महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं, को शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा विदेश सहयोग विभाग का आयुक्त एवं सचिव नियुक्त किया गया है। श्री चन्द्र शेखर खरे, जो वर्तमान में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के मुख्य प्रशासक के पद पर कार्यरत हैं, को हैफेड का प्रबंध निदेशक तथा सभी के लिए आवास विभाग का महानिदेशक एवं सचिव नियुक्त किया गया है। सुश्री शरणदीप कौर बराड़, जो वर्तमान में हरियाणा राज्य भंडारण निगम की प्रबंध निदेशक हैं, को शहरी स्थानीय निकाय विभाग का महानिदेशक एवं सचिव तथा राज्य शहरी आजीविका मिशन एवं राज्य शहरी विकास प्राधिकरण की मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है। श्री मनी राम शर्मा, जो वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं, को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का सचिव तथा मुख्य चकबंदी आयुक्त नियुक्त किया गया है। श्री राजनारायण कौशिक, जो वर्तमान में कृषि विभाग के महानिदेशक तथा हरियाणा बीज विकास निगम के प्रबंध निदेशक हैं, को हारट्रॉन का प्रबंध निदेशक तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने विधायक हरेंद्र सिंह की दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को होडल पहुंचकर विधायक श्री हरेंद्र सिंह की माता स्वर्गीय श्रीमती गिर्राजो देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने विधायक श्री हरेंद्र सिंह सहित शोक संतप्त परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।

## वन मित्रों की बकाया राशि 15 सितंबर तक जारी करने के निर्देश

**चंडीगढ़, समय जगत।** हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वन मित्रों की वित्तवर्ष 2025-26 और 2026-27 की मैनटेनेंस की बकाया राशि का भुगतान 15 सितंबर तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला वन अधिकारियों (डीएफओ), जो आहरण एवं वितरण अधिकारी भी हैं, को इस संबंध में स्पष्ट एवं सख्त निर्देश जारी करने को कहा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि किसी भी मामले में डीएफओ की मनमानी नहीं चलेगी। वन मित्र पौधारोपण अभियान में वन विभाग और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वन मित्रों को निजी भूमि के साथ-साथ वन विभाग की भूमि पर भी पौधारोपण की अनुमति दी जानी



चाहिए, ताकि प्रदेश में हरित क्षेत्र बढ़ाने और 'हरित हरियाणा' के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से साकार किया जा सके। वन एवं पर्यावरण मंत्री आज वन मित्रों की मांगों से संबंधित लंबित मुद्दों को लेकर विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. के.सी. मीणा, श्री टी.पी. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 के दौरान 635 वन मित्रों द्वारा करीब 4 लाख पौधे लगाए गए। इनमें से 2 लाख 14 हजार 992 पौधों का सत्यापन पोर्टल पर विवरण अपलोड करने के बाद वन रक्षकों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। राव नरबीर सिंह ने निर्देश दिए कि वन मित्रों के रूप में पंजीकरण के लिए पोर्टल को 30 सितंबर 2026 तक खुला रखा जाए। उन्होंने पहले से पंजीकृत वन मित्रों से भी अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को भी वन मित्र के रूप में पंजीकृत करने की पहल करने के निर्देश दिए।

## शिक्षा से आत्मविश्वास के साथ होता है चरित्र निर्माण: मुख्यमंत्री नायब सिंह

**चण्डीगढ़, समय जगत।** वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से देशभर में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'विकसित भारत क्विज' का आयोजन किया जा रहा है। ''माय भारत'' पोर्टल के माध्यम से आयोजित इस पहल में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव के स्वरूप में बदलाव करते हुए इसका नाम 'विकसित भारत युवा संवाद' रखा गया है। इसके माध्यम से देशभर के युवाओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय एकता, युवा सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता को ब?ावा दिया जाएगा तथा विकसित भारत/2047 के विजन के अनुरूप युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 'विकसित भारत क्विज' 22 भाषाओं में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं में भारत के प्रति ज्ञान, जिज्ञासा और जागरूकता ब?ना तथा उन्हें देश के भविष्य से जु? महत्वपूर्ण विषयों पर विचार करने के लिए प्रेरित करना है। इसके माध्यम से भारतीय विविधता, देश की उपलब्धियों, विकास



तथा विकसित भारत/2047 की परिकल्पना से जुड़े विषयों पर युवाओं के सामान्य ज्ञान एवं समझ का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत चैलेंज ट्रैक पांच चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण क्विज 30 सितम्बर, 2026 तक, द्वितीय चरण निबंध 05 से 09 अक्तूबर, 2026 तक तृतीय चरण जिला चैंपियनशिप 10 से 16 नवम्बर, 2026 तक, चतुर्थ चरण राज्य विकसित भारत युवा संवाद 17 नवम्बर से 07 दिसम्बर, 2026 तक तथा पांचवां चरण राष्ट्रीय संवाद 10 से 12 जनवरी, 2027 तक होगा। चैलेंज ट्रैक के दौरान युवाओं को भविष्य का शासन, शहरी विकास एवं नागरिक सेवाएं, जलवायु सुरक्षा, जनसांख्यिकीय लाभांश, मानव पूंजी एवं युवा विकास, सतत औद्योगिकीकरण, उद्यमिता एवं हरित विकास, जनजातीय नेतृत्व, समावेशी विकास, नवाचार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी, रोजगार क्षमता, डिजिटल अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय संवाद इस पूरी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण होगा।

## जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी पर दर्ज प्रकरण वापस लेने की उठी मांग

### जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को दिया गया ज्ञापन, मवेशियों की समस्या का समाधान कराने दिया जाएगा धरना

**समय जगत, भोपाल।** मध्यप्रदेश के श्हडोल जिले के ब्योहारी क्षेत्र के गांवों में आवारा मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान और उनके लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की मांग को लेकर जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-2 के ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पूर्व से निर्धारित गोठान एवं चरागाह भूमि को खाली कराकर मवेशियों के लिए सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता दुर्गेश तिवारी के खिलाफ दर्ज प्रकरण को निरस्त करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में 19 और 21 अगस्त को कलेक्टर को आवेदन देकर प्रत्येक गांव में मवेशियों के लिए निर्धारित एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। इसके बाद 27 अगस्त को एसडीओपी ब्यौहारी को भी ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन के अनुसार ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 31 अगस्त को सभी गांवों के मवेशियों एवं किसानों को लेकर तहसील परिसर पहुंचेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया और रास्ता अवरुद्ध किया गया। ज्ञापन में



पुलिस द्वारा किसानों एवं महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बाद में तहसीलदार ब्यौहारी ने समस्याओं के समाधान के लिए 10 दिन का आश्वासन दिया था, लेकिन इसी बीच जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को झूठा बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने किसानों की मांगों पर कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञानवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा दुर्गेश तिवारी, पुष्पेन्द्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से 15 सितंबर तक गोठान एवं चरागाह भूमि को खाली कराकर नवशियों के लिए सुरक्षित व्यवस्था किए जाने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर 16 सितंबर को सुबह 10-30 बजे तहसील ब्यौहारी परिसर में शांतिपूर्ण धरना देने की चेतावनी दी गई है।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री की वड़ोदरा सभा के हैं खास मायने

प्रधानमंत्री ने गत दिवस गुजरात के वड़ोदरा में विशेष सभी को संबोधित किया। भारतीय राजनीति में लंबे समय तक जनसभा का अर्थ था मंच, माइक, भाषण और तालियां नेता बोलता था और जनता सुनती थी। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार ने इस व्यवस्था को बदल दिया है। आज युवा नेता का भाषण सुनने के बजाय उसके छोटे वीडियो देखता है, उसके वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देता है और उसी समय अपनी राय भी सार्वजनिक कर सकता है। राजनीतिक दलों को अब केवल सभा आयोजित करने से संतुष्टि नहीं मिल सकती। उन्हें यह समझना पड़ रहा है कि युवा किस भाषा में बात सुनना चाहता है और किस माध्यम से राजनीतिक संदेश उसके पास पहुंच सकता है। वडोदरा का आयोजन इसी बदलाव का उदाहरण रहा। प्रधानमंत्री का रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचना प्रतीकात्मक रूप से उस दूरी को कम करने की कोशिश थी जो आमतौर पर बड़े मंच और दर्शकों के बीच होती है। लोकप्रिय गीतों का इस्तेमाल भी यह बताता है कि राजनीतिक आयोजनों की प्रस्तुति में मनोरंजन और युवाओं की सांस्कृतिक पसंद को जगह मिल रही है। राजनीति की भाषा गंभीर रह सकती है, लेकिन उसका माध्यम अब बदल रहा है। यह बदलाव केवल भाजपा तक सीमित नहीं है। कांग्रेस भी छात्रों और युवाओं के बीच सीधे संवाद का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी की सोशल मीडिया गतिविधियां और छात्र-केंद्रित कार्यक्रम इस बात के संकेत हैं कि विपक्ष भी नई पीढ़ी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से युवाओं और किशोरों के साथ संवाद कार्यक्रमों पर बढ़ता जोर भी इसी व्यापक बदलाव का हिस्सा है। इसका अर्थ साफ है कि जेन-जी अब भारतीय राजनीति का ऐसा वर्ग है, जिसे कोई भी बड़ा राजनीतिक संगठन नजरअंदाज नहीं कर सकता। युवाओं की राजनीतिक अहमियत केवल इसलिए नहीं बढ़ी है कि वे सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। उनकी संख्या भी चुनावी गणित को प्रभावित करने वाली है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की हिस्सेदारी करीब 22.78 प्रतिशत बताई गई थी। यानी लगभग हर चार मतदाताओं में एक युवा था । आने वाले विधानसभा चुनावों में भी यह वर्ग राजनीतिक दल के लिए निर्णायक भूमिका निभा सकता है। क्यों कि अगले कुछ महा में ही देश के लगभग 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने हैं।

# आपदाओं से निपटने जरूरी है आधुनिक तकनीकों का विकास

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

आज संवाद या विचार का विषय यह नहीं रह गया है कि नेपाल त्रासदी में कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है या कितनी जन-धन हानि हुई है अपितु यह हो जाता है कि इस तरह की त्रासदी से निपटने के लिए हम कहां तक तैयार है। सवाल यह भी है कि ऐसे हालात क्यों होते जा रहे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के देशों के लिए नेपाल त्रासदी को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी। 2020 की कनाडा की रॉक स्लाइड और 2023 की सिक्किम में साउथ ल्होनक झील की ग्लेशियल फटने की घटना हमारे सामने हैं। यह कोई पहली या अंतिम घटनाएं नहीं हैं अपितु देखा जाएं तो यह समय रहते प्रयास नहीं किये गये तो ऐसी घटनाओं की आवृति जल्दी जल्दी और अतिविनाशकारी होगी, इससे नकारा नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले सालों में जिस तरह से प्रकृति का विकराल रुप देखने को मिल रहा है वह चाहे तूफानों के रुप में हो, चाहे जंगलों में लगती आग के कारण हो, ग्लेशियरों के पिघलने की हो, ग्लेशियलों के फटने की हो, भूकंपों की हो, बैमौसम आंधी बरसात की हो, अतिवृष्टि या अनावृष्टि की हो, मौसम चक्र में भले ही आंशिक परिवर्तन की हो या समुद्री तूफानों की बढती फ्रिक्वेंसी की हो बेहद गंभीर हो जाती है। वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की लगातार चेतावनी को नजरअंदाज करने का ही परिणाम है कि नेपाल जैसी त्रासदियां आम होती जा रही है। यह केवल नेपाल या इससे जुड़े क्षेत्र के लिए ही गंभीर हालात नहीं हैं अपितु अमेरिका, चीन, भारत सहित दुनिया के दस देश नेपाल जैसी त्रासदी के मुहाने पर खड़े हैं। ग्लेशियल के फटने या यों कहें किग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी कि ग्लोफ जैसे हालात कभी भी इनके दायरें में आने वाले देशों में हो सकते हैं। यह भी सही है कि अभी तक भारत-नेपाल ही नहीं दुनिया के इस दायरें में आने वाला कोई भी देश इन आपदाओं से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं हो सके हैं। जानकारों की मानें तो भारत, चीन, पाकिस्तान, पेरु के एक करो? 50 लाख लोग इनके दायरें में सीधे सीधे आ रहे हैं। यह वह लोग है जो इन ग्लेशियलों के एक किलोमीटर से 10 किलोमीटर के दायरें में रह रहे हैं। आज ग्लोफ खतरें के दायरें में भारत, पाकिस्तान, कनाडा, पेरु, अमेरिका, चिली, इटली, नेपाल और कोलंबिया आए हुए हैं। उत्तराखंड त्रासदी हमारे सामने हैं और उस त्रासदी के परिणाम सामने होने के बावजूद लगभग साल दर साल भूस्खलन के मामले हर सीजन में सामने आ रहे हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि प्रकृति से एक सीमा से अधिक खिलवाड़ किया जाता है तो विकृति का सामना हमें करना ही पड़ेगा। जीवनदायी यही प्रकृति अपने विकराल रुप में पलटवार करती है। ऐसे में समय के साथ सबक लेना जरुरी हो जाता है। आज सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की बात तो की जाती है पर उस पर अमल पूरी तरह से हो नहीं पा रहा है। विशेषज्ञों की माने तो हालात यही रहे तो सदी के अंत तक समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक ब? सकता है। तो दूसरी और अभी से समुद्र तटीय कई शहर डूबने की जद में आने की चेतावनियां दी जा रही है।

नेपाल की हालिया त्रासदी का कारण ग्लेशियल का फटना माना जा रहा है। दरअसल ग्लेशियर और ग्लेशियल में हमें भेद करके चलना होगा। ग्लेशियर भौगोलिक संरचना होती है। यह पहाड़ों और ध्रुवों पर लंबे समय से जमा बर्फ खण्ड होते हैं। यह अपने गुरुत्वाकर्षण के कारण जमे रहते हैं पर जलवायु परिवर्तन और तापमान के बढने के कारण आज बड़ी मात्रा में ग्लेशियर के पिघलने की गति तेज होती जा रही है। दरअसल ग्लेशियरों के बड़े खण्डों के पिघल कर गिरने से ग्लेशियल झील बनती हैं। ग्लेशियल झील बन जाती है इसे हिमनदी झील भी कह सकते हैं। नेपाल की हालिया त्रासदी ग्लेशियल झील के फटने के कारण ही हुई है। वैज्ञानिकों की माने तो ग्लेशियलों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है। यदि हम हिमालय क्षेत्र की ही बात करें तो सतलुज बेसिन में 2019 में 560 ग्लेशियल झीलें थी जो चार साल यानी की 2023 तक 1048 हो गई हैं। नेपाल त्रासदी ग्लेशियल लेक आदटबर्स्ट फ्लड यानी की ग्लोफ का परिणाम है। साधारण शब्दों में कहा जाएं तो यह ग्लेशियल झील के फटने का परिणाम है। ऐसा नहीं है कि वैज्ञानिक इन हालातों पर नजर नहीं रख रहे हो बल्कि देखा जाएं तो लीड्स विश्वविद्यालय के ग्लेशियल फ्लडिंग के विशेषज्ञ डॉ. जानाथन कारीविक पहले ही चेता चुके हैं। हमारे देश के ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के विशेषज्ञों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी को रिपोर्ट प्रस्तुत कर हालात से रुबरु कराने के साथ ही ठोस सुझाव भी दिए हैं। दरअसल एक सीमा से अधिक प्रकृति से छेड़छाड़ का ही परिणाम इस तरह की त्रासदियां होती हैं। आज लाख चेतानें के बावजूद सतलुज बेसिन में बांधों के साथ साथ विद्युत परियोजनाओं सहित विकास परियोजनाओं का दखल ब?ा है। एक सीमा से अधिक मानवीय दखल बढ़ी है। इससे तापमान में स्वाभाविक रुप से ब?ोतरी होने के साथ ही अपशिष्ट भी फैल रहा है। दरअसल प्रकृति से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से छेडछाड़ बढ़ रही है। एनडीएमए ने साफ साफ कहा है कि सतलुज बेसिन में नए निर्माण कार्यो या नई परियोजनाओं की स्वीकृति से पहले उनके परिणामों का भली प्रकार से अध्ययन और विश्लेषण किया जाएं।

# विनोबा भावे के भूदान एवं सर्वोदय में सबका विकास संभव


## नजरिया

**जब कोई राष्ट्र आर्थिक समृद्धि, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा की ओर बढ़ता है, तब उसके सामने एक बड़ा प्रश्न खड़ा होता है-क्या विकास केवल भौतिक उपलब्धियों का नाम है अथवा मनुष्य के भीतर नैतिकता, करुणा, सह-अस्तित्व और जिम्मेदारी का विकास भी उसका अनिवार्य हिस्सा है? आज भारत 'नया भारत', 'विकसित भारत' और 'समृद्ध भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में आचार्य विनोबा भावे का जीवन और चिंतन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव मनुष्य का चरित्र है। 11 सितंबर को विनोबा भावे की जयंती है। उनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। वे महात्मा गांधी के निकट सहयोगी, स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक, अध्यात्मद्रष्टा और सर्वोदय आंदोलन के प्रणेता थे। लेकिन उन्हें केवल गांधीजी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के रूप में देखना उनके विराट व्यक्तित्व को सीमित करना होगा।**

**ललित गर्ग**

विनोबा की अपनी स्वतंत्र वैचारिक भूमि थी। वे संत ज्ञानेश्वर और संत तुकाराम से प्रेरित थे, भगवद्गीता उनके जीवन का आध्यात्मिक आधार थी और समाज-परिवर्तन उनके चिंतन का व्यावहारिक पक्ष। विनोबा का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने आध्यात्मिकता को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ा। भूदान आंदोलन इसका अद्भुत उदाहरण है। वे गाँव-गाँव पैदल गए और भूमिधरों से अपनी भूमि का एक हिस्सा भूमिहीनों के लिए दान करने का आग्रह किया। यह केवल भूमि का हस्तांतरण नहीं था, बल्कि स्वामित्व की मानसिकता से साझेदारी की चेतना की ओर बढ़ने का प्रयास था। आगे चलकर भूदान से ग्रामदान की अवधारणा विकसित हुई-'सारी भूमि गोपाल की।' इसमें आर्थिक न्याय के साथ सामाजिक समरसता और नैतिक उत्तरदायित्व का संदेश छिपा था। विनोबा का विश्वास था कि समाज को केवल कानूनों से नहीं, अंतरात्मा के जागरण से बदला जा सकता है। यही दृष्टि उन्हें सर्वोदय तक ले गई-ऐसा समाज जिसमें विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और किसी के उत्थान की कीमत दूसरे के शोषण से न चुकानी पड़े। चंबल के डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना उनके नैतिक नेतृत्व की शक्ति का प्रमाण था। उनके भीतर ऐसा विश्वास था कि मनुष्य मूलतः परिवर्तनशील है, आवश्यकता उसके भीतर की अच्छाई को जगाने की है।

विनोबा भावे और अणुव्रत आंदोलन के प्रणेता आचार्य तुलसी के बीच भी इसी नैतिक चेतना की गहरी साम्यता थी। जब आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से व्यक्ति-निर्माण और नैतिक जागरण का अभियान प्रारंभ किया, तब अनेक राष्ट्रीय व्यक्तित्वों ने उनके प्रयासों को सहयोग और समर्थन दिया। विनोबा भावे उनमें प्रमुख थे। दोनों महापुरुष समय-समय पर मिलते रहे और देश के निर्माण में नैतिक मूल्यों की अनिवार्यता पर गंभीर विचार-विमर्श करते रहे। उनकी दृष्टि में राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था तभी स्वस्थ हो सकती है, जब उनका संचालन नैतिक मनुष्य के हाथों में हो। दोनों की पदयात्राओं में भी एक आत्मीय जुड़ाव दिखाई देता है। पदयात्रा उनके लिए केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने का माध्यम नहीं थी, वह जन-संपर्क, जन-जागरण और आत्म-संपर्क की साधना थी। विनोबा कहा करते थे कि पैदल चलने से धरती का स्पर्श होता है और प्रकृति के साथ संबंध गहरा होता है। उनके विचारों की यह अनुभूति मुझे स्वयं भी हुई। अणुव्रत आंदोलन के प्रणेता आचार्य तुलसी के साथ अनेक वर्षों तक पैदल चलने का अवसर मिला। मैंने अनुभव किया कि पैदल यात्रा केवल शरीर को गतिशील नहीं करती, वह मन और मस्तिष्क के बंद द्वार भी खोलती है। रास्ते में



मिलने वाला सामान्य व्यक्ति भी शिक्षक बन जाता है और जीवन स्वयं एक खुली पाठशाला बन जाता है। मेरे परिवार का विनोबा भावे से जुड़ा एक प्रसंग आज भी मेरे लिए अत्यंत भावपूर्ण है। मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूप गर्ग और माता स्व. श्रीमती सत्यभामा गर्ग सर्वोदय कार्य से जुड़े हुए थे। वर्ष 1959 में विनोबा भावे पदयात्रा करते हुए अजमेर आए। उन्हें जानकारी मिली कि उनकी कार्यकर्त्री सत्यभामा गर्ग कैंसर से पीड़ित हैं और जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही हैं। वे उनसे मिलने इमली मोहल्ले की संकरी गलियों से होते हुए तीसरी मंजिल तक गए और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। यह घटना बताती है कि विनोबा का नेतृत्व केवल बड़े मंचों और आंदोलनों तक सीमित नहीं था। वे व्यक्ति के दुख को अपना दुख मानने वाले करुणाशील संत थे। इसी क्रम में अजमेर के निकट हटूंडी में आयोजित सर्वोदय सम्मेलन का प्रसंग भी उल्लेखनीय है। मेरे पिता सर्वोदय के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उस सम्मेलन में वे आचार्य तुलसी के शिष्य मुनि राकेश कुमार जी को भी लेकर गए। वहां विनोबा भावे के साथ उनकी लंबी और सार्थक चर्चाएँ हुई। यह केवल दो विचारधाराओं का संवाद नहीं था, बल्कि उस समय के दो नैतिक प्रवाहों का मिलन था-सर्वोदय की सामाजिक चेतना और अणुव्रत की व्यक्तिगत नैतिक साधना। दोनों का लक्ष्य अंततः एक ही था-मनुष्य बदले, समाज बदले और राष्ट्र नैतिक शक्ति के आधार पर आगे बढ़े।

विनोबा का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महान व्यक्तित्वों का मूल्यांकन उनकी उपलब्धियों के साथ उनकी मानवीय सीमाओं और ऐतिहासिक संदर्भों में भी होना चाहिए। आपातकाल के दौरान उनके 'अनुशासन पर्व' संबंधी कथन ने उनके सार्वजनिक जीवन पर प्रश्न भी खड़े किए। किंतु किसी एक राजनीतिक प्रसंग से उनके पूरे जीवन के सामाजिक, आध्यात्मिक और रचनात्मक योगदान को नकारना उचित नहीं होगा। महापुरुषों को मूर्ति बनाकर पूजना जितना आसान है, उनके विचारों को आलोचनात्मक समझ के साथ जीवन में उतारना उतना ही कठिन। विनोबा ने अपने जीवन के अंतिम चरण में जैन धर्म की संलेखना-संथारा की भावना से प्रेरित होकर भोजन और दवा का त्याग किया और 15 नवंबर 1982 को देह का परित्याग किया। उनका जीवन कर्म, चिंतन, त्याग और लोकमंगल की निरंतर यात्रा था। आज भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह मजबूत कर रहा है। डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप, विज्ञान और तकनीक हमें नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। लेकिन विकसित भारत का वास्तविक अर्थ तब पूरा होगा, जब विकास के साथ विवेक भी बढ़े, संपन्नता के साथ संवेदना बढ़े और अधिकारों के साथ कर्तव्यबोध भी मजबूत हो। यही वह स्थान है जहां विनोबा आज भी हमारे समकालीन बन जाते हैं। भूदान आज भूमि से आगे बढ़कर संसाधनों के न्यायपूर्ण उपयोग का संदेश बन सकता है। ग्रामदान आज सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय विकास की प्रेरणा बन सकता है। सर्वोदय आज 'सबका विकास' को केवल नारे से आगे ले जाकर सामाजिक समरसता का आधार बन सकता है और अणुव्रत की चेतना आज सार्वजनिक जीवन में चरित्र, संयम और नैतिक अनुशासन की आवश्यकता को रेखांकित कर सकती है। विनोबा जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके जीवन को इतिहास की पुस्तक में बंद न करें, बल्कि नए भारत के चरित्र-निर्माण की परियोजना से जोड़ें। भारत को विकसित बनाने के लिए हमें केवल तेज गति से चलने वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि सही दिशा में चलने वाला मनुष्य चाहिए। विनोबा की पदयात्रा का यही सबसे बड़ा संदेश है-राष्ट्र की यात्रा बाहर से नहीं, भीतर से शुरू होती है।

भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। इस तरह विनोबा जाति की संकीर्ण दीवारों को तोड़ना चाहते थे, वे कहा करते थे जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी।÷ वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं। विनोबा चरित्र क्रांति के साथ-साथ विचार-क्रांति के पुरोधा रहे। उनके द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी इन्हीं महापुरुषों के योगदान के कारण पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है।

# चेक बाउंस में तकनीक बने समाधान

**डॉ. सुधीर कुमार**

**देश की अदालतों में करोड़ों लंबित मामलों में से एक-तिहाई से ज्यादा हिस्सेदारी अकेले नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 यानी चेक बाउंस के मामलों की है। सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला अदालतों तक, चेक बाउंस के लाखों मामले लंबित हैं। कानूनी जानकारों का मानना है कि इनमें से अधिकांश विवाद वित्तीय लेन-देन से जुड़े असंतोष या छोटी-मोटी चूकों के कारण होते हैं। इसके बावजूद, एक साधारण-सा चेक बाउंस होने पर कानूनी नोटिस भेजने से लेकर अदालत में समन जारी होने, गवाही, जिरह और फैसले तक पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं।**



सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई मामलों में माना है कि इन मुकदमों का अंतहीन चलना व्यापारिक जगत और न्यायपालिका, दोनों के लिए घातक है। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण और लैंडमार्क फैसले हैं। अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लिए गए मामले 'इन री- एक्सपीडिशियस ट्रायल ऑफ केसेज अंडर सेक्शन 138 ऑफ एनआई एक्ट, 1881 (2020)' में बड़ी बेंच ने इस बात पर गंभीर चिंता जताई थी कि देश की अदालतों में चेक बाउंस के लाखों मामले लंबित हैं और इनका अंतहीन चलना न्याय व्यवस्था व व्यापारिक माहौल, दोनों के लिए घातक है। इसके साथ ही, 'दशरत रूपसिंह राठौड़ बनाम महाराष्ट्र' (2014) के ऐतिहासिक मामले में भी न्यायालय ने यह रेखांकित किया है कि पारंपरिक मुकदमेबाजी में वादी और प्रतिवादी, दोनों का धन, समय और मानसिक सुकून नष्ट होता है। न्यायालयों ने कई बार मध्यस्थता और त्वरित न्याय प्रणालियों पर जोर दिया है, क्योंकि जिस मामले को बैंक स्तर पर या चंद दिनों में सुलझाया जा सकता है, उसे वर्षों तक कचहरी के चक्कर कटवाए जाते हैं। इस स्थिति में हमें लीक से हटकर सोचना होगा और एक ऐसा क्रांतिकारी मॉडल अपनाना होगा, जो पूरी तरह तकनीक पर आधारित हो। यहां एक अनूठा और आधुनिक तरीका काम आ सकता है–'स्मार्ट-ब्रीच ऑटो-रेज़ोल्यूशन पोर्टल'। कल्पना कीजिए कि जैसे ही किसी व्यक्ति का चेक बैंक में अपर्याप्त राशि के कारण बाउंस होता है, पारंपरिक कागजी प्रक्रिया शुरू होने के बजाय एक स्वचालित डिजिटल ट्रिगर सक्रिय हो जाए। इस नए मॉडल के तहत, बैंक स्तर पर ही एक ऐसा स्मार्ट सॉफ्टवेयर काम करे, जो तुरंत संबंधित व्यक्ति के खाते से एक निश्चित डिजिटल पेनल्टी और मूल राशि का आंशिक या पूर्ण ट्रांसफर सुनिश्चित करे; बशर्ते दोनों पक्षों के बीच पहले से डिजिटल एग्रीमेंट हो। यदि राशि को लेकर विवाद है, तो मामला सीधे कोर्ट जाने के बजाय ऑनलाइन डिस्प्यूट रेजोल्यूशन प्लेटफॉर्म पर डायवर्ट हो जाए। ऑनलाइन डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक ऐसा वर्चुअल कोर्ट रूम या मध्यस्थता मंच है, जहां कोई वकील, कोई तारीख और कोई कागजी फाइल नहीं होती। दोनों पक्ष घर बैठे अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर के जरिए अपने दस्तावेज अपलोड करते हैं। एक प्रशिक्षित एआई-असिस्टेड मीडिएटर या डिजिटल एल्गोरिद्म दोनों पक्षों के डिजिटल रिकॉर्ड को खंगालकर 7 से 15 दिनों के भीतर एक बाध्यकारी समझौता प्रस्ताव तैयार कर देता है। यदि कोई पक्ष इसका उल्लंघन करता है, तो उसका क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो इंडिया लिमिटेड यानी सिबिल स्कोर स्वतः डाउन हो जाता है और उसके अन्य बैंक खातों पर स्वचालित डिजिटल होल्ड लग जाता है। यह तरीका न केवल अदालतों का बोझ कम करेगा, बल्कि आम आदमी को मानसिक तनाव से भी मुक्ति दिलाएगा।

डिजिटल न्याय प्रणाली की सफलता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी समझ, इंटरनेट और स्मार्टफोन की कमी जैसी व्यावहारिक बाधाओं को दूर करना आवश्यक है। ग्राम स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से डिजिटल हेल्प डेस्क बनाए जाने चाहिए, ताकि मुफ्त या कम शुल्क में तकनीकी सहायता मिल सके। जब तक डिजिटल साक्षरता और समावेशी मॉडल विकसित नहीं होंगे, तब तक न्याय का स्थानीयकरण अधूरा रहेगा। कानूनी ढांचे में दूरगामी बदलाव करते हुए सबसे पहले चेक बाउंस जैसे मामलों में प्री-लिटिगेशन मेडिएशन को अनिवार्य किया जाना चाहिए, जिससे बैंक खाते से संदेश आते ही 15 दिनों की ऑनलाइन बातचीत के जरिए आधे से अधिक मामले अदालत पहुंचने से पहले ही सुलझ सकें। इसके साथ ही, कंपाउंडिंग यानी समझौते के नियमों का स्वतः क्रियान्वयन लागू होना चाहिए, ताकि आरोपी द्वारा डिजिटल माध्यम से मूल राशि व हर्जाना जमा करते ही, बिना अदालती चक्कर और जज की अनुमति के, मामला स्वतः समाप्त होकर सिस्टम से केस क्लोजर रिपोर्ट जारी हो सके। चेक बाउंस के मामलों में लोग जेल जाने के डर से भागते फिरते हैं या कानून की कमजोरियों का फायदा उठाकर वर्षों तक तारीखें लेते रहते हैं। हमें जेल भेजने की पुरानी ब्रिटिशकालीन मानसिकता से बाहर निकलकर कड़े वित्तीय दंड और दीर्घकालिक सिबिल पाबंदियों को सबसे बड़ा हथियार बनाना होगा। जानबूझकर चेक बाउंस करने वालों पर चेक राशि का 3 से 5 गुना भारी जुर्माना लगाया जाए, जो सीधे पीड़ति को मिले, और उनका सिबिल स्कोर इतना गिरा दिया जाए कि वे अगले 5 वर्षों तक नया लोन या क्रेडिट कार्ड न पा सकें। जब व्यक्ति के वित्तीय जीवन पर सीधा प्रहार होगा, तो वह अदालती चक्कर काटने के बजाय समय पर भुगतान करना खुद-ब-खुद सीख जाएगा। जब तक हम प्री-लिटिगेशन मेडिएशन, ऑनलाइन डिस्प्यूट रेजोल्यूशन और डिजिटल ऑटोमेशन को न्याय प्रणाली का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक तारीखों के इस जंजाल से राहत नहीं मिल सकती।

# अहिंसा, करुणा और क्षमा से आत्मशुद्धि की ओर बढ़ने का मार्ग

**डॉ. महावीर गोलेच्छा**

पर्युषण पर्व जैन धर्म का वार्षिक पर्व है, जो उपवास, ध्यान, आत्म-अवलोकन, आत्म-चेतना, जागृति, स्वाध्याय, सभी प्राणियों के प्रति करुणा और क्षमा के माध्यम से स्वयं को उन्नत करने का अवसर है। दिगंबर परंपरा में इसे दशलक्षण पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसका प्रारंभ भाद्रव शुक्ल पंचमी को होता है और समृद्धि का दिन चतुर्दशी है। वहीं श्वेतांबर जैन परंपरा में भाद्रव शुक्ल पंचमी का दिन समाधि का दिन होता है, जिसे पूर्ण त्याग, उपवास, स्वाध्याय और संयम के साथ संवत्सरी के रूप में मनाया जाता है।जैन धर्म श्रमण परंपरा है। भगवान महावीर ने एक सामाजिक-आध्यात्मिक, अहिंसक सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने वनस्पतियों और जीवों की सभी प्रजातियों को एक समग्र नैतिक समुदाय का अभिन्न अंग माना। उन्होंने जैव विविधता को मानवीय लालच से बचाने के लिए जीवदया, पशुपालन और अपरिग्रह की अवधारणा पर बल दिया। जैन धर्मावलंबियों के जीवन में पर्युषण पर्व का विशेष महत्व है। पर्युषण पर्व के दौरान सभी जैन श्रद्धालु तन और मन को आध्यात्मिक बनाने का प्रयास करते हैं। इस पर्व के दौरान प्रत्येक जैन अपनी आत्मा को शुद्ध और उन्नत करने का प्रयास करता है। इसके लिए एक श्रावक को निम्नलिखित पांच कर्तव्य अवश्य करने चाहिए- अमारी प्रवर्तन (पूर्ण अहिंसा), सधार्मिक भक्ति (समान धर्मावलंबियों की सहायता करना), क्षमापना (क्षमा याचना), अट्ठम तप (उपवास) और चैत्य परिपाटी (स्थानीय जैन मंदिरों में जाना तथा जैन साधु-साध्वी के प्रवचन सुनना)। पर्युषण के दौरान एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है, जो हमारे जीवन को शुद्ध करता है। इस दृष्टि से यह पर्व आध्यात्मिकता के साथ-साथ जीवन के उत्थान का भी पर्व माना जाता है। पर्युषण महापर्व अंतरात्मा की आराधना का एक माध्यम है। यह आत्म-शुद्धि और आत्म-ज्ञान का पर्व है। वस्तुत- पर्युषण महापर्व एक ऐसा प्रभात है जो हमें निद्रा से जागृति की ओर ले जाता है। यह हमें अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

तप, जप और स्वाध्याय करते हुए हम अपनी आंतरिक शक्ति को खोज सकते हैं और सीख सकते हैं कि वास्तविक सुख अहिंसा, क्षमा, करुणा, मैत्री, अपरिग्रह में निहित है। पर्युषण एक ऐसा पर्व है, जिसमें व्यक्ति आत्मलीन होकर आत्मसाक्षात्कार करता है और अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण कर मोक्ष प्राप्ति के लक्ष्य की ओर बढ़ता है। इसलिए जैन धर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अनूठा एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। पर्युषण पर्व का समापन क्षमा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इसको एक-दूसरे को करीब लाने के पर्व भी माना जाता है। इस दिन सभी लोग अपने मन की उलझी हुई ग्रंथियों को खोलते हैं, अपने भीतर के क्रोध और द्वेष की गांठों को भूलते हुए, क्षमा के माध्यम से अतीत की गलतियों को दूर करते हैं व जीवन को पवित्र बनाने का प्रयास करते है। गीता में भी कहा गया है- आत्मौपम्येन सर्वत्र, समे पश्यति योर्जुन श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा, हे अर्जुन! मनुष्यों को समान समझो। भगवान महावीर ने कहा, मित्ति मै सव्व भूएसु, वेरंमज्झना केणै। मेरी सभी प्राणियों से मित्रता है, किसी से शत्रुता नहीं है। मानवीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, मैत्री, शोषण रहित समाजवाद, नैतिक मूल्यों की स्थापना, अहिंसक जीवन शैली, आत्मा की उपासना आदि पर्युषण महापर्व के मुख्य आधार हैं। आज के इस परिप्रेक्ष्य में जहां कई देशों के बीच में युद्ध चल रहा है, मानवीय मूल्यों का पतन हो रहा है, परस्पर प्रतिस्पर्धा मैत्री एवं करुणा पर हावी हो रही है, इन परिस्थितियों में पयुर्षण का महत्व ओर अधिक बढ़ गया है। आज पूरे विश्व को अहिंसा और मैत्री की आवश्यकता है। पर्युषण पर्व अहिंसा, सहिष्णुता और स्वैच्छिक सादगी पर जोर देता है। इसकी शिक्षाएं न केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, बल्कि 21वीं सदी में नैतिक नीति-निर्माण, विवाद समाधान और ग्रहीय प्रबंधन के लिए व्यावहारिक ढांचे भी प्रदान करती हैं। पर्युषण पर्व एक प्रेरणा है, मार्ग है, मार्गदर्शन है और अहिंसक जीवनशैली का अभ्यास है। यह पर्व व्यक्ति, समाज, राष्टों को प्रेरित कर सकता है।

# फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप से करोड़ों की साइबर ठगी का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत 13 गिरफ्तार

## ललितपुर साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, इंदौर में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर छापा, 6,357 संभावित पीड़ितों का डाटा बरामद

**पुलिस गिरफ्त में आये सभी आरोपी मध्य प्रदेश के है निवासी**

**साइबर ठगों पर ललितपुर में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही**



**समय जगत, ललितपुर।** साइबर क्राइम थाना ललितपुर की टीम ने देशभर में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके मास्टरमाइंड सहित 13 आरोपियों को मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। गिरोह फर्जी नोकिया सिक्योरिटी नामक ऐप और वेबसाइट के माध्यम से लोगों को निवेश पर कई गुना लाभ का लालच देकर ठगी कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 आईफोन, 31 मोबाइल फोन, 18 डेस्कटॉप कंप्यूटर, एक लैपटॉप, दो वाई-फाई राउटर, महिंद्रा थार और ब्रेजा कार सहित बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में संचालित इस कार्रवाई की शुरुआत एक शिकायत से हुई, जिसमें एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में अधिक लाभ दिलाने के नाम पर 70 हजार रुपये की साइबर ठगी की गई थी। जांच के दौरान साइबर पुलिस को एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पता चला, जो फर्जी वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए लोगों को शेयर ट्रेडिंग में निवेश के लिए प्रेरित करता था। निवेश के बाद ऐप पर भारी मुनाफा और बढ़ा हुआ बैलेंस दिखाकर पीड़ितों का भरोसा जीता जाता था। जब कोई व्यक्ति पैसा निकालने का प्रयास करता था, तो टैक्स, प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क के नाम पर उससे और धन जमा कराया जाता था।

जांच में सामने आया कि गिरोह के पास देशभर के लगभग 6,357 संभावित निवेशकों और पीड़ितों का डाटा मौजूद था। आरोपियों द्वारा फर्जी सिम कार्ड, फर्जी बैंक खातों और कॉल सेंटर के माध्यम से पूरे नेटवर्क का संचालन किया जा रहा था। पुलिस को प्रारंभिक जांच में करीब 600 'म्यूल बैंक खाते' मिले हैं, जिनमें ठगी की रकम जमा कराई जाती थी। इसके बाद धनराशि को डिजिटल करेंसी और अन्य माध्यमों से विभिन्न खातों में घुमाकर करोड़ों रुपये का अवैध लाभ कमाया जाता था।

पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य अलग-अलग भूमिकाओं में काम करते थे। कुछ लोग वेबसाइट और ऐप डिजाइन करते थे, कुछ कॉल सेंटर से ग्राहकों को फोन कर निवेश के लिए तैयार करते थे, जबकि अन्य सदस्य बैंक खातों और सिम कार्डों की व्यवस्था करते थे। ग्राहकों को विश्वास में लेने के लिए फर्जी स्क्रीनशॉट, नकली लेजर और काल्पनिक मुनाफे का प्रदर्शन किया जाता था। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे निवेशकों को झूठे सपने दिखाकर उनसे रकम ऐंठते थे और उसी पैसे से ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहे थे।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इसी गिरोह ने वर्ष 2025 में ललितपुर के एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी की थी, जिसके संबंध में साइबर क्राइम थाना ललितपुर में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी गिरोह के खिलाफ मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में मध्य प्रदेश के शाजापुर, शिवपुरी, राजगढ़, निवाड़ी, खंडवा और इंदौर जिले के निवासी शामिल हैं। इस कार्रवाई को साइबर अपराध के विरुद्ध ललितपुर पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि बरामद डिजिटल उपकरणों की फोरेंसिक जांच जारी है और जांच में कई अन्य राज्यों में फैले नेटवर्क तथा अतिरिक्त आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं। साइबर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान ऐप, वेबसाइट या सोशल मीडिया विज्ञापन के माध्यम से निवेश करने से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच अवश्य करें तथा अधिक लाभ के लालच में आकर अपनी जमा पूंजी जोखिम में न डालें।

### पुलिस की गिरफ्त में आये साइगर ठगों की यह रही पहचान

पुलिस ने साइबर ठगी का खुलासा करते हुए मास्टरमांइड सहित 13 ठगों गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राज गिरि गोस्वामी निवासी ग्राम भोगोर थाना सुजालपुर, दीपक राजपूत ग्राम जावड़िया घरवास, थाना कालापीपल, दीपक राजपूत उर्फ दीपक ठाकुर ग्राम जावड़िया घरवास थाना कालापीपल, सुरेन्द्र राजपूत ग्राम पिपलोद थाना शुजालपुर सिटी, लक्ष्मी राजपूत ग्राम रोसला थाना कालापीपल जनपद शाजापुर, रविन्द्र पाल सारंगपुर थाना सारंगपुर, जनपद राजगढ़, राज यादव ग्राम कठऊपहाड़ी, थाना सेन्दरी जनपद निवाड़ी, सूरज धाकड़ निवासी बैराढ़ थाना बैराढ़, प्रदीप धाकड़ निवासी ग्राम हिम्मतगढ़ थाना सुभाषपुरा अरुण लोधी निवासी ग्राम मामोनी, थाना करेरा, आकाश धाकड़ ग्राम जमको, थाना सिरसौद जनपद शिवपुरी, विष्णु प्रसाद निवासी थाना बाणगंगा, जनपद इंदौर, छाया शाकले निवासी ग्राम कोहड़द, थाना बोरगांव जनपद खंडवा के रूप में हुई है। आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# डीएम को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

## अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे समेत जनसमस्याओं के समाधान की मांग



**समय जगत, ललितपुर।** जिले की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय सिंह यादव एड. ने जिलाधिकारी को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाने सहित शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। मांगपत्र में कहा गया कि जनपद में हुई अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं। ऐसे में प्रभावित किसानों का तत्काल सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग भी की। विशेष रूप से एनएच-44 की खराब हालत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हाईवे पर जगह-जगह गडढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि जब तक हाईवे को पूरी तरह गडढा मुक्त नहीं किया जाता, तब तक टोल टैक्स की वसूली पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। विजय सिंह यादव ने जनपद में अवैध एवं जहरीली कच्ची शराब के कारोबार पर पूर्णतरू रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अन्य जनपदों तथा मध्य प्रदेश में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटनाओं से प्रशासन को सबक लेते हुए अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाना चाहिए। मांगपत्र में नेहरू नगर स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) बायपास रोड की चौड़ाई दोनों ओर करीब दो-दो मीटर बढ़ाने तथा सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराने की मांग की गई।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका के मानचित्र में उक्त सड़क पर्याप्त चौड़ी दर्शाई गई है, इसलिए सड़क की उपलब्ध भूमि के अनुरूप उसका विस्तार कर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। शहर में सड़कों के किनारे संचालित हो रहे गिट्टी, बालू और गुम्मा की अवैध टालों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। कहा गया कि निर्धारित मानकों के विपरीत सड़क किनारे सामग्री का भंडारण होने से यातायात प्रभावित होता है और जाम तथा अतिक्रमण की स्थिति पैदा होती है। ऐसे भंडारण स्थलों की जांच कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही सामग्री का भंडारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने नेहरू नगर वार्ड नंबर-3 स्थित वंशीधाम कॉलोनी में जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। मांगपत्र में कहा गया कि क्षेत्र में कई स्कूल संचालित हैं और लंबे समय से जलभराव रहने से बच्चों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा खाली पड़े प्लाटों में उगी झाड़-झंखाड़ की कटाई कराकर सफाई कराने की भी मांग की गई। वहीं नेहरू नगर ओवरब्रिज की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कहा गया कि ओवरब्रिज पर कई स्थानों पर गडढे हो गए हैं, जिसके कारण वाहन चालकों और राहगीरों के गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है।

विजय सिंह यादव एड. ने जिलाधिकारी से सातों मांगों को जनहित में गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया, ताकि लोगों को इन समस्याओं से शीघ्र राहत मिल सके।

# जलबिहार की व्यवस्थाओं के लिए श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने सौंपे ज्ञापन



**समय जगत, ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जलविहार पर्व जो कि 22 सितंबर मंगलवार को आ रहा है। इसके संबंध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी, एसडीएम, एसपी एवं नपाध्यक्ष व ईओ को सौंपा गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जल विहार पर्व डोल ग्यारस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके संबंध में उक्त पर्व से पूर्व नगर के सभी देवालयों के मार्ग समतलीकरण व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है। शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर चौबयाना से रावरपुरा, महावीरपुरा, घंटाघर होते हुए सावरकर चौक, तालाबपुरा से सुमेरा तालाब के घाट एवं जल विहार मैदान तक जाना है। इसलिए सुमेरा तालाब के बंध एवं घाटों की मरम्मत सफाई व बिजली की व्यवस्था की जाना अति आवश्यक है। उक्त व्यवस्थाएं अपने स्तर से संबंधित विभागों को करवाए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी करना अति आवश्यक है। चूंकि वर्तमान में जिस घाट पर विमान का विहार होता है उस पर वोट क्लब बना दिया गया है जिससे जल विहार पर्व पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अतएव तालाब पर जलबिहार स्थान पर प्रतिवर्ष जन भागीदारी बढ़ रही है। अतिक्रमण से स्थान कम होता जा रहा है। अतएव अतिक्रमण पर ध्यान देने व वोट क्लब को विगत वर्षों की भांति पहले से किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। जलविहार पर्व नगर के जनमानस की भावनाओं के अनुरूप विशाल पर्व है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में मार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था व तालाब पर गोताखोरों की व्यवस्था व तालाब के घाट पर पुरुष पुलिस व महिला पुलिस व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा की जाती है। अपने स्तर से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी करने की मांग की गयी। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संयोजक जगदीश पाठक, शिवकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, अवधेश कौशिक, पं.मुन्नालाल त्यागी, शुभम कौशिक, के.के.साहू, आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा भक्ति के साथ परम तपस्वी श्री मोनी महराज जी की दसवीं पुण्यतिथि मनाई



**समय जगत, निवाड़ी।** अपार जन सैलाब अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ अपने गुरु महराज जी की कर्म भूमि उनके समाधि स्थल श्री हनुमान जी मंदिर अड़जार धाम जो उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश की सीमा अड़जार तालाब के बांध पर मनाई गई दिनांक 1 सितंबर को कलश यात्रा के सात कार्य क्रम शुभारंभ हुआ उसके बाद प्रतिदिन चले श्री राम यज्ञ में श्रद्धालु शामिल रहे जिसके जजमान श्री दीपक नीखरा, श्री स्वतंत्र धूसर, श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर एडवोकेट, श्री भास्कर राय, श्री सुधीर धूसर, राघवेंद्र तिवारी, आदि परिवार सहित शामिल रहे विधि विधान से पंडित श्री विदुआ जी मुनि महराज जी यज्ञ सम्पन्न कराया उसके लिए दिनाँक 7 सितंबर को श्री महराज जी मोनी महराज जी की पुण्यतिथि पर अखंड विशाल भंडारा दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक सम्पन्न हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश की पुलिस प्रशासन ने मुस्तैद ड्यूटी कर व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया एवं आसपास के क्या ग्रामीण क्या शहरी क्या पुरुष क्या महिला जो मोनी महराज जी भक्त पहुंचे व्यवस्थापकों के भी पसीने छूट गए पर श्री हनुमान जी की कृपा एवं श्री मोनी महराज जी के आशीर्वाद से सब कुछ अच्छा हुआ इतने विशाल भंडारे में अड़जार क्षेत्र एवं आस पास के ग्रामीण महिला पुरुष नबयुबक बच्चे सभी का सहयोग रहता है महिलाएं रात 2 बजे से अपने अपने घरों से उर्स बिल्ला हंसिया चाकू छलनी लेकर पहुंच जाते हैं और पुरुष वर्ग खाना बनवाने में परोसने में आगे रहते हैं सभी श्री मोनी महराज जी के भक्त हैं श्रद्धांजलि में शामिल होने वालों में पृथ्वीपुर विधायक श्री नितेंद्र सिंह राठौर, श्री अमित राय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि , श्री राजेश यादव जिला अध्यक्ष कांग्रेस निवाड़ी श्री नरेंद्र खरे सहित अन्य बहुत सारे लोग पहुंचे जिन्होंने श्री मोनी महराज जी के समाधि स्थल पर पहुंच कर प्रणाम कर श्री महराज जी को प्रणाम किया आयोजन समिति के प्रमुख श्री दीपक नीखरा ने बताया कि अभी वर्तमान में एक नई पिक्चर आई है हनुमान अंश जिसमें श्री नीम करौली बाबा की तप साधना एवं बाबा की बायोग्राफी पर बनी मूवी है इसी तरह हमारे श्री मोनी महराज जी भी हैं किसी पिल्म प्रोड्यूसर की नजर किसी न किसी दिन यहाँ भी पड़ेगी तो हमे भी एक श्री हनुमान भक्त हमारे श्री मोनी महराज की जीवनी पर आधारित मूवी देखने को मिलेगी लगभग 80 हज़ार महिला पुरुष भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया एवं एक लाख अस्सी हजार आहुतियाँ यज्ञ में डालीं गई ।

### गौवंश की सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस की अभिनव पहल

**निवाड़ी ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा के मार्गदर्शन में धार्मिक नगरी ओरछा में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं बेजुबान गौवंश की सुरक्षा के उद्देश्य से विशेष अभियान प्रारंभ किया गया।अभियान के तहत यातायात प्रभारी नीरज शर्मा एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा रात्रि के समय में 100 से अधिक गायों को रेडियम रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाई गई। इन बेल्टों के माध्यम से अंधेरे में सड़क पर बैठी या विचरण कर रही गायें वाहन चालकों को दूर से ही दिखाई देंगी, जिससे चालक समय रहते वाहन की गति नियंत्रित कर सकेंगे और संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। इस अभियान में यातायात प्रभारी नीरज शर्मा के साथ आरक्षक अंकुर श्रीवास्तव, आरक्षक आकाश परिहार एवं आरक्षक सुनील निरंजन सहित यातायात पुलिस टीम द्वारा सक्रिय रूप से सहभागिता की गईअभियान के दौरान बेतवा नदी पुल, मंदिर चौराहा, यातायात चौकी, ब्ब्त् मोड़,आजादपुरा एवं गणेश दरवाजा सहित उन प्रमुख स्थानों पर गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाई गई ।

# समाजवादी पार्टी की जिला इकाई ने निवाड़ी की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अरविन्द गुप्ता : समय जगत, निवाड़ी ।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राजीव यादव के नेतृत्व में आज कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर जिले की ज्वलंत समस्याओं के निदान हेतु ज्ञापन सौंपा जिसे डिप्टी कलेक्टर श्री तलया जी द्वारा लिया गया ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सिंदूर सागर तालाब से सही निकासी न हो पाने के कारण अत्यधिक वर्षा से तालाब अधिक भरने से फटने का डर एवं आसपास के ढिमरपुरा ग्राम के तालाब के आसपास रहने वालों के घरों में पानी भरने से हुए नुकसान की छत्ती पूर्ति, एवं अत्यधिक वर्षा से किसानों की फसल नष्ट होने पर मुआवजा दिलाए जाने , निवाड़ी जिला चिकित्सालय में उचित व्यवस्थाएं किये जाने, निवाड़ी जिले मैं अवैध शराब के अड्डे बंद किए जाने , एवं राजपुर से मजरा मकारा नीम खेरा तक सड़क बनाए जाने हेतु मांगें रखीं गई ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष श्री राजीव यादव, श्री सुशील रावत, श्री देवेंद्र कुशवाहा, श्री यूसुफखान , श्री ओम प्रकाश यादव,श्रीमोहन अहिरवार, श्री सोनू पटेल श्री रामजी कुशवाहा, श्री कुलदीप पवन रायकवार आदि उपस्थित रहे ।

### अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर विद्यार्थियों ने जाना गिद्धों का महत्व

**समय जगत, ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में विद्यार्थियों के लिए गिद्ध संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विशेष गतिविधि आयोजित की गई। सहायक अध्यापिका उर्वशी साहू के दिशा-निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गिद्धों के पर्यावरणीय महत्व, प्रकृति के संतुलन में उनकी भूमिका तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक गिद्धों के चित्रों में सुंदर रंग भरकर उन्हें आकर्षक रूप से सजाया। इस रचनात्मक गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने गिद्धों के प्रति अपनी जिज्ञासा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं पूनम, पूजा, अनुष्का, प्रिंसी, ज्योति, काजल, चांदनी, कृति, आजाद, रविकांत, मनोहर, श्रीकांत आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रुद्रिका सरावगी के चित्रण को भी सराहा गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गिद्धों जैसे महत्वपूर्ण पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उनमें प्रकृति और जैव विविधता के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

# बम्होरीकलां में अतिवृष्टि से खरीफ की फसलें बर्बाद

## किसानों ने मांगा फसल बीमा का लाभ



**समय जगत, ललितपुर।** ब्लॉक जखौरा अंतर्गत ग्राम बम्होरीकलां में लगातार हुई अत्यधिक बारिश से किसानों की खरीफ की फसलें बर्बाद होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, 23 अगस्त 2026 से 5 सितंबर 2026 के बीच हुई तेज बारिश के कारण खेतों में खड़ी उड़द, मूंग और सोयाबीन की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। फसल नुकसान से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फसल क्षति से परेशान समस्त ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी ललितपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फसल बीमा की राशि किसानों के खातों से काटकर संबंधित बीमा कंपनी को भेजी जाती है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा के कारण फसल बर्बाद होने पर किसानों को नियमानुसार फसल बीमा का लाभ मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शासन स्तर से विशेष टीम गठित कराकर ग्राम बम्होरीकलां में फसल नुकसान का स्थलीय सर्वे कराया जाए। सर्वे के माध्यम से वास्तविक क्षति का आकलन कराकर पात्र किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कंपनी से फसल की क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि खरीफकी फसलें पूरी तरह चौपट होने से किसानों की लागत तक निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में समय रहते सर्वे कराकर बीमा क्लेम और शासन से मिलने वाली राहत राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित किसानों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि फसल क्षति का निष्पक्ष एवं शीघ्र सर्वे कराकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाए।

### खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में 79 आवेदनों पर हुई सुनवाई

निवाड़ी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े की अध्यक्षता में साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनने के साथ-साथ पृथ्वीपुर तहसील कार्यालय में आयोजित खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आए आवेदकों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने विभागीय अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता दी जाए और पारदर्शी जांच करते हुए निराकरण में तेजी लाई जाए। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 52 आवेदनों पर सुनवाई हुई, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया ।

# वार्ड नंबर 5 बालिका छात्रावास से कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक अधूरी सड़क को पूरा बनाया जाए



**समय जगत निवाड़ी।** वार्ड क्रमांक 5 बालिका छात्रावास से पार्क होते हुए कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक की सड़क को नगर परिषद निवाड़ी द्वारा आधा बनाया गया है अधूरा छोड़ा गया है जिसमें पानी भरा होने के कारण वहां से निकलना दूभर है महिलाएं स्कूल की बच्चियां और मोहल्ले वासी वहां से निकलने में बहुत परेशान होते हैं आज कलेक्टर महोदया जी को वार्ड नंबर 5 के रहवासियों ने आज जन सुनवाई में आवेदन दिया मोहल्ले वासी श्री गौरी शंकर दीक्षित ने बताया कि हम प्रति दिन महिलाओं बच्चीयों को उस रस्ते में गिरते हुए देखते हैं हम ही उठाते हैं साहब रोड पूरा बनना बहुत आवश्यक है ।

# शिक्षामित्रों को भी विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में किया जाए शामिल

**- आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**- मुख्यमंत्री से मांग पूरी कराने की अपील**



**समय जगत, ।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में राज्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षामित्रों को भी विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल किए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में शिक्षामित्रों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय में वृद्धि एवं कैशलेस सुविधा प्रदान किए जाने से शिक्षामित्रों में खुशी है। इसके लिए संगठन ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश का शिक्षामित्र इसके लिए सदैव सरकार का आभारी रहेगा। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं विशेष शिक्षकों को विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल किया जा रहा है। शिक्षामित्र भी सरकार का ही एक अंग हैं और उनकी नियुक्ति भी प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2000 में की गई थी। शिक्षामित्र लगातार करीब 26 वर्षों से शिक्षण कार्य का अनुभव रखते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यमंत्री से करबद्ध निवेदन किया कि शिक्षामित्रों को भी विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाए। संगठन का कहना है कि इससे लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्रों को अपनी योग्यता साबित करने और आगे बढने का अवसर मिलेगा। शिक्षामित्रों ने राज्यमंत्री से मांग की कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर सकारात्मक निर्णय कराने का प्रयास किया जाए। प्रतिनिधि मंडल को उम्मीद है कि सरकार शिक्षामित्रों के हित में जल्द निर्णय लेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस, महामंत्री कुलदीप गोस्वामी, सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश कुमार टोटे, अशोक परिहार, शिवनारायण, शैलेंद्र शर्मा, अमित दीक्षित, हरिओम सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# मेले के बजट में कथित बंदरबांट के लगे आरोप

## व्यवस्थाओं पर उठे सवाल- दिया जले, बाती जले, नाम नगर पालिका महोबा का होय!



**महोबा।** बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित कजली मेला अपनी परंपरा, संस्कृति और भव्य आयोजनों के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार मेले की व्यवस्थाओं और खर्च को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा मेले के नाम पर लाखों रुपये का बजट खर्च किया गया, लेकिन जमीनी हकीकत और कागजी खर्च के बीच अंतर दिखाई दे रहा है। अब घोड़ों की व्यवस्था और उनके भुगतान को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।बताया जा रहा है कि कजली मेले के दौरान लगभग 40 से 50 घोड़ों को बुक किए जाने की व्यवस्था की गई थी। मेला समाप्त होने के बाद कथित तौर पर घोड़ा मालिकों को प्रति घोड़ा 800 रुपये के हिसाब से भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है। यदि यह संख्या और भुगतान सही है, तो कुल रकम हजारों रुपये में बैठती है। ऐसे में सवाल यह है कि घोड़ों की बुकिंग से लेकर उनके ठहरने, चारे, देखरेख और अन्य व्यवस्थाओं के नाम पर नगर पालिका द्वारा कुल कितना बजट निर्धारित किया गया था और वास्तविक रूप से कितना खर्च हुआ सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या घोड़ों की संख्या, बुकिंग अवधि और भुगतान का पूरा रिकॉर्ड नगर पालिका के पास उपलब्ध है? यदि रिकॉर्ड मौजूद है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? क्या प्रत्येक घोड़ा मालिक को भुगतान की रसीद दी गई? क्या घोड़ों की उपस्थिति का सत्यापन किसी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किया गया था? इन सवालों का जवाब सामने आना जरूरी है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी धन जनता की गाढ़ी कमाई से आता है और उसके प्रत्येक रुपये का हिसाब-किताब पारदर्शी होना चाहिए। मेले के आयोजन के नाम पर यदि लाखों रुपये का बजट खर्च किया गया है तो नगर पालिका को खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की आशंका या सवाल की गुंजाइश न रहे।कजली मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महोबा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा पर्व है। ऐसे में मेले के बजट को लेकर उठ रहे सवाल आयोजन की प्रतिष्ठा पर भी असर डाल रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी यदि खर्चों की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं करते हैं तो इससे न केवल नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे, बल्कि सरकार की पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध नीति की छवि भी प्रभावित हो सकती है।लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए और कजली मेले में स्वीकृत बजट, टेंडर, भुगतान, घोड़ों की बुकिंग, उपस्थिति रजिस्टर तथा संबंधित बिल-वाउचर की जांच कराए। जांच में यदि अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पालिका महोबा इन आरोपों पर क्या जवाब देती है और क्या कजली मेले के नाम पर खर्च किए गए लाखों रुपये का पूरा हिसाब जनता के सामने कब रखती है। फिलहाल घोड़ों के भुगतान से लेकर पूरे मेले के बजट तक उठ रहे सवालों ने नगर पालिका के कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# 12 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**महोबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 12 सितंबर 2026 को प्रातः 10ः00 बजे से जनपद न्यायालय महोबा व प्रत्येक तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभारी जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा ध्रुव राय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान श्रीमति संदीप चौहान अपर जिला जज (पॉक्सो कोर्ट) तेन्द्र पाल अपर जिला जज (एस0सी0/एस0टी0 कोर्ट) नदीम अनवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हरिहर गुप्ता सिविल जज (सी0डि0) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, एवं अधिवक्तागण आदि मौजूद रहे। प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि प्रचार वाहनों के द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लाउड स्पीकर के माध्यम से 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी/आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि0 के वाद, शहरी विकास अधि0 के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि0 के चालानी वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण कराये जाने हेतु वादों व प्रतिवादी उपस्थित होंगे। यह भी कहा कि यदि पक्षकार सुलह समझौते के मामले का निपटारा कराते है तो वह अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाता है। उसमें कोई अपील नहीं होती है। साथ ही जनपद न्यायाधीश से आमजन से अपील करते हुये कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या मे न्यायालय पहुंचकर सुलह समझौते के माध्यम से अपना वाद निस्तारित कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व कांग्रेस विधायक गुलाब कमरो ने फेसबुक पर तस्वीर पोस्ट कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़। भरतपुर–सोनहत के पूर्व कांग्रेस विधायक गुलाब कमरो ने फेसबुक पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए मनेंद्रगढ़ की कानून–व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। तस्वीर में रेलवे कॉलोनी की महिलाएं रात के समय लाठी–डंडों के साथ पहरेदारी करती नजर आ रही हैं। यदि यह तस्वीर मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को दर्शाती है, तो यह अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। सवाल यह है कि जब क्षेत्र में मंत्री और पुलिस अधीक्षक जैसे जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद हैं, तब महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए रात में खुद पहरेदारी क्यों करनी पड़ रही है? मंत्री जी के गृह क्षेत्र में ही यदि नागरिकों को सुरक्षा को लेकर इस तरह जागना पड़े, तो जिले के अन्य इलाकों में कानून–व्यवस्था की स्थिति क्या होगी? बढ़ती चोरी और नशे के कारोबार को लेकर पहले से उठ रहे सवालों के बीच अब पूर्व विधायक की पोस्ट ने पुलिसिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर नई बहस छेड़ दी है। क्या पुलिस प्रशासन इस तस्वीर का संज्ञान लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करेगा?

### अपमिश्रित गुटखा फैक्ट्री का किया गया पर्दाफाश



**समय जगत, बांदा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला शंकरनगर में अवैध रूप से संचालित नकली एवं अपमिश्रित गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 1 अभियुक्त चन्द्रप्रकाश उर्फ चन्दू पुत्र मूलचन्द्र निवासी शंकर नगर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया ।थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला शंकरनगर निवासी चन्द्रप्रकाश उर्फ चन्दू अपने मकान में अवैध रूप से गुटखा का निर्माण कर रहा है ।सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई ।पुलिस टीम ने मकान में अवैध रूप से गुटखा का निर्माण करते हुए अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया ।तलाशी के दौरान मौके से गुटखा बनाने वाली मशीन,अर्द्धनिर्मित गुटखा एवं गुटखा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री सहित अन्य सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया ।जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.5 लाख रुपये है ।अभियुक्त ने बताया कि वह कानपुर से गुटखा निर्माण की सामग्री लाकर अपने मकान में पिछले कई दिनों से अवैध रूप से नकली एवं अपमिश्रित गुटखा तैयार कर रहा था। तैयार गुटखे को आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई कर अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करता था ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेशाध्यक्ष का किया गया स्वागत



**समय जगत राठ (हमीरपुर)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का को मुस्करा कस्बे के तिराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लखनऊ से राठ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही बस स्टैंड के पास पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान सपा के पूर्व प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी राजू यादव, विपिन मंत्री, गुड्डू महाराज, देवेंद्र प्रजापति, श्याम बिहारी फौजी तथा लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वसीम बेग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। उनके साथ चल रहे पुष्पेंद्र यादव का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोग बेरोजगारी, महंगाई समेत कई समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन के लिए काम करने का मंत्र देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष लोधेश्वरधाम में आयोजित कार्यक्रम एवं सम्मेलन के लिए रवाना हो गए। इस दौरान, सपा नेता सुखसिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सतपाल यादव, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, युवजन सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दानिश खान, राजपूत चंद्रावती वर्मा, महेंद्र सिंह वीरा, , रविंद्र राजपूत, जिला पंचायत सदस्य विमलेश अहिरवार, मोनू अहिरवार सहित अनेकों सपाई मौजूद रहे।

# अपर एसपी द्वारा कोतवाली नगर व कबरई के विवेचकों का आयोजित किया गया अर्दली रूम




**समय जगत, महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर एवं थाना कबरई के समस्त उपनिरीक्षकों/विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर विभिन्न प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई।

अर्दली रूम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त विवेचनाधिकारियों से उनके द्वारा की जा रही विवेचनाओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान लंबित विवेचनाओं, हृष्टऋ वांछित अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही, गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी, पंचायतनामा जांच, प्रकरणों, शिकायत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, तामील तथा निरोधात्मक कार्यवाही की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिन प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, उनमें आवश्यक कार्यवाही करते हुए विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचना के प्रत्येक चरण में साक्ष्यों का संकलन, परीक्षण एवं अभिलेखीकरण नियमानुसार सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकरण में अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित एवं न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट वाले अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनकी शीघ्र गिरफ्तारी/तामील सुनिश्चित करने तथा गुमशुदा एवं अपहृता की बरामदगी हेतु गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार IGRS प्रकरणों एवं प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ता की समस्या का विधिसम्मत समाधान किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए प्रकरणों की पुनरावृत्ति रोकने एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

अर्दली रूम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त विवेचनाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित विवेचनाओं एवं प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। विवेचना में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, न्यायालयीय आदेशों की तामील एवं जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# विकास पथ सेवा संस्थान ने खेरिया व अरछा बरेठी के बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



**समय जगत, चित्रकूट।** जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था विकास पथ सेवा संस्थान, जनपद चित्रकूट द्वारा बाढ़ पीड़ित ग्राम अरछा–बरेठी व खेरिया कलवारा में राहत सामग्री का वितरण किया गया। राहत वितरण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. प्रभाकर सिंह, समाजसेवी सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार शंकर यादव तथा युवा समाजसेवी विकास यादव का सराहनीय योगदान रहा। संस्था के निदेशक डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि हमारी संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं आपदा राहत के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिले में माँ मंदाकिनी में आई बाढ़ और अतिवृष्टि से जहाँ–जहाँ भी प्राकृतिक आपदा आई है, वहाँ जाकर संस्था पीड़ित लोगों की सेवा में जुटी हुई है। मानवता की सेवा करना हमारा मुख्य लक्ष्य है, बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिनके घर गिर गए हैं, उन्हें शासन–प्रशासन से समन्वय बनाकर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा। सभासद शंकर यादव ने कहा कि वैसे भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रशासन की टीम बाढ़ पीड़ितों की सेवा में लगी हुई है। जिनको भी प्राकृतिक आपदा से क्षति हुई है, उन्हें सरकार द्वारा मुआवजा भी दिया जाएगा। यदि कोई वंचित रह जाता है तो हम सब लोग उसकी मदद करेंगे और सरकार से मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

# कृषि, पशुपालन और बागवानी अपनाकर बढ़ाएं किसान अपनी आय

## बरवार में कृषि एवं पशुधन विकास कैम्प, 50 महिला-पुरुष किसानों ने लिया भाग



**समय जगत चित्रकूट।** मऊ, 9 सितंबर 2026। हंस आजीविका परियोजना के तहत सचिवालय बरवार में अंतर्राष्ट्रीय कृषि दिवस एवं पशुधन विकास कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें मवई कला एवं बरवार के करीब 50 महिला-पुरुष किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पशु चिकित्साधिकारी विकासखंड मऊ आर. एस. गौतम ने पशुओं के टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वास्थ्य एवं रख-रखाव की जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने किसानों को बागवानी, फलदार पौधों की खेती, उद्यान विभाग की योजनाओं और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। पशुधन विशेषज्ञ श्रीकांत एवं बागवानी विषय विशेषज्ञ सतनाम ने भी किसानों को आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर आर. एस. गौतम एवं प्रतिभा पांडेय ने आम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया और किसानों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कृषि के साथ पशुपालन एवं बागवानी को अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में हंस आजीविका परियोजना के ब्लॉक समन्वयक मुकेश तिवारी, फील्ड समन्वयक जयप्रकाश, सीआरपी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरवार विमलेश कुमार निषाद का विशेष सहयोग रहा।

# जनपद में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ

## आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं कुपोषण की रोकथाम पर रहेगा विशेष जोर



**समय जगत हमीरपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ दिनांक 9 सितंबर को कल्प वृक्ष सभागार, कुछेछा, हमीरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी, मुख्य सेविकाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता एवं माननीया केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा जी की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राक्ष इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का पूर्वाह्न 11 बजे से सजीव प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से अवलोकन किया गया। इसमें विभागीय अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं ने व्यापक सहभागिता की। सजीव प्रसारण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री माताओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए जनभागीदारी को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में जनपद में भी राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान पोषण जागरूकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग तथा कुपोषण से बचाव के संबंध में व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की प्रमुख थीम में आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनवाड़ी केंद्रों पर ताजा पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य हेतु नकद हस्तांतरण को प्रमुखता दी गई है। जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह 09 सितंबर से 08 अक्टूबर 2026 तक मनाया जाएगा। इस अवधि में आंगनवाड़ी केंद्रों पर सप्ताहवार निर्धारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा उनके परिवारों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कुपोषण की रोकथाम एवं स्वस्थ बाल विकास के लिए जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति भिलवारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री इन्द्रपाल सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय पोषण माह को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

### राज्य पुरस्कार परीक्षा में 143 स्काउट्स–गाइड्स शामिल



**समय जगत, कोरिया।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में सरगुजा संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर का शुभारंभ मंगलवार को कार्डिनल वॉरियर्स स्कूल, लाई–नागपुर में हुआ। पांच दिवसीय शिविर में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से 143 स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल हो रहे हैं। शिविर में एमसीबी के अलावा सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर एवं सरगुजा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स की निर्धारित गतिविधियों, दक्षताओं और विभिन्न मापदंडों के आधार पर राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा ली जा रही है। शिविर का शुभारंभ प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई बी.एस.जी. मानव श्रृंखला के साथ हुआ। इस दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स ने एकता, अनुशासन और संगठन भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) एवं लीडर ऑफ कोर्स डॉ. पूनम सिंह साहू, संकुल प्राचार्य नागपुर संतोष महादेवा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट त्रिभुवन शर्मा, मुख्य परीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य परीक्षक (गाइड) माधुरी यादव सहित अन्य अधिकारी, परीक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. पूनम सिंह साहू ने कहा कि राज्य पुरस्कार केवल प्रमाण–पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्काउट्स एवं गाइड्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास और सेवा भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संतोष महादेवा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें धैर्य और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लेने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन भारती दुबे ने किया, जबकि नागेश्वर साहू ने आभार व्यक्त किया। पांच दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिभागियों की दक्षताओं, गतिविधियों, अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा। निर्धारित मापदंडों पर सफल प्रतिभागी राज्य पुरस्कार की प्रक्रिया में आगे बढ़ेंगे।

# पार्षद तुषार नें की मैहर के लिये स्मार्ट बस की मांग, मंत्री नें दिया आश्वासन



**मैहर।** मध्य प्रदेश शासन के नागरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलास विजयवर्गीय का निजी कार्यक्रम के तहत मैहर आगमन हुआ। मैहर पहुंचे विजयवर्गीय नें माँ शारदा के दर्शन कर देशवासियो की खुशहाली की कामना की तत्पश्चात विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं व नगरवासियों से मुलाक़ात की। इस दौरान नगर पालिका परिषद् के नवनियुक्त एल्डरमैन तुषार अग्रवाल नें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाक़ात कर उनके समक्ष मैहर के लिये स्मार्ट बसों की मांग रखी जो कि शहर के मुख्य स्थानों को जोड़ते हुए समीप के तमाम गाँवो तक परिवहन सेवा की सुगमता प्रदान कर सके। पार्षद तुषार की इस मांग को मंत्री विजयवर्गीय द्वारा सार्थक और अच्छा सुझाव बताते हुए सराहना की व परिवहन मंत्री से बात कर जल्द ही इस सेवा को प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया। तुषार की इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने नें सराहना की साथ ही मंत्री जी से इस पर प्रयास करने की अपील की।

# सिक्योरिटी कर्मचारियों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, वेतन और ईपीएफ को लेकर लगाए गंभीर आरोप



**मैहर।** स्काई बुल सिक्योरिटी सर्विसेस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मैहर कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। कर्मचारियों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि वे करीब 7 वर्षों से कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार वेतन एवं अन्य श्रमिक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायत पत्र के अनुसार कर्मचारियों ने बताया कि वेतन संबंधी समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कलेक्टर मैहर/सतना को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका। कर्मचारियों ने कंपनी एवं संबंधित ठेकेदार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान समय में कई कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा जा रहा है तथा ईएसआईसी की सुविधा भी नहीं दी जा रही है। जिन कर्मचारियों का ईपीएफ काटा जाता है, उन्हें यूएएन नंबर उपलब्ध नहीं कराया जाता और आरोप है कि काटी गई ईपीएफ राशि भी हर माह उनके खाते में जमा नहीं की जाती।

**चार माह बाद मिलता है एक माह का वेतन:** कर्मचारियों का सबसे गंभीर आरोप वेतन भुगतान को लेकर है। शिकायत में कहा गया है कि समय पर वेतन नहीं दिया जाता तथा चार माह बीत जाने के बाद एक माह का वेतन दिया जाता है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है। वहीं कर्मचारियों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। शिकायत के मुताबिक सभी कर्मचारियों को लगभग 7 से 8 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया जाता है, जबकि अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्चकुशल श्रेणी के अनुसार वेतन का निर्धारण नहीं किया जा रहा है।

**जांच कर कार्रवाई की मांग:** कर्मचारियों ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, लंबित वेतन का भुगतान कराने तथा ईपीएफ, ईएसआईसी और शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन सहित श्रमिकों को मिलने वाली सभी सुविधाएं दिलाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर संबंधित कंपनी एवं ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

## सार संक्षिप्त

### रात के अंधेरे में जंगल में नीलगाय का शिकार खेत में मिला नील गाये का सिर और अवशेष



**टीकमगढ़।** शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर मोहनपुराङ्गसुधासागर रोड स्थित मधुबन सबरेंज के जंगल क्षेत्र में रात के अंधेरे मे नीलगाय के शिकार का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह खेत में नीलगाय के अवशेष मिलने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। खेत मालिक मनोज यादव के भाई श्रीराम यादव ने मामले की जानकारी डिप्टी नरेंद्र नायक को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान खेत में नीलगाय का सिर सहित अन्य अवशेष बरामद हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग के अधिकारी स्द्धश्राजाराम, परमार सौरव जैन रेंजर सहित टीम मौके पर पहुंची। वहीं डॉक्टर केपी पटेरिया द्वारा मिले अवशेषों की जांच की जा रही है, ताकि घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

### टीकमगढ़ में अवैध व मिलावटी शराब पर विधायक यादवेंद्र सिंह सख्त, कलेक्टर को लिखा पत्र



**समय जगत, टीकमगढ़।** जिले में अवैध एवं मिलावटी शराब की बिक्री को लेकर टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा सभी शासकीय मदिरा दुकानों की सघन जांच कराने की मांग की है। विधायक ने हाल ही में सागर जिले के बंडा में जहरीली/अवैध शराब से हुई जनहानि का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए समय रहते कठोर कदम उठाना जरूरी है। पत्र में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से मिल रही शिकायतों का उल्लेख करते हुए शराब में रासायनिक पदार्थों के मिश्रण की आशंकाओं पर चिंता जताई गई है। उन्होंने मांग की कि जिले की सभी शासकीय मदिरा दुकानों पर शराब के स्टॉक और गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा रैंडम सैंपल लेकर उन्हें तत्काल लैब टेस्ट के लिए भेजा जाए। जांच प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों और मीडिया की उपस्थिति से पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों, ढाबों और अन्य अवैध ठिकानों पर कच्ची या केमिकल युक्त शराब बनाने और बेचने वालों को चिन्हित कर एफआईआर सहित कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तथा भविष्य में कोई अप्रिय घटना या जनहानि होती है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

### विधिक साक्षरता शिविर का रैय्यन बीलपुरा में हुआ आयोजन

**समय जगत, बैराड़।** ग्राम पंचायत रैय्यन बीलपुरा में राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना के तहत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इसी दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंचायत की ओर से 551 पौधे लगाने के संकल्प की शुरुआत की गई। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम पंचायत रैय्यन की सरपंच श्रीमती सरिता दौलतराम धाकड़ ने पंचायत क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए 551 पौधे लगाने का संकल्प लिया था। शिविर के बाद पौधरोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर पश्चिम की बैठक संपन्न

## लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



**समय जगत, मुरैना।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर पश्चिम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजित की गई। बैठक में आगामी 19 सितंबर को जननायक राहुल गांधी जी के छात्रों की 'गूंज' कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम इंदौर में होने जा रहा है इस कार्यक्रम में छात्रों का पंजीयन होगा वहीं छात्र कार्यक्रम में भाग लेगा इसके लिए उन्होंने एनएसयूआई युवक कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडल के सभी पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपी और कहा की अधिक से अधिक संख्या में इंदौर में कार्यक्रम में सहभागिता करें। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने भी सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए कहा बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर पश्चिम के अध्यक्ष रिंकू पचौरी ने सभी कार्यकर्ता बंधुओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्डो में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन करवाएं, ताकि मुरैना से बड़ी संख्या में विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हो सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कार्यक्रम में ले जाने एवं वापस लाने की सुचारू व्यवस्था जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से की जाएगी।

बैठक में मुरैना शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। शहर में जलभराव, बिजली कटौती तथा ब्लॉक के विभिन्न वार्डो में अवैध रूप से हो रही शराब की बिक्री को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया। निर्णय लिया गया कि इन जनसमस्याओं को लेकर आगामी समय में शासन, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी यदि समस्याओं के समाधान एवं अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है।

### पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही के तहत शराब जप्त कर आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**कोतमा।** भालूमाड़ा क्षेत्र में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस की महिला सिंघम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने ग्राम भेडवाटोला में दबिश देकर एक किराना दुकान और घर की बाड़ी से भारी मात्रा में अवैध देशी व विदेशी शराब जब्त कर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है किराना दुकान और बाड़ी में छिपा रखी थी शराब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भेडवाटोला निवासी जवाहर लाल केवट (45 वर्ष) पिता गोरेलाल केवट अपनी किराना दुकान और घर में अवैध बिक्री के लिए शराब रखी हुई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हमराही स्टाफ और स्वतंत्र गवाहों—शनित गुप्ता (31 वर्ष) तथा लेखराम प्रजापति (33 वर्ष) निवासी जमुना कालरी—को साथ लेकर भेडवाटोला स्थित ठिकाने पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान और घर की बाड़ी से भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद किया गया ?आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज पूछताछ में आरोपी जवाहर लाल केवट शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। उसने स्वीकार किया कि वह यह शराब अवैध बिक्री के लिए रखे हुए था। पुलिस ने रात 20-50 बजे गवाहों के समक्ष जब्ती पत्रक तैयार कर शराब को अपने कब्जे में लिया ?आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशा मुक्ति और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### बैराड़ में टपरिया में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

**बैराड़।** टपरा मोहल्ले में बुधवार रात एक टपरिया में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर दंपती ने आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। घटना में टपरिया में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार उर्मिला जाटव पत्नी हेमराज जाटव निवासी टपरा मोहल्ला बैराड़ ने पुलिस को बताया कि वह और उसके पति दिन में मजदूरी करने भौराना गए थे। शाम को वापस लौटने के बाद रात करीब 8 बजे दोनों छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने टपरिया में आग लगी देखी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पाया। आग से टपरिया में रखा बर्तन, कपड़े, पलंग, राशन सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया।

# पहले चोरों को बुलाया, फिर खाना खिलाकर जंगल में रुकवाया, 13 भैंसें चोरी कराई

## भैंस चोरी की साजिश में मददगार ने उगला राज, जंगल से भैंस चोरों को सौंपी थीं



**बैराड़।** बैराड़ थाना क्षेत्र मे बीते दिनों एक युवक ने भैंस चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गंगाराम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस अभिरक्षा में बताया कि उसने अपने रिश्तेदार गिर्राज उर्फ लोहे उर्फ हल्के के साथ मिलकर भैंस चोरी करने वाले गिरोह से संपर्क कराया और चोरों के ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था की।

आरोपी के अनुसार ग्राम शुक्रवारा और अमरोदा के आसपास घना जंगल है, जहां आसपास के गांवों की भैंसें चरने आती हैं। करीब 20-25 दिन पहले उसने अपने रिश्तेदार गिर्राज को फोन कर जंगल में आने वाली भैंसों की चोरी करवाने की बात कही। इसके बाद गिर्राज ने भैंस चोरी करने वाले लोगों के आने की जानकारी दी। गंगाराम ने चोरों को अपने पास बुलाया और बैहरदा के आगे उनसे मुलाकात कर चार-पांच लोगों के लिए खाना लेकर पहुंचा। उसने सभी को जंगल स्थित अपने प्लॉट पर रात में रुकवाया।

अगले दिन आरोपी ने जंगल से 13 भैंसें चोरी कर करीब दो-तीन किलोमीटर तक निकालकर दल्ला गुर्जर निवासी भुढावली सहित उसके साथियों को सौंप दीं। बाद में उसे पता चला कि चोर भैंसों को छोड़कर भाग गए। आरोपी के अनुसार ये भैंसें राजेंद्र यादव निवासी ककरई की थीं।

बैराड़ थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि भैंसों चोरों के गिरोह नयमे शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है अब पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका और गिरोह से जुड़े लोगों की जानकारी जुटा रही है।

## अवैध शराब के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान की उठी मांग

# आप नेताओं ने कलेक्टर को जनसुनवाई में सौंपा आवेदन कहा- सागर जैसी घटना की पुनरावृत्ति रोकना जरूरी



अवैध व संदिग्ध शराब के खिलाफयुद्धस्तर पर अभियान की मांग, आप नेताओं ने कलेक्टर को जनसुनवाई में सौंपा आवेदन, कहा- सागर जैसी घटना की पुनरावृत्ति रोकना जरूरी

**आगर मालवा।** सागर जिले के बंडा क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना के बाद आगर-मालवा में भी अवैध एवं संदिग्ध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की मांग उठी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एससी विंग ईश्वर अजमेरिया एवं संजय भालवीय ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम जनसुनवाई में आवेदन सौंपा। आवेदन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब के संभावित ठिकानों पर सघन जांच और छापामार कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही संदिग्ध एवं अवैध शराब जब्त कर नियमानुसार नष्ट करने, अवैध निर्माण, परिवहन और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई तथा जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी की मांग की गई। आवेदकों ने संबंधित थाना क्षेत्रों एवं आबकारी अमले की भूमिका की समीक्षा कर लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय करने और ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध शराब के दुष्प्रभावों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग भी की है। आवेदन में कहा गया कि अवैध शराब का मामला केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

# 38 शिविर, 3,500 लाभार्थी: ग्रामीण क्षेत्रों में अदाणी फाउंडेशन की नेत्र स्वास्थ्य पहल




**अनूपपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन द्वारा अनूपपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के आसपास के गांवों में व्यापक नेत्र स्वास्थ्य अभियान चलाया गया। 13 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक चले इस अभियान के तहत 20 ग्राम पंचायतों के 36 गांवों में 38 नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में कुल 3,500 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 2,121 पुरुष और 1,379 महिलाएं शामिल थीं। नेत्र विशेषज्ञों एवं मेडिकल टीम द्वारा जांच के बाद 2,216 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं, अन्य जरूरतमंदों को आंखों की देखभाल और आगे के उपचार के संबंध में चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित मार्गदर्शन दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को उनके गांव और आसपास के क्षेत्र में ही आवश्यक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, ताकि सामान्य नेत्र जांच और प्राथमिक उपचार के लिए ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता न पड़े। समय पर आंखों की जांच से दृष्टि संबंधी समस्याओं की शुरुआती स्तर पर पहचान कर उचित उपचार और सुधारात्मक उपाय किए जा सकते हैं। शिविरों के दौरान मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराने, आंखों की स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वस्थ एवं पौष्टिक आहार लेने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। आवश्यकता के अनुसार ग्रामीणों को आगे विशेषज्ञ उपचार लेने के संबंध में भी सलाह दी गई। ग्रामीणों ने अनूपपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के सहयोग से अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी हैं, जिन्हें आर्थिक या अन्य संसाधनों की कमी के कारण समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई होती है। गांव में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा मिलने से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभ मिला। अदाणी फाउंडेशन अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं वंचित समुदायों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहा है। इन पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### टीईटी की अनिवार्यता सहित विविध मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**आगर मालवा।** टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों को छूट देने सहित विभिन्न विभागों की 23 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संघ की बड़ोद इकाई ने प्रांतीय आह्वान पर माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा विभाग के साथ-साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में मध्यप्रदेश के शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने के साथ पंचायत सचिवों का संबंधित विभाग में संविलियन करने, कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करने के लिए न्यायालय के आदेश को लागू करने तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इसी प्रकार आयुष विभाग के कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, पटवारियों के पदोन्नति नियमों में बदलाव करने तथा रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए बेहतर सुविधाओं से युक्त कार्यालय, मोबाइल प्रिंटर एवं स्कैनर उपलब्ध कराने की मांग की गई। संघ ने सभी विभागों के लिए एक वेतन आयोग गठित करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी पदोन्नति के अवसर देने और अनुकंपा नियुक्ति के नियमों को सरल बनाने की मांग रखी। इसके अलावा विभिन्न कर्मचारी संगठनों की जायज मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक जिले में जिला प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग भी ज्ञापन में की गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाना आवश्यक है।

# सहकारी संस्था में ऋण वितरण को लेकर किसान ने उठाए सवाल

## शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग



**आगर मालवा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कानड़ में ऋण एवं खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसान गौरीशंकर सूर्यवंशी ने शिकायत दर्ज कराते हुए शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान ने ऋण खाते में पलटी के नाम पर राशि मांगने, ऋण वितरण में कथित अनियमितता तथा कुछ परिचित लोगों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार किसान के किसान क्रेडिट कार्ड खाते में करीब 2.50 लाख रुपए का ऋण दर्ज था। किसान का दावा है कि ऋण माफी योजना के लिए पात्र होने के बावजूद खाते में पलटी के नाम पर राशि जमा कराने को कहा गया। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग समय पर राशि जमा कराने तथा बाद में करीब 5.70 लाख रुपए नकद जमा कराने का उल्लेख किया है। किसान ने संस्था में ऋण वितरण, ऋण खातों की पलटी, खाद वितरण, नकद लेन-देन सहित शाखा प्रबंधक की नियुक्ति के बाद से किए गए वित्तीय कार्यों की रिकॉर्ड के आधार पर जांच कराने की मांग की है। साथ ही अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई की मांग की गई है।

**इनका कहना है–**

इस मामले में शाखा प्रबंधक एन के वर्मा से चर्चा की तो उन्होने बतायाकि शिकायत झूटी है इन्होने पिछले वर्ष जो रूपये जमा किए थे वह ओवरड्यू राशि जमा की गई थी। उन्होने जितना रूपया जमा किया उतने ही रूपये की रसिद दी। इन्होने 12000/-रूपये का खाद भी लिया है इनके पास वर्तमान में ढाई बिघा जमीन बची है और यह कहते है कि राशि बढा दे तो मै कैसे बढा सकता हूँ।

**एन के वर्मा शाखा प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कानड**

# इंटर्न्स, जूडा को अब मिलेगा 21,500 रुपए स्टाइपेंड, डिप्टी सीएम के ऐलान के साथ आंदोलन हुआ खत्म






**समय जगत, भोपाल।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि इंटर्न्स, जूडा और एमटीए प्रतिनिधिमंडल के साथ मीटिंग हुई। इंटर्न डॉक्टर्स की मांगें मान ली गई हैं। अब 21,500 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल के मामले में 2 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री शुक्ल ने कहा- जांच के लिए टीम गठित की गई है। घायल छात्रों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्ल ने कहा- इंटर्न डॉक्टर्स हमारे फैसले से खुश हैं। सरकार ने 50 प्रतिशत स्टाइपेंड बढ़ाया है। मंत्री शुक्ल ने कहा- हमारे देश की डॉक्टर सबसे बड़ी ताकत हैं। आप हमेशा मुस्कुराकर अपना काम करते रहिए। सरकार आपके साथ है और आपकी सभी मांगों को ध्यान में रखकर पूरा कर रही है। विदेश में होते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने आपके हित में फैसला सुनाया। स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर इंटर्न डॉक्टर 3 दिन से आंदोलन कर रहे थे। भोपाल में कमला पार्क के पास बड़ा प्रदर्शन चल रहा था। इसका असर प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवाओं पर पड़ा। तीसरे दिन डॉक्टर्स ने आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में बुधवार दोपहर 12 बजे तक ओपीडी बंद रही। सीनियर डॉक्टरों ने मरीजों को देखा। किडनी और लिवर के मरीज परेशान होते दिखे। हमीदिया अस्पताल में बुधवार को सिर्फ 2 ऑपरेशन हुए, जबकि सामान्य दिनों में 40 से ज्यादा ऑपरेशन होते हैं।

## सार-समाचार

### वरिष्ठ व्यापारी एवं जैन समाज के अध्यक्ष टेकचंद जैन का निधन, नगर में शोक



**समय जगत, गैरतगंज।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज, गैरतगंज के अध्यक्ष टेकचंद जैन का अस्वस्थता के बाद हैदराबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही सकल दिगंबर जैन समाज सहित नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। टेकचंद जैन सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते थे। जैन समाज के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने समाजहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से समाज ने एक वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया। वे व्यापारी राजकुमार जैन के भाई, पंकज जैन एवं नीरज जैन के पिता तथा राहुल जैन के बड़े पिता थे। उनके निधन पर समाजजनों, व्यापारियों एवं नगरवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बुधवार, 9 सितंबर को शाम 5 बजे उनके निज निवास से अंतिम यात्रा टेकापार मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, समाजजन एवं परिचित शामिल हुए और मुक्तिधाम पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्कूलों के विद्युतीकरण को मिली रफ्तार, 1,763 स्कूलों में बिजली कनेक्शन का कार्य पूरा

**समय जगत, जबलपुर।** विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्युतीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कंपनी के अंतर्गत 24 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही जारी है, जहां अब तक विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। 31 अगस्त 2026 तक की स्थिति के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा चिन्हित 2,752 गैर-विद्युतीकृत विद्यालयों का सर्वेक्षण कंपनी द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। सर्वेक्षण में 394 विद्यालयों में पहले से विद्युत कनेक्शन पाए गए, जबकि कुछ विद्यालयों में भवन उपलब्ध नहीं होने अथवा अन्य कारणों से तत्काल कनेक्शन संभव नहीं है। शेष 2,254 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें 814 विद्यालय ऐसे हैं, जहां बिना किसी अतिरिक्त विस्तार कार्य के सीधे विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा सकते हैं, जबकि 1,440 विद्यालयों में विद्युत लाइन/नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता चिन्हित की गई है। कंपनी द्वारा इन दोनों श्रेणियों में कार्य को गति देते हुए अब तक कुल 1,763 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। इनमें बिना विस्तार कार्य वाले 814 विद्यालय तथा विस्तार कार्य पूर्ण कर 949 विद्यालयों को विद्युत सेवा से जोड़ा जा चुका है। इस प्रकार लक्षित 2,254 विद्यालयों में से लगभग 78 प्रतिशत विद्यालयों का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। शेष 491 विद्यालयों में भी आवश्यक कार्यवाही प्रगतिरत है। इसके साथ ही पूर्ण किए गए 1,763 कनेक्शन कार्यों में से 1,667 IVR जनरेट किए जा चुके हैं। कंपनी द्वारा विद्यालयों के विद्युतीकरण को केवल कनेक्शन प्रदान करने तक सीमित न रखते हुए आवश्यक नेटवर्क विस्तार कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शेष विद्यालयों को भी चरणबद्ध तरीके से विद्युत सुविधा से जोड़ने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### श्रम प्रहरी बनकर श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण में निभाएं भागीदारी : मंत्री श्री पटेल



**समय जगत, भोपाल।** श्रम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि श्रम प्रहरी एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व है। अक्सर अपंजीकृत इकाइयों में श्रम नियमों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण श्रमिकों के शोषण अथवा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में यदि जागरूक नागरिक अपने आसपास संचालित ऐसी अनधिकृत गतिविधियों की जानकारी शासन तक पहुँचाते हैं, तो इससे श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित होगा और कार्यस्थलों को श्रमिकों के लिए सुरक्षित बनाया जा सकेगा। प्रदेश के नागरिकों से श्रम प्रहरी के रूप में आगे आकर श्रमिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य में बिना पंजीयन के संचालित हो रहे कारखानों, व्यावसायिक संस्थानों और निर्माण कार्यों की पहचान कर श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों तथा कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है।

## फसल गिरदावरी में पटवारी स्तर से जियो टैग से मुक्ति की मांग

# पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन, लंबित मांगों के निराकरण की उठाई आवाज



**समय जगत, हरदा।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ की लंबित मांगों और विभिन्न विभागीय समस्याओं के निराकरण को लेकर हरदा जिले के पटवारियों ने प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन एवं जिलाध्यक्ष विकास जोशी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर आशाराम चिरामन को ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने शासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बावजूद मांगों का निराकरण नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की।पटवारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि विगत आंदोलन स्थगित किए जाने के पूर्व पीआरसी भवन,भोपाल में हुई बैठक में प्रदेश के जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों के समक्ष शासन की ओर से कैडर रिव्यू कमेटी के गठन,पटवारी संघ के पदाधिकारियों के अनुचित स्थानांतरण निरस्त करने संबंधी आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया था। इसके साथ ही फसल गिरदावरी सहित पटवारियों से जुड़ी अन्य समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा भी दिलाया गया था।संघ के अनुसार,मुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा तथा शासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद किसान हित और जनविश्वास अभियान को ध्यान में रखते हुए पटवारियों ने अपनी हड़ताल आगामी तीन माह के लिए स्थगित कर दी थी। हालांकि,निर्धारित अवधि में मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रदेशभर के पटवारियों में निराशा और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में वर्तमान में सामने आ रही फार्मर आईडी से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। संघ का कहना है कि फार्मर आईडी के कार्य में गलत खसरे हटाने, सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामियों, सर्वर के सुचारू रूप से काम नहीं करने सहित कई व्यवहारिक परेशानियां सामने आ रही हैं। इन समस्याओं का राज्य स्तर पर समुचित समाधान नहीं होने के बावजूद विभिन्न जिलों में पटवारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।पटवारी संघ ने ऐसी कार्रवाई को अनुचित बताते हुए कहा कि तकनीकी समस्या का खामियाजा मैदानी स्तर पर काम करने वाले पटवारियों को भुगतना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि पहले तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए और उसके बाद ही कार्य की जवाबदेही तय की जाए।ज्ञापन में खरीफ फसल गिरदावरी का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने बताया कि वर्तमान में फसल गिरदावरी का कार्य लोकल यूथ के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन कई ग्रामों में लोकल यूथ द्वारा गिरदावरी नहीं किए जाने अथवा उनकी नियुक्ति नहीं होने के कारण यह जिम्मेदारी पटवारियों पर आ रही है।पटवारी संघ ने मांग की कि यदि पटवारी स्तर पर फसल गिरदावरी का कार्य कराया जाता है तो उसमें जियो टैग की अनिवार्यता हटाई जाए,क्योंकि इस संबंध में तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर कई कठिनाइयां सामने आ रही हैं।

संघ के अनुसार, इस मांग को लेकर पूर्व में भी कई बार पत्राचार किया जा चुका है और भोपाल में हुई बैठक में भी इस पर सहमति व्यक्त की गई थी,लेकिन अब तक समस्या का उचित समाधान नहीं हुआ है।ज्ञापन के माध्यम से संघ ने शासन से पटवारियों की हड़ताल अवधि के वेतन का भुगतान,कैडर रिव्यू कमेटी के गठन का आदेश,पदाधिकारियों के नीति विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने,फार्मर आईडी की तकनीकी समस्याओं का निराकरण तथा पटवारी स्तर की फसल गिरदावरी से जियो टैग हटाने की मांग की।

# हरदा से अयोध्या तक गूंजा मानव सेवा का संदेश

## रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल का अयोध्या में होगा सम्मान



**समय जगत, हरदा।** जब सेवा का संकल्प सच्चा हो,तो पहचान सीमाओं की मोहताज नहीं रहती। रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में समर्पित जय महाराणा रक्तदान समूह भारत हरदा की सेवा यात्रा अब हरदा से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंच गई है। समूह के रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल को रक्तदान एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अयोध्या धाम में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव एवं राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

अयोध्या में तीन दवसीय होने वाले इस भव्य आयोजन में देश के अलग-अलग राज्यों से रक्तदाता,समाजसेवी एवं सेवा संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। नेपाल,भूटान सहित विदेशों से आने वाले सेवाभावी प्रतिनिधियों की सहभागिता भी आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देगी।ऐसे मंच पर हरदा के रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल का सम्मान होना पूरे हरदा जिले के लिए गर्व और खुशी का विषय है।जय महाराणा रक्तदान समूह भारत हरदा ने रक्तदान को केवल एक अभियान नहीं,बल्कि मानवता की सेवा का संकल्प बनाया है। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था से लेकर समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने तक, समूह निरंतर सेवा की दिशा में सक्रिय है।अयोध्या के राष्ट्रीय मंच पर मिलने वाला यह सम्मान हर उस रक्तदाता को समर्पित है,जिसने अपना रक्त देकर किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में उम्मीद की किरण जगाई।रक्त की कोई जाति नहीं होती,कोई धर्म नहीं होता और न ही कोई सीमा।रक्त की पहचान सिर्फ इंसानियत है।इसी विचार के साथ जय महाराणा रक्तदान समूह भारत हरदा का संदेश अब और दूर तक पहुंचे यही इस सम्मान की सबसे बड़ी सार्थकता होगी।

# जर्जर रंगमंच बना मासूम बच्चों के लिए खतरा

## तीन-चार साल से डिस्मेंटल की मांग, अब तक नहीं हुई कार्रवाई



**मण्डला, समय जगत।** विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कौआ डोगरी में संचालित एकीकृत हाई स्कूल के माध्यमिक शाला परिसर में वर्षों पुराना पंचायत का रंगमंच जर्जर अवस्था में खड़ा है। परिसर में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के साथ आंगनवाड़ी केंद्र भी संचालित होने के कारण जर्जर भवन से बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। बताया गया कि यह रंगमंच काफी पुराना है तथा बिना बीम-कॉलम के निर्मित होने के साथ इसकी छत भी क्षतिग्रस्त होकर झुक गई है। भवन की स्थिति इतनी खराब है कि कभी भी इसका कोई हिस्सा गिर सकता है। ऐसे में स्कूल परिसर में अध्ययनरत मासूम बच्चों के साथ हादसे की आशंका बनी हुई है। शाला प्रबंधन द्वारा अनुपयोगी एवं जर्जर भवन को डिस्मेंटल कराने के लिए ग्राम पंचायत कौआ डोगरी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव को कई बार पत्र लिखकर मांग की जा चुकी है।

बावजूद इसके तीन-चार वर्ष बीतने के बाद भी भवन को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई है। अभिभावकों एवं शाला प्रबंधन ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि किसी संभावित दुर्घटना से पहले जर्जर रंगमंच का निरीक्षण कर तत्काल डिस्मेंटल कराया जाए।


### इनका कहना है

जर्जर एवं अनुपयोगी रंगमंच भवन को हटाने के लिए शाला प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत एवं विकासखंड के वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार पत्र और मौखिक रूप से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। भवन के कारण परिसर में बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। इसे जल्द डिस्मेंटल कराया जाना आवश्यक है।
**धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय,** प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल कौआ डोगरी, मोहगांव

मामला संज्ञान में आते ही ग्राम पंचायत को जर्जर भवन के डिस्मेंटल संबंधी प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रस्ताव प्राप्त होते ही जल्द अग्रिम कार्रवाई कर भवन को हटाया जाएगा, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
**शिवकुमार मिश्रा अड्डू भैया**, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा समिति जनपद पंचायत मोहगांव

# पुलिस कमिश्नर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

## प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर नवाजा



**समय जगत,इंदौर।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने पर 20 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रआर अजय सिंह सेंगर को मीडिया से बेहतर संवाद और प्रचार-प्रसार, यातायात के रक्षित निरीक्षक राजू सांवले को मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई, आरक्षक आशीष मिश्रा को सोशल मीडिया पर पुलिस कार्यों के प्रचार, अविनाश दुबे को NCRP पोर्टल पर बेहतर कार्य सहित एरोड्रम, सदर बाजार, अपराध शाखा, यातायात, डीसीपी जोन-02, जोन-04, समन्वय व CEIR पोर्टल से जुड़े पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# इंदौर अतिक्रमण हटाने गए एडिशनल डीसीपी को धक्का, जमीन पर गिरे, 6 हिरासत में



**समय जगत, इंदौर।** साउथ तोड़ा में बुधवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा हो गया। भीड़ को हटाते समय एक युवक ने एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल को धक्का दे दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने मौके से 6 युवकों को हिरासत में लिया। राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने विद्या गौड़ मंदिर से दौलतगंज मार्ग पर कार्रवाई की। यहां सर्वे नंबर 358 की 43 करोड़ की शासकीय जमीन पर बने 45 दुकान-गोदाम और 2 मकानों पर बुलडोजर चला। निगम के मुताबिक 50 शेड और 6 मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए। कार्रवाई के लिए 100 कर्मचारी, 3 पोकलेन, 6 जेसीबी और 80 से अधिक पुलिस जवान तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए नोटिस देकर अतिक्रमण हटाया गया है।

## मुनालाल यादव अध्यक्ष एवं रानी नंदलाल चौरसिया उपाध्यक्ष के लिए निर्विरोध प्रस्तावित

# शाउमावि गढ़ी में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन



**समय जगत, गैरतगंज।** तहसील के क़स्बा गढ़ी में 9 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन एवं निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के प्राचार्य भगवान सिंह खंगार द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय एवं समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी गई। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नरेश कुमार विश्वकर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षक को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्ग, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावक, स्थानीय निकाय प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ, विद्यालय के पूर्व छात्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

**पारदर्शी एवं समावेशी प्रक्रिया से हुआ चयन:** उपस्थित अभिभावकों एवं सदस्यों के बीच शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चयन के लिए पारदर्शी एवं समावेशी निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। अनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों में से ग्राम पंचायत गढ़ी के सरपंच सैयद मसूद अली पटेल एवं वरिष्ठ स्थानीय नागरिक बृजलाल जाटव द्वारा मुनालाल जी यादव को अध्यक्ष तथा श्रीमती रानी नंदलाल चौरसिया को उपाध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

**सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित, निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न:** अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित नामों के पक्ष में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपना समर्थन दिया। किसी अन्य सदस्य द्वारा नाम प्रस्तावित नहीं किए जाने से निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध पूर्ण हुई तथा उपस्थित सदस्यों की सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत गढ़ी के सरपंच सैयद मसूद अली पटेल, उपसरपंच एवं स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि बृजेश कुमार जाटव, वरिष्ठ भाजपा नेता भागचंद चौरसिया, पूर्व जनपद सदस्य खेमचंद चौरसिया, रवि चौरसिया, शराफ़त खां, सैयद आफ़ताब अली,नितिन माहेश्वरी कैलाश विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा,सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा शाला प्रबंधन समिति के मिडिल स्कूल के अध्यक्ष दुलीचंद जाटव, संदीप चौरसिया, नंदलाल चौरसिया, महेंद्र यादव, राकेश विश्वकर्मा, फैज मोहम्मद, रामकुमारी यादव, रामकुमारी सेन, रमा बाई, संध्या बाई, हेमलता बाई, शांति बाई, रजनी बाई, वंदना बाई पटवा, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, पूर्व छात्र आदर्श मालवीय सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# साइबर सेल ने 54 गुम-चोरी मोबाइल बरामद कीमत आठ लाख रुपए, मालिकों को दिए

## पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी जानकारी

**समय जगत, श्योपुर।** श्योपुर पुलिस की सायबर सेल ने गुम और चोरी हुए 54 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपए है। मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एक कार्यक्रम के दौरान ये मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर सायबर सेल को गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन ढूंढने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया और डीएसपी मुख्यालय प्रेमनारायण गोयल के मार्गदर्शन में सायबर सेल ने जिले के सभी थानों से मिलकर मोबाइलों की तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि मोबाइल फोन की लोकेशन और तकनीकी जानकारी जुटाने के लिए सीईआईआर पोर्टल और दूसरे तकनीकी तरीकों का इस्तेमाल किया गया।




इसके लिए दूसरे राज्यों और जिलों की पुलिस टीमों से भी संपर्क किया गया। लगातार कोशिशों के बाद कुल 54 मोबाइल फोन बरामद हुए। 8 सितंबर को पुलिस कंट्रोल रूम में हुए कार्यक्रम में बाबूलाल मीणा, सिकंदर मीणा, विकास बैरवा, विष्णु कुमार नागर, धीरा सिंह, राम नरेश सुमन, राजेन्द्र आर्य, विक्की बाथम, कान्हाजी कुशवाह, राम सिंह, गिर्राज बैरवा, बृजेश दीक्षित, विमल कंबोज, आकाश सुमन, सत्यनारायण बैरवा, लेखराज बैरवा और दिनेश सुमन समेत कुल 54 लोगों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस के काम की तारीफ की। पुलिस ने यह भी बताया कि सायबर सेल को मिले दूसरे आवेदनों पर भी कार्रवाई चल रही है। गुम हुए बाकी मोबाइलों की तलाश के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाने में आवेदन दें। मोबाइल का बिल या बॉक्स, जिस पर आईएमईआई नंबर साफ लिखा हो, और आधार कार्ड देकर सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल की जानकारी अपलोड करवाएं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

गुम मोबाइलों को ढूँढने में सायबर सैल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक संजय यादव, महिला आरक्षक प्रियल पाठक, बेता शर्मा, आरक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर की अहम भूमिका रही। साथ ही इकाई श्योपुर के समस्त थानों में सीईआईआर पोर्टल पर कार्य करने वाले आरक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# संत रविदास जयंती पर बनवार में आयोजित हुई कलश वंदन यात्रा राज्यमंत्री श्री लोधी ने किया कलश स्थापना एवं माल्यार्पण

## समरसता संकल्प अभियान के तहत जबेरा के 15 गांवों में पहुंची यात्रा

**दमोह, समय जगत।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत ग्राम बनवार में कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने यात्रा में सहभागिता करते हुए संत रविदास मंदिर में पवित्र कलश की स्थापना की। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संत रविदास महाराज की गौरवगाथा जन.जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से संत रविदास जी की जन्मस्थली काशी से लाई गई पवित्र मिट्टी को विधानसभा सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में कलश के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा संत रविदास महाराज के जीवनए विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को घर-घर, गांव-गांव और नगर-नगर तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली




जा रही है। विधानसभा जबेरा में जहां-जहां संत रविदास के मंदिर हैं, वहां उनकी जन्मभूमि की पवित्र मिट्टी पहुंचाकर कलश स्थापना की जाएगी। श्रद्धालु इस पवित्र मिट्टी का पूजन एवं वंदन कर स्वयं को धन्य महसूस करेंगे। श्री लोधी ने कहा विधानसभा जबेरा में कुल 15 गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां संत रविदास जी के मंदिर स्थित हैं। इन सभी स्थानों को यात्रा के माध्यम से जोड़ा जाएगा और जन्मभूमि की पवित्र मिट्टी मंदिरों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होने कहा कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ 7 सितंबर से हुआ है जो 11 सितंबर तक चलेगी। प्रथम दिवस विधानसभा जबेरा के ग्राम घटेरा, बनवार, लरगुवां, परस्वाहा, खमरिया, पटना मानगढ़, रौड़, मझगुवां मानगढ़, बम्हौरी, सिमरी, चौपरा, घाना, कलेहरा एवं जबेरा सहित निर्धारित ग्रामों में यात्रा निकली। अभियान का उद्देश्य संत रविदास महाराज के समतामूलक विचारोंए सामाजिक एकता और समरसता के संदेश को व्यापक स्तर पर जन.जन तक पहुंचाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राशन वितरण में लापरवाही पर की गई सख्त कार्रवाई

**समय जगत, सिरोंज।** राशन वितरण में गड़बड़ी और लापरवाही बरतने वाले विक्रेताओं के खिलाफ एसडीएम सिरोंज के आदेश पर खाद्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है। सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव ने क्षेत्र का दौरा कर अनियमितता मिलने पर दो विक्रेताओं को वसूली का नोटिस जारी किया है तथा दो विक्रेताओं को पद से हटा दिया है। जगथर दुकान- निरीक्षण के दौरान भौतिक सत्यापन में स्टॉक का मिलान न होने और अंतर पाए जाने पर संबंधित विक्रेता को 77,117 रुपये की वसूली का नोटिस थमाया गया है। रिनिया दुकान- स्टॉक में गड़बड़ी पाए जाने पर यहां के विक्रेता को भी 68,442 रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया गया है। झंडवा एवं करैया हाट- राशन दुकान संचालन और वितरण कार्य में लगातार लापरवाही बरतने के चलते झंडवा और करैया हाट दुकानों के विक्रेताओं को तत्काल प्रभाव से विक्रेता पद से पृथक कर दिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में लगातार नियमित भ्रमण किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि राशन वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहेगी।

### भोपाल से आरोन प्रवास के दौरान पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का देवपुर में भव्य स्वागत



**सिरोंज।** भोपाल से आरोन जाते समय राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का ग्राम देवपुर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवपुर में कांग्रेस परिवार के साथियों ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, शहर अध्यक्ष सैफू गौरी, देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, अरविंद नगीना, अनिरुद्ध यादव, बिट्टू कुरैशी, हरनाम सिंह वकील राजपूत, कलेक्टर सिंह, केशव राजपूत, मयंक गोस्वामी एवं संतोष गिर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर और आतिथ्य सत्कार के साथ पूर्व मंत्री जी की अगवानी की। इस दौरान जयवर्धन सिंह जी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए एकजुटता के साथ क्षेत्र के विकास और संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया।

### पुलिस ने जानलेवा हमला मामले में दर्ज किया मुकदमा

**समय जगत, कटनी।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत सालीमार मार्केट स्थित शंकर टॉकीज के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब फुल्की खा रहे एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वारदात में घायल युवक की पहचान आधार काप निवासी आकाश निषाद के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# मेडिकल कालेज में कैंसर डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ

**विदिशा, समय जगत।** अटल बिहारी मेडिकल एवं चिकित्सालय में कैंसर डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री लखन पटेल सहित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक एवं भोपाल एम्स हॉस्पिटल के संचालक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि विदिशा में कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा और जिसमें सभी प्रकार की सुविधा कैंसर मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से मरीजों का इलाज किया जाएगा, जिसकी व्यवस्था मेडिकल कॉलेज को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट के प्रारंभ होने से आसपास




के सभी जिले के लोगों के लिए लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल एम्स और विदिशा मेडिकल कॉलेज का एमयू हस्ताक्षर कराया गया है और आने वाले दिनों में अब एम्स के डॉक्टर भी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को प्रशिक्षण देंगे। मंगलवार का दिन विदिशा के लिए एक खास अहमियत लेकर आया। जिला मुख्यालय स्थित अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर कैंसर डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विदिशा में पिछले दिनों हुए कैंसर जांच प्रशिक्षण में 3000 लोगों की जांच की गई थी, जिसमें से करीब 600 मैरिज कैंसर बीमारी से युक्त पाए गए थे। यह चिंता का विषय है कि करीब 20 फीसदी लोग कैंसर की बीमारी से युक्त पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें आने वाले पीढ़ी और वर्तमान के लोगों को बचाने के लिए इस और जागरूकता की आवश्यकता है। वर्तमान में मिलावटी सामग्री लोगों के लिए कैंसर पैदा कर रही है और इसको रोकना अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि हम लोग ही मिलावट की वस्तुओं का विक्रय कर रहे हैं और इसे रोकने के लिए हमें ही आगे आना पड़ेगा। पनीर, दूध और अन्य खाने पीने की सामग्रियों के माध्यम से लोगों में कैंसर के लक्षण बढ़ रहे हैं और यह देश के लिए काफी हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक होना पड़ेगा और कैंसर के लक्षण दिखते ही इसका इलाज भी लोगों को करना चाहिए ताकि वह बीमारी ला इलाज न बन सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जनाधार जनता में काफी अच्छा है और यही कारण है कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के करण सबसे अधिक मतों से जीत हासिल करते हैं।

बंडा की घटना के बाद कटनी में भी शराब दुकानों की चेकिंग

# आबकारी अमला दुकानों पर पहुंचा, अलग-अलग ब्रांड के सैंपल लिए, गुणवत्ता की होगी परख

**समय जगत, कटनी।** सागर जिले के बंडा में जहरीली शराब की घटना के बाद कटनी में भी आबकारी विभाग ने शराब की गुणवत्ता को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले की शासकीय मदिरा दुकानों की सघन जांच शुरू की गई है। विभागीय अमला दुकानों पर पहुंचकर अलग-अलग ब्रांड की शराब के नमूने ले रहा है, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम के मुताबिक पिछले दो दिनों से लगातार दुकानों का निरीक्षण कर सैंपलिंग की जा रही है। रविवार और अवकाश के दिन भी कार्रवाई जारी रही। विभाग का कहना है कि शराब की गुणवत्ता के साथ उसकी बिक्री व्यवस्था पर भी निगरानी रखी जा रही है और जांच आगे भी जारी रहेगी।

**बोतल पर क्यूआर कोड, ग्राहक खुद भी कर सकते हैं जांच:** आबकारी विभाग ने शराब खरीदने वालों से बोतल पर दर्ज क्यूआर कोड स्कैन करने की अपील की है। इससे



निर्माण कंपनी, बिक्री जिले और निर्माण तिथि सहित अन्य जानकारी की पुष्टि की जा सकती है। विभाग ने लोगों से केवल शासकीय दुकानों से ही शराब खरीदने को कहा है।

**गंध, रंग या स्वाद बदला तो न करें सेवन :** विभाग ने स्पष्ट किया है कि शराब के स्वाद, गंध या रंग में असामान्य बदलाव नजर आए अथवा मिलावट का संदेह हो तो उसका सेवन नहीं किया जाए। ऐसी स्थिति में तत्काल आबकारी विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। शिकायत के लिए जिला आबकारी कार्यालय के फोन नंबर 07622-231217 पर संपर्क किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री आवास, श्मशान के लिये भूमि सहित अन्य मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**विदिशा, समय जगत।** सिरोंज तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरगनाखेड़ी टपरा ग्रामीण बड़ी संख्या में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त जारी हो चुकी थी लेकिन इसके बाद आगे की किस पर जारी नहीं की गई है, जिसके कारण से कई वर्षो से लोग अपनी किस्त आने का इंतजार कर रहे हैं जिसके चलते प्रधानमंत्री आवास अधूरे पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र होकर कुटीरों का आधा निर्माण भी कर चुके हैं किन्तु स्वीकृत राशि का हस्तांतरण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते हितग्राहियों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम में शमशान घाट के लिये कोई भूमि चिन्हित नहीं की गई है, जिसके चलते ग्राम में कोई श्मशान नहीं हैं एवं शवदाह



करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम टपरा से हरगनाखेड़ी जो कि लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित है जहां प्राथमिक विद्यालय हैं एवं उक्त विद्यालय तक आने जाने कि लिये कोई रास्ता न होने के करण छोटे-छोटे बच्चों को खेत की मेड़ों और कीचड़ में से होकर आवागमन करना पड़ता है। जिसके चलते बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में वर्ष 2018 से लगातार तहसीलदार महोदय सिरोंज, अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज व कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी आवेदन देकर देकर अवगत कराया जा चुका है किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से लेकर विधायक तक को आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने की मांग कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हम काफी परेशान हैं और हमारी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हम आवेदन देने जाते हैं तो अधिकारियों द्वारा हमें कार्यालय से भगा दिया जाता है अब हम लोग अपनी समस्या लेकर जाएं।

# कराहल घाटी में बालाजी यात्रा कंपनी की बस पलटी, पांच घायल

## स्टीयरिंग फेल होने से हादसा होने की आशंका, श्योपुर से ग्वालियर जा रही थी बस

**समय जगत, श्योपुर।** श्योपुर से ग्वालियर जा रही बालाजी यात्रा कंपनी की बस कराहल घाटी में अचानक पलट गई। हादसे में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बस का स्टीयरिंग फेल होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस घाटी में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। घायलों में गोपाल गुर्जर निवासी मोरवन, बलदेव सिंह निवासी सेसईपुरा, लोहरे आदिवासी निवासी श्यामपुर, गीता कुशवाह निवासी गुरीचा और गुड्डी कुशवाह निवासी गुरीचा के नाम बताए गए हैं।



वहीं मोतीलाल कुशवाह निवासी गुरीचा और सरोज अरोरा का भी बस में सवार होना बताया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। घायलों में गोपाल गुर्जर निवासी मोरवन, बलदेव सिंह निवासी सेसईपुरा, लोहरे आदिवासी निवासी श्यामपुर, गीता कुशवाह निवासी गुरीचा और गुड्डी कुशवाह निवासी गुरीचा के नाम बताए गए हैं। वहीं मोतीलाल कुशवाह निवासी गुरीचा और सरोज अरोरा का भी बस में सवार होना बताया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# सेमल्दा, चकबमुलिया, ढोढर, अरोंदरी में चला मलेरिया जागरुकता अभियान



**समय जगत, श्योपुर।** जिले में मलेरिया एवं डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए निरंतर नियंत्रण एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम सेमल्दा, चकबमुलिया एवं ढोढर में मलेरिया नियंत्रण गतिविधियों का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। एम.टी.एस. श्री अरविन्द द्वारा सी.एच.ओ., ए.एन.एम. एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर नियमित लार्वा सर्वे, बुखार रोगियों की पहचान, जांच एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। उप स्वास्थ्य केंद्र सेमल्दा में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी देने हेतु प्रेरित किया गया। विकासखंड विजयपुर के ग्राम अरोंदरी में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक लार्वा सर्वे एवं नष्टीकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान कूलर, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकियों एवं खुले बर्तनों में जमा पानी की जांच की गई तथा लार्वा पाए जाने वाले स्थानों पर नष्टीकरण की कार्रवाई करते हुए एंटी-लार्वा बी.टी.आई. दवा का घोल डाला गया। ग्रामीणों को घर एवं आसपास पानी जमा न होने देने, पानी की टंकियों एवं कूलर की नियमित सफाई करने तथा सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर एवं पानी के बर्तनों को खाली कर सुखाने की सलाह दी गई। साथ ही सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने तथा बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रक्त की जांच कराने के लिए जागरूक किया गया।

### जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस पर आचार्य सम्मान समारोह आयोजित

**श्योपुर।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। अतिथियों ने जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रतिनिधि अशोक माधवानी ने की। समिति सदस्य सुरेश अग्रवाल, कमल सिंह गौतम एवं चन्द्रहास दीक्षित सहित विद्यालय के आचार्य, दीदी, भैया-बहिन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति परिवार की ओर से विद्यालय के सभी आचार्यों का सम्मान किया गया।

# शिक्षक दिवस पर पंजाबी महिला विकास समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान

**दमोह, समय जगत।** पंजाबी महिला विकास समिति दमोह द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के जाने माने एवं उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। इस अवसर पर समिति द्वारा इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के निर्माण की पहल करते हुए गणेश उत्सव का एक शुभ संदेश भी दिया गया साथ ही समिति की सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण की दिशा में सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम में पूनम छाबड़ा एवं प्रीति सलूजा द्वारा गणमन शिक्षकों का सम्मान किया गया वहीं अनीता वाधवा रूबी खनूजा एवं पूनम ग्रोवर



के मार्गदर्शन में मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति की चेयरपर्सन डॉक्टर रितु दुआ अध्यक्ष सोनिया अरोड़ा सेक्रेटरी शुची अरोरा के साथ ही अन्य सदस्य मनमीत अजमानी, नीतू गांधी, मोनी गांधी, काजल जुनेजा श्वेता सरीन, शिल्पा, मंजू मोंगिया सहित समिति के अन्य सदस्यों की भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण और इको फ्रेंडली गणेश उत्सव का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

# स्वच्छता के लिये नगर पालिका के साथ लोग भी निभाएं अपनी सामूहिक जिम्मेदारी: कलेक्टर

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को मिलकर करना होगा कार्य, कचरे को आय के स्रोत के रूप में विकसित करने पर जोर

**समय जगत, नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए केवल नगर पालिका के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा और वार्ड स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करना होगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने यह बात पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वच्छतम पोर्टल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला में कही। कार्यशाला में नगर पालिका नरसिंहपुर के अध्यक्ष नीरज दुबे, करेली नगर पालिका की उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, नगरपालिका नरसिंहपुर, करेली एवं गोटेगांव के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर, गोटेगांव एवं करेली, उपयंत्री एवं स्वच्छता प्रभारी मौजूद थे।




ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिनमें शासन से लेकर जिला प्रशासन, नगरीय निकायों और जनप्रतिनिधियों तक की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। जिले में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस दिशा में नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रत्येक निकाय की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि उनका अपने वार्ड के नागरिकों से सीधा संपर्क होता है और वे स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पार्षद अपने-अपने वार्डों में नियमित रूप से स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करें तथा जहां भी कचरा संग्रहण, सफाई या अन्य व्यवस्था में कमी दिखाई दे, उसकी जानकारी नगर पालिका को दें। उन्होंने कहा कि कचरा संग्रहण की नई व्यवस्था प्रारंभिक चरण में है, इसलिए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर इसमें लगातार सुधार किया जाएगा। शहर में घर-घर से नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने वार्डों में इस व्यवस्था की निगरानी करें और यदि कहीं कचरा संग्रहण वाहन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं पहुंच रहा है तो इसकी जानकारी दें। उन्होंने बताया कि स्वच्छता व्यवस्था में पहले जागरूकता और समझाइश को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन स्थानों पर बार-बार कचरा डाला जाता है, वहां पहले सफाई कर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## पुलिस द्वारा आरोपी को तत्परतापूर्वक किया गया गिरफ्तार

**सिलवानी।** थाना सिलवानी क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा में खेत के कुएं में मृत मिली 28 वर्षीय आरती आदिवासी की मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के अज्ञात कारणों का खुलासा कर आरोपी को महज 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, महिला की मौत हादसा नहीं बल्कि झगड़े के दौरान कुएं में धकेले जाने से हुई थी। जानकारी के अनुसार, 6 सितंबर 2026 को ग्राम रानीपुरा निवासी आरती आदिवासी, उम्र 28 वर्ष, अपने पिता प्रीतम सिंह आदिवासी के खेत में बने कुएं में मृत अवस्था में मिली थी। सूचना मिलने पर सिलवानी पुलिस ने मर्ग कायम कर प्राथमिक कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए घटनास्थल के आसपास के लोगों एवं साक्षियों से पूछताछ की। साक्षियों के कथन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस को पता चला कि घटना वाले दिन सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच आरती और उसके पति प्रदीप रघुवंशी के बीच कुएं के पास झगड़ा और झूमाझटकी हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नजीराबाद भाजपा की मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न



**समय जगत, बैरसिया।** भारतीय जनता पार्टी भोपाल ग्रामीण अंतर्गत नजीराबाद मंडल की महत्वपूर्ण मंडल कार्यसमिति बैठक संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी राजमल कुशवाहा और भाजपा मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर अमरपुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमें उनके द्वारा सेवा संकल्प अभियान ,पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही गई बैठक के अंत में नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयों का फूल मालाओं एवं साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया गया एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार और धन्यवाद किया गया।

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 वें पोषण माह का आयोजन



**समय जगत, पथरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण विषय को जनांदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष सितंबर से 9 वें पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष की मुख्य थीम हमारी ऑगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी है। 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, देखभाल एवं प्रारम्भिक बाल्यावस्था विकास से संबंधित सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पोषण सेवाओं के प्रति सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही को बढ़ावा देना है, इसी के अंतर्गत आहार विविधता एवं पर्याप्त गर्म पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारम्भिक विकास संबंधी गतिविधियां, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य हेतु सहायता पर आधारित पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन 09 सितंबर से किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण माह का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया गया,इसके साथ ही जिला महिला एवं बाल विकास परियोजना पथरिया अंतर्गत ऑगनबाडी केंद्रों पर रैली निकालकर एवं वेबकास्ट लिंक के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह शुभारम्भ के सजीव प्रसारण से जुड़े।

### भाजपा मंडल लटेरी की कार्यसमिति एवं आत्मनिर्भर मंडल बैठक संपन्न, सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा की गई निर्धारित



**समय जगत, लटेरी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं सिरोंज-लटेरी के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल लटेरी की कार्यसमिति एवं आत्मनिर्भर मंडल बैठक लटेरी में संपन्न हुई। यह बैठक जिला मंत्री भाजपा राजकुंवर बघेल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह बघेल की उपस्थिति तथा मंडल प्रभारी डॉ. राहुल जैन की वर्चुअल उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री रामगुलाम राजोरिया ने की। इस दौरान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रत्येक मतदान केंद्र / बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। मंडल अध्यक्ष श्री रामगुलाम राजोरिया ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपने उद्बोधन में जिला मंत्री राजकुंवर बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन प्रत्येक बूथ पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाना है तथा इस अवधि में होने वाले सभी कार्यक्रमों में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिजा प्रसाद शर्मा महेंद्र सिंह राजपूत, सचिन शर्मा, सतीश जैन, परमानंद अहिरवार, पवन कुशवाह, नितेश धाकड़ सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय बजरंगदल की प्रांत बैठक संपन्न, संगठन विस्तार को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण संकल्प

**समय जगत, सिलवानी।** अंतरराष्ट्रीय बजरंगदल की प्रांत बैठक प्रसिद्ध सोजनी धाम मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तारित जिलों रायसेन, सागर, भोजपुर एवं बरेली के प्रमुख दायित्वों की घोषणाएं की गईं। बैठक में प्रांतीय विभागीय अधिकारियों में प्रांत मंत्री राजू भार्गव, प्रांत संयोजक संजय खरे, विभाग मंत्री अरविंद खरे तथा विभाग अध्यक्ष गोलू मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक सीताराम नामजप एवं हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। इसके उपरांत प्रांत एवं विभाग के पदाधिकारियों ने संगठन की कार्ययोजना और आगामी गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रांत संयोजक संजय खरे ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सभी कार्यकर्ताओं को सामूहिक संकल्प दिलाया।

# 10वीं के शिक्षकों का अकादमिक प्रशिक्षण किया गया आयोजित



**मंडला।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत कक्षा 10वीं के शिक्षकों के लिए आयोजित छह दिवसीय जिला स्तरीय विषयवार अकादमिक प्रशिक्षण बुधवार को सगुन हॉल मंडला में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी/डीपीसी मुन्नी वरकड़े एवं एडीपीसी एल.एस. मसराम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार, कक्षा अध्यापन के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान तथा शिक्षकों के अकादमिक स्तर को मजबूत करना रहा। अगस्त माह से प्रारंभ यह प्रशिक्षण आगामी छह माह तक सतत प्रक्रिया के रूप में संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जिले के विषय विशेषज्ञों एवं मास्टर ट्रेनर्स ने कठिन विषयों और जटिल अवधारणाओं को गतिविधि आधारित एवं सरल शिक्षण पद्धतियों से समझाने के तरीके बताए। वहीं आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। एपीसी मुकेश पाण्डेय ने विभागीय योजनाओं, शासकीय पोर्टल, परीक्षा प्रबंधन, उमंग, उज्ज्वल, एआई एवं अकादमिक विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छह दिवसीय प्रशिक्षण में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों के मास्टर ट्रेनर्स ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जिले के शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा 10वीं के शिक्षक, जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षक तथा अतिथि शिक्षक सहित 1,260 शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के प्रभाव एवं शिक्षकों की ज्ञान वृद्धि का आकलन करने के लिए शुरुआत में पूर्व-परीक्षण तथा समापन पर पश्च-परीक्षण आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सामग्री, कार्यशील भोजन एवं अल्पाहार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के तकनीकी एवं मंच संचालन में सुमित कुशवाहा, अंकुश चौरसिया, इकबाल खान एवं कमलेश नंदा का सराहनीय योगदान रहा।

# सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक का प्रकोप कृषकों को शासन से मदद की है दरकार



**सुठालिया।** क्षेत्र में इन दिनों सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक रोग का प्रकोप दिखाई दे रहा है। वहीं बांझपन का भी शिकार सोयाबीन की फसल हो रही है। इसको लेकर किसान चिंतित हैं। क्योंकि उनकी दो ढाई माह की मेहनत और लाखों रु की लागत बेकार जा रही है। किसानों के अनुसार कई खेतों में रोग के कारण फसल पीली पड़कर कमजोर हो गई है और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। प्रभावित किसानों का कहना है कि कुछ खेतों में लगभग 75 से 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। लखनवास क्षेत्र के कुंडीखेड़ा, लोधीपुरा, लखनवास, संवासी, भंवास, सीलखेड़ा, पाडली गुसाई खेजड़ा महाराजा, तरेना टुवाखेड़ी, आमडोर आदि गावों के किसान तेज सिंह जितेन गिर, देबू सोंधिया, हिम्मत लववंशी, गोपाल गिरी, अमन गिरी, बाला प्रसाद, बनवारी पुष्पद, चंदर लोधा, लखन यादव, एलकार गुर्जर, आदि ने बताया की उनकी सोयाबीन फसल उक्त रोग से प्रभावित है।

किसानों का कहना है कि जे एस-9560 सोयाबीन में भी काफी नुकसान हुआ है। खेतों में बड़ी संख्या में पौधों की पत्तियां पीली दिखाई दे रही हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पीला मोजेक एक विषाणुजनित रोग है, जिसे मुख्य रूप से सफेद मक्खी फैलाती है। किसानों की मांग है कि कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर प्रभावित खेतों का सर्वे करे, वास्तविक नुकसान का आकलन करे तथा किसानों को उचित मार्गदर्शन और राहत दिलाने की कार्रवाई की जाए।

# संत रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती पर आयोजित हुई भव्य कलश वंदन यात्रा

**समय जगत, खाचरौद।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता मंच, नागदा ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित कलश वंदन यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विधिवत कलश पूजन कर समरसता संकल्प लिया गया। यात्रा का शुभारंभ अम्बेडकर नगर, वार्ड क्रमांक 5 से हुआ। कलश यात्रा पुराना थाना , लक्ष्मीनाथ चौक , चबूतरा चौराहा, अनंत नारायण मंदिर , गणेश देवली , निमाड़वास , विक्रम मार्ग , मुकुंदपुरा होते हुए रविदास मंदिर, रतलाम रोड पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं नगरवासी शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर तथा हाथों में भगवा ध्वज लेकर संत रविदास महाराज के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। पूरे यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण दिखाई दिया। इस पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से संत रविदास महाराज जी के सामाजिक एकता, समानता, समरसता एवं मानव कल्याण के प्रेरणादायी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समरसता सभा को विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान, अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी , अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री संजय पिपरिया , यात्रा के जिला सहसंयोजक राजेश जटिया ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास महाराज जी के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समानता की प्रेरणा देते हैं। उनके संदेश को आत्मसात कर सामाजिक समरसता को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर रमेश कलेसिरया, नरेंद्र चौहान , दसरथ , ईश्वर कटारिया, संत सदा जप महाराज,नितेश संगीतला,राजेश जटिया,राकेश राठौर, राजेन्द्र गोहर,अर्जुन शर्मा, विनोद चतुर्वेदी , रामकिसन नागर , रेखा सेन, शांतिलाल चावला , जगदीश चौहान , राजू मकवाना, अमित सेठी, अखिलेश शर्मा,प्रवीण जायसवाल, प्रवीण नायक, बाबूलाल राठोड, नंदराम राठोड , प्रकाश राठोड , जितेंद्र राठौड़,मांगीलाल नंदेड़ा, सुनील माहेश्वरी,संजय मेहता, रोहित राठौड़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश शर्मा ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष मनीषा अखिलेश शर्मा ने माना।



# मनोज मालवे के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब



**समय जगत, आमला ।** आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मनोज मालवे का जन्मदिन दादा दयालु लॉन परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे एवं वर्तमान विधायक निलेश उइके मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधु, महिलाएं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति से उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

**सामाजिक संगठनों ने किया जोरदार स्वागत:** जन्मदिन समारोह में महिला कांग्रेस, महिला पार्षद, अधिवक्ता संघ आमला, व्यापारी जन सेवा कल्याण समिति सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने मालवे का फूल-मालाओं से स्वागत किया। यूट्यूबर ममता उइके, वासु भाई सहित अन्य संगठनों ने भी बधाई दी। कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने केक काटकर मनोज मालवे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। पूरे परिसर में बधाइयोंज़ की गूंज रही और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**किया आभार व्यक्त :** इस अवसर पर मनोज मालवे ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं, नागरिकों एवं व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं का यह स्नेह और विश्वास उनके लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

## तीन अफसरों हिना, राजेश, राहुल के कंधों पर सजे सितारे, बढ़ा रुतबा और जिम्मेदारी

**धार, समय जगत।** पुलिस विभाग में पदोन्नति के साथ तीन अधिकारियों के कंधों पर सितारे सजे और उनके दायित्व भी बढ़ गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय धार में उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए राहुल चौहान, हिना जोशी एवं राजेश चौहान की पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इस दौरान एसपी सचिन शर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर नए सितारे सजाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। एसपी ने कहा कि पदोन्नति केवल पद बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के दायरे को बढ़ाने का नया दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, अनुशासन, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए आमजन की सुरक्षा एवं सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई। समारोह में एएसपी विजय डावर, एएसपी पारूल बेलापुरकर, एसडीओपी अरविंद तोमर, रक्षित निरीक्षक पुरुषोत्तम बिश्नोई एवं सूबेदार रविन्द्र कुशवाह सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पदोन्नत अधिकारियों के परिवारजन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# गुरुओं के सम्मान में भावुक हुआ लक्ष्य एकेडमी, विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

## शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



**नरसिंहगढ़, समय जगत।** लक्ष्य एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहगढ़ में शिक्षक दिवस का पर्व बड़े उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा पर आधारित भाषण, गीत, नृत्य एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में आयोजित विशेष गतिविधियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि गुरु केवल किताबों का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि वह शिल्पकार है जो विद्यार्थी के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को आकार देता है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों को सफलता की राह दिखाते हैं तथा उन्हें एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य श्री गजेंद्र तिग्रवाल ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। एक सच्चा शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन महेश कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के विधिक सलाहकार सुरेश जांगड़े एडवोकेट, प्राचार्य गजेंद्र तिग्रवाल, अकादमिक डीन रवि भारतीय, एक्टिविटी इंचार्ज दीपक वर्मा, अकाउंटेंट आजाद सिंह चंद्रावत, सुरेंद्र बंसीवाल, वर्षा मैम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मान एवं शुभकामनाएं देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य के प्रेम, सम्मान और आत्मीयता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन सभी गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# विजयकाली माता मंदिर पहुंच मार्ग के मजबूतीकरण की मांग, श्रद्धालुओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**दतिया।** श्री विजयकाली माता मंदिर के पहुंच मार्ग के मजबूतीकरण की मांग को लेकर देवी मां के भक्तों ने पूर्व पार्षद बृजेन्द्र सिंह बैस के नेतृत्व में दतिया विधायक घनश्याम सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में माता मंदिर के पुजारी आनन्द अवधेश मिश्रा, हीरा सेठ, पवन सोनी, उमेश श्रीवास्तव, अपूर्व तिवारी, सतीश सिहारे, शैलेंद्र सिंह बुन्देला, अजय सिंह परिहार काका, अर्जुन सिंह बैस आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। ज्ञापन में बताया गया कि दतिया शहर की कुलदेवी विजयकाली माता का मंदिर अति प्राचीन एवं लाखों लोगों की धार्मिक आस्था का केन्द्र है। प्रतिदिन माता मंदिर पर सुबह से श्रद्धालु एवं माता बहिनें मां विजयकाली के दर्शन, जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने पहुंचते है। मंदिर पर वर्ष में दो बार नवरात्र में विशाल मेला लगता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, देवी मां के भक्त मंदिर पहुंचते है। यह कि मां विजयकाली माता मंदिर का पहुंच मार्ग बहुत जर्जर हालत में है। करीब एक किमी मार्ग में एक सैंकड़ा छोटे बड़े गड्डें हैं।

इन गड्ढ़ों के कारण मंदिर पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को काफी असुविधा होती है, इसके अलावा मंदिर के समीप ऐतिहासिक महत्व की इमारत सतखंडा महल भी स्थित है महल पर देश विदेश से सैलानी आते हैं जो जर्जर मार्ग के कारण परेशानी उठाते हैं। अतः विनम्र अनुरोह है कि मां विजयकाली माता मंदिर के पहुंच मार्ग को टाउनहाल से माता मंदिर तक, गोविंद गंज से पुरानी जेल मार्ग होकर मातन का पहरा तक एवं गायित्री गार्डन से मातन के पहरे तक तथा पटवा तिराहा से भटियारा मोहल्ला होते हुए मातन का पहरा तक सड़क मार्ग का मजबूतीकरण, पेंचवर्क कार्य शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के पूर्व अति आवश्यक रूप से पूर्ण कराया जाए। मांग करने वालों में विपुल नीखरा, प्रकाश सोनी, पंकज सोनी, सुजीत सोनी, तनिष्क व्यास, सोनू झंडा गुरू, सुभाष अहिरवार, करण वर्मा, आकाश सोनी, आरके वर्मा, शैलेश सिंधी, पिंकी, दीप्ति, ज्योति प्रजापति, मोना, आशीष, कमला साहू, ज्योति सोनी, निधि रायकवार, भारती रायकवार, दया, हिमांशु ताम्रकार, राजेन्द्र गुबरेले, आरके तिवारी, दीपक संत, अमित विश्वकर्मा, बंटी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हैं।

## सेंवढ़ा विधायक ने ग्राम बरा में 42.50 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**दतिया।** सेंवढ़ा विधानसभा की तहसील इंदरगढ़ के ग्राम पंचायत चकबैना अंतर्गत ग्राम बरा में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर घाट का निर्माण 35 लाख रुपए की लागत से किया गया जिसका लोकार्पण बुधवार को क्षेत्रीय विधायक प्रदीप अग्रवाल ने विधि-विधान से किया। वहीं तीन लाख की लागत से ग्राम में बनने वाले प्रवेश द्वार निर्माण का भूमि पूजन, ग्राम में सीसी रोड निर्माण 4.50 लाख का भूमि पूजन किया गया। यहां कुल 42 लाख 50 हजार की लागत से विभिन्न निर्मित होने वाले विकास कार्यों का विधायक श्री अग्रवाल ने संतों की उपस्थिति में बतौर मुख्य अतिथि भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इससे पूर्व विधायक श्री अग्रवाल ने मंदिर में दर्शन किए एवं संतों का आशीर्वाद लिया। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां बहुत दिनों से घाट बनवाने की मेरी प्रबल इच्छा थी लेकिन बजट के अभाव के कारण यह कार्य नहीं हो पा रहा था। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विकास के लिए खूब बजट दिया जा रहा है उनके द्वारा प्रदत्त बजट से मैंने यहां के घाट के लिए राशि स्वीकृत की थी। आज लंबे इंतजार के बाद घाट का निर्माण हो गया है। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही निराकरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बरा सरकार धाम के संत, श्रीमती आरती जाटव, अनूप दांतरे, जोगिंदर सिंह जाट, सुजान सिंह रावत, पहलवान सिंह कुशवाहा, राकेश मुद्गल, पवन पाठक, खेम सिंह कुशवाहा, कमल सिंह कुशवाहा, हरनारायण सेन आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस ने तय की रणनीति, जनहित के मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरेगी

## कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक संपन्न, जिलाध्यक्ष- विधायक रहे उपस्थित



**दतिया।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को सर्किट हाउस पर समन्वय समिति की बैठक आयोजत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामलखन सिंह दंडोतिया ने की। बैठक में दतिया विधायक घनश्याम सिंह,भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया,जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, विधानसभा प्रभारी दशरथ सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक राधे लाल बघेल, प्रदेश महासचिव अवधेश नायक एवं जिला संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठनों के जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री आदि मौजूद रहे।

**इन लोगों को मिली जिम्मेदारी:** बैठक में सर्वसम्मति से जिला अनुशासन समिति का गठन किया गया जिसमें नारायण सिंह बाबू जी, आनंद शर्मा, पार्षद मुन्ना खान, नारायण दास प्रजापति एवं एवं बीएल केन को सदस्य बनाया गया। सभी अनुशासन समिति के सदस्यों का कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक में मंडलम से लेकर ब्लॉक स्तर तक आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन प्रभारी श्री दंडोतिया ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के मुद्दों की लड़ाई लड़नी होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और बूथ-बूथ तक पहुंचकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेंगे। दतिया विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष सत्ता के लिए नहीं बल्कि जनता के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए है उन्होंने कहा जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि समन्वय समिति का उद्देश्य संगठन को मजबूत कर कार्यकर्ताओं को एकजुट करना है। कांग्रेस जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाएगी और भाजपा सरकार की नाकामियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ से लेकर जिला मुख्यालय तक प्रभावी आंदोलन और कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा सरकार को जनता के सवालों पर जवाब देना होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस जिलेभर में बूथ स्तर से जिला मुख्यालय तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी विधानसभा प्रभारी दशरथ सिंह गुर्जर ने कहा कि बूथ स्तर से मंडलम,ब्लॉक तक संगठन को सक्रिय कर कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से जिले में कांग्रेस संगठन को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर रामकिंकर गुर्जर, अजय शुक्ला, रज्जन खान, गगन गुप्ता, शिशुपाल यादव, लक्ष्मण यादव, देशराज कुशवाहा, शैलेंद्र यादव, मान सिंह कुशवाहा, नारायण दास प्रजापति,रामू गुर्जर मोहन कुशवाहा, बादशाह खान आदि उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति कॉलोनी काटकर भूखंड बेचने पर 3 से 7 साल तक सजा का प्रावधान

**समय जगत, पांढुरना।** थाना लोधीखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खेरीतायगांव में बिना वैधानिक अनुमति भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर कॉलोनी विकसित करने और भूखंडों की बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की है। शिकायत और संबंधित दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि भूमि को आवासीय उपयोग के लिए कॉलोनी के रूप में विकसित कर भूखंड बेचे गए, जबकि कॉलोनी विकास एवं भूखंड विक्रय के लिए आवश्यक वैधानिक अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के तहत बिना निर्धारित प्रक्रिया और आवश्यक अनुमति के कॉलोनी विकसित करना दंडनीय अपराध है। इसी के तहत पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया गया है। दोष सिद्ध होने पर 3 से 7 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है, कि किसी भी कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले भूमि स्वामित्व, भूमि उपयोग, स्वीकृत ले-आउट, कॉलोनी विकास की अनुमति और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच जरूर करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संसार के काम जितनी रुचि से करते हैं, उतनी मोक्षमार्ग में करें तो जीवन सार्थक : मुनि श्री निर्णय सागर



**विदिशा।** संसार के काम जितनी रुचि और लगन से करता है, यदि उतनी ही रुचि मोक्षमार्ग के कार्यों में लेने लगे तो जीवन की दिशा ही बदल जाये उपरोक्त उदगार मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ने श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में व्यक्त किये। सकल दि. जैन समाज प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि मुनि श्री ने प्रवचन में सभी श्रद्धालुओं को संसार के दायित्व निभाते हुए आत्म कल्याण की दिशा में आगे बढ़ने और धर्म को जीवन की प्राथमिकता बनाने का संदेश देते हुये कहा कि संसार के व्यवहार में सुख दिखाई देता है, इसलिए मन सहज ही उसमें रम जाता है, लेकिन आत्म कल्याण के मार्ग में रुचि जागृत करने के लिए निरंतर चिंतन और अभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संसार के कार्यों को छोड़ना जरूरी नहीं, बल्कि उसमें आसक्ति को छोड़ना जरूरी है। घर-परिवार और व्यापार के दायित्व निभाते हुए भी मन को आत्मा से जोड़ा जा सकता है।आत्मा के साथ संबंध मजबूत करना और शरीर तथा संसार के व्यवहार के प्रति उदासीन भाव रखना ही साधना की दिशा है। मुनि श्री ने कहा कि आज माता-पिता बच्चों की शिक्षा और करियर का चयन करते समय यह देखते हैं कि किस क्षेत्र में अधिक पैसा, बेहतर पैकेज और अधिक संभावनाएं हैं। मेडिकल की शाखा चुनने से लेकर व्यवसाय और नौकरी तक, आर्थिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन जब बच्चों को मंदिर, पाठशाला अथवा धार्मिक कक्षा भेजने की बात आती है तो समय का अभाव और अन्य जिम्मेदारियां सामने आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि धन कमाने की शिक्षा के लिए वर्षों लगाए जाते हैं, लेकिन जीवन को संस्कारित करने वाली धर्म शिक्षा के लिए समय नहीं निकाला जाता। जब बच्चे नियंत्रण में हों, तब उन्हें मंदिर और पाठशाला से जोड़ना माता-पिता की जिम्मेदारी है। धर्म की शिक्षा बच्चे के जीवन को केवल संस्कारित ही नहीं करती, बल्कि उसे सही और गलत के बीच निर्णय लेने की दृष्टि भी देती है।

## बड़े बड़े प्रतिष्ठानों पर नही ग्राहकों के वाहन पार्किंग की व्यवस्था

**दतिया।** जिला मुख्यालय पर संचालित होने वाले बड़े बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास खुद की बड़ी बड़ी बिल्डिंगों तो हैं जहां करोडों का व्यावसाय किया जाता है लेकिन किसी भी प्रतिष्ठान के पास जन हित से जुड़ी सुविधाओं का बहुत बड़ा टोटा है। समूचे बाजार में किसी भी प्रतिष्ठान के पास वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नही है जहां ग्राहक अपने दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क करने की कोई जगह नही होती है जिसके चलते वाहन चालक अपने वाहनों को दुकान के बाहर ही खड़ा खरीददारी करने दुकानदार के पास पहुंच जाते है।

## सार-समाचार

### पुलिस लाइन में आयोजित हुई बलवा ड्रिल



**विदिशा, समय जगत।** आगामी त्यौहारों एवं भीड़-भाड़ वाले आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा आशु गैस के गोले छोड़े गए और घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भिजवाया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में व्यापक बलवा ड्रिल का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड पर किया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने आकस्मिक भीड़ नियंत्रण, दंगा-रोधी कार्रवाई, आपदा प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया। बलवा ड्रिल में अश्रु गैस पार्टी, कैन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, रिजर्व पार्टी, स्ट्रेचर पार्टी, वज्र वाहन सहित बलवाई दल को शामिल कर विभिन्न परिस्थितियों का मॉक अभ्यास किया गया। जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने एवं तितर-बितर करने, अश्रु गैस के उपयोग, वाटर कैनन, बैरिकेडिंग तथा प्राथमिक चिकित्सा जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा जवानों को बलवा एवं अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों में संयम, अनुशासन एवं त्वरित निर्णय के साथ कार्रवाई करने तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्रिल में पुलिस बल ने आपसी समन्वय एवं तत्परता के साथ विभिन्न परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। नियमित प्रशिक्षण एवं इस प्रकार की मॉक ड्रिल से किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के अभ्यास आयोजित कर कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों से निपटने की तैयारियों को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह, डीएसपी अजाक पंकज गीते, डीएसपी भूर सिंह चौहान, डीएसपी मासूम पटले, रक्षित निरीक्षक नीरज सिंह सिकरवार, कंट्रोल प्रभारी निरीक्षक हिरदय कुशराम सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला न्यायालय परिसर से आज रवाना होंगे नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन

**विदिशा।** आगामी तृतीय नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार 10 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे जिला न्यायालय परिसर, विदिशा में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। प्रचार-प्रसार वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी जाएगी। आमजन को लोक अदालत की उपयोगिता, इसमें प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया तथा आपसी सहमति से विवादों के समाधान के संबंध में जागरूक किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को सरल, त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है।

# गौवंश के जमावड़े से लोग परेशान, हादसों का खतरा



**विदिशा।** शहर की सड़कों और चौराहों पर बैठे निराश्रित गोवंश अब सिर्फ यातायात में बाधा नहीं, बल्कि हादसों की बड़ी वजह बनते जा रहे हैं। मुख्य मार्गों से लेकर चौराहों और हाईवे तक जगह-जगह गाय और सांडों का जमावड़ा दिखाई देता है। अचानक सड़क पर बैठे गोवंश के सामने आ जाने से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वहीं सांडों की लड़ाई में राहगीरों और वाहन चालकों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। हालात यह हैं कि सड़कें वाहनों के लिए हैं या गोवंश के लिए, यह सवाल शहरवासियों को परेशान करने लगा है। पिछले कुछ समय से शहर में सड़क पर गोवंश के कारण होने वाली घटनाओं में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। कहीं सड़क के बीचों-बीच गायों का झुंड बैठा नजर आता है तो कहीं सांडों का जमावड़ा यातायात के लिए खतरा बना रहता है। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब कम रोशनी में सड़क पर बैठे गोवंश वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। ऐसे में अचानक ब्रेक लगाने या उन्हें बचाने के प्रयास में हादसे होने का खतरा बना रहता है।

**चौराहों पर गोवंश, पैदल निकलना भी मुश्किल:** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में गोवंश के बैठे रहने से पैदल यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर गायों के झुंड और सांडों का जमावड़ा यातायात को प्रभावित करता है। दुकानदारों के मुताबिक सांडों की लड़ाई के दौरान आसपास रखे सामान को नुकसान पहुंचने का खतरा भी बना रहता है।

**हादसा होने के बाद जागेगा सिस्टम :** इस समस्या को लेकर अधिकांश लोगों ने शासन-प्रशासन और नगर पालिका को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि जब सड़कों पर गोवंश के कारण लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है तो स्थायी समाधान क्यों नहीं किया जा रहा। उनका सवाल है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदार विभाग पूरी तरह जागेगा। हालांकि कुछ लोगों ने इसके लिए खुद को और गोपालकों को भी जिम्मेदार माना। उनका कहना है कि पहले लोग घरों में गाय पालते थे, उनकी देखभाल करते थे और दूध का उपयोग करते थे।

# सावरगांव पहुंचा प्लास का झंडा, जाम नदी किनारे पत्थरों के ढेर, गोटमार मेले की तैयारियां अंतिम दौर में



**समय जगत ,पांढुरना ।** विश्व प्रसिद्ध और सदियों पुरानी परंपरा से जुड़े गोटमार मेले का उत्साह पांढुरना और सावरगांव में बढ़ने लगा है। आगामी 11 सितंबर, शुक्रवार को होने वाले मेले को लेकर दोनों गांवों में तैयारियां तेज हो गई हैं। जाम नदी के दोनों किनारों पर सजावट और अन्य व्यवस्थाओं के साथ बड़ी संख्या में पत्थरों के ढेर भी नजर आने लगे हैं। वहीं परंपरा के अनुसार सावरगांव पक्ष के सुरेश कावले परिवार के घर प्लास का झंडा पहुंचने के साथ ही मेले की पारंपरिक शुरुआत हो गई है। परंपरा के तहत ग्रामीण जंगल से प्लास का झंडा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ लेकर सावरगांव पहुंचे। मान्यता के अनुसार पोला पर्व के दूसरे दिन जाम नदी के बीच प्लास का झंडा स्थापित किया जाता है। इसके बाद पांढुरना और सावरगांव पक्ष के लोग जाम नदी के दोनों किनारों से एक-दूसरे पर पत्थर बरसाते हैं। पांढुरना पक्ष द्वारा झंडा तोड़े जाने के साथ इस पारंपरिक आयोजन का समापन माना जाता है।

**जाम नदी के दोनों किनारों पर तैयारियां तेज:** मेले से कुछ दिन पहले ही जाम नदी के दोनों किनारों पर गतिविधियां बढ़ गई हैं। पांढुरना और सावरगांव पक्ष के लोग नदी किनारे झंडियों और अन्य सजावटी सामग्री से क्षेत्र को सजा रहे हैं। चंडी माता मंदिर सहित मेला स्थल पर अंतिम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नदी के दोनों किनारों पर पत्थरों के ढेर भी पहले से दिखाई देने लगे हैं, जिनका इस्तेमाल मेले के दौरान पारंपरिक पत्थरबाजी में किया जाता है।

**मेले को लेकर बढ़ा उत्साह:** गोटमार मेले के करीब आते ही दोनों गांवों में उत्साह का माहौल है। 11 सितंबर को बड़ी संख्या में लोग जाम नदी के दोनों किनारों पर पहुंचेंगे और सदियों पुरानी परंपरा के साक्षी बनेंगे। चंडी माता मंदिर और जाम नदी का क्षेत्र मेले का मुख्य केंद्र रहेगा।

**परंपरा के साथ जुड़ी दर्दनाक स्मृतियां:** गोटमार मेला अपनी अनूठी परंपरा के कारण देशभर में चर्चित है, लेकिन इसके साथ दर्दनाक घटनाओं का इतिहास भी जुड़ा रहा है। पत्थरबाजी के दौरान हर वर्ष कई लोग घायल होते हैं और अतीत में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। किसी ने अपना बेटा, किसी ने पति तो किसी ने भाई खोया है। ऐसे में मेले के उत्साह के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष चिंता रहती है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर है प्रशासन का फोकस:** मेले को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं और मेले में आने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती, नदी किनारे सुरक्षा इंतजाम और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन का पूरा फोकस मेले के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और लोगों को सुरक्षित रखने पर है।

## कार्यकर्ताओं को सेवा गतिविधियों एवं प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी

# भाजपा मंडल में सेवा संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित



**समय जगत, मंडीदीप।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वावधान में बुधवार को होटल सिल्क में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी राजो मालवीय, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा तथा मंडल प्रभारी राकेश तोमर, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र मैथिल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान की रूपरेखा एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। मंडल महामंत्री अमित जैन ने जानकारी देते हूए बताया की कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी राजो मालवीय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक संगठन ही नहीं, बल्कि सेवा और जनकल्याण को अपना प्रमुख ध्येय मानने वाला संगठन है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले एक माह के विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण की भावना के साथ मनाते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच पहुंचकर रचनात्मक एवं जनहितकारी गतिविधियों में सहभागिता करे। मंडल प्रभारी राकेश तोमर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ स्तर तक अभियान की गतिविधियों तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में सेवा गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर भाजपा मंडीदीप मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल बोड़ा की मासिक बैठक संपन्न




**समय जगत, बोड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल बोड़ा की महत्वपूर्ण कामकाजी मासिक बैठक बुधवार को दोपहर 2 बजे नगर परिषद सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के करीब 35 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाले 13 विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं एवं आयोजनों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अभियान के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्हें सफल आयोजन के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपने तथा बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

**17 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर जलेगा 'आशीर्वाद का दीप':** अभियान के तहत 17 सितंबर की शाम 7 बजे प्रत्येक बूथ पर परिवारों एवं लाभार्थियों के घर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के जनसेवा कार्यो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया जाएगा।

**बच्चों की प्रतिभा को मंच देगा 'सेवा चित्र':** 'सेवा चित्र' कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सेवा कार्यो एवं विकसित भारत विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चयनित चित्रों की प्रदर्शनी लगाकर बच्चों एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्कूल स्तर पर 19 सितंबर, संकुल स्तर पर 21 सितंबर, ब्लॉक स्तर पर 22 सितंबर तथा जिला स्तर पर 23 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**गांव-गांव पहुंचेगी 'सेवा संस्मरण' की गाथा:** 'सेवा संस्मरण' कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्तर से प्राप्त पटकथा एवं सामग्री पर आधारित 25 से 30 मिनट की नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। स्थानीय नाट्य टोलियों के माध्यम से जनसेवा की गाथा को गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचाया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच आंगनवाड़ी केंद्रों पर मातृ संवाद एवं पोषण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का सम्मान किया जाएगा। मंडल की टीम द्वारा 24, 26, 27, 28, 29, 30 सितंबर तथा 1, 3, 5 एवं 7 अक्टूबर को विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'कहानी बदलाव की' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक शक्ति केंद्र से सरकारी योजनाओं के कम से कम 10 वास्तविक लाभार्थियों की वीडियो रील तैयार की जाएगी। इसमें लाभार्थी का नाम, स्थान, संबंधित योजना तथा योजना से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की जानकारी दर्ज की जाएगी।

# जल संकट से जूझ रहे संत विनोबा, शास्त्री वार्ड के वाशिंदे, पार्षदों के साथ नपा का किया गया घेराव

## अध्यक्ष, सीएमओ को बताई समस्या, वाल्वमैन की लापरवाही और लो प्रेशर का आरोप, सुधार नहीं होने पर आंदोलन का अल्टीमेटम



**समय जगत, आमला ।** नगर पालिका परिषद आमला की जल वितरण व्यवस्था भर बारिश में भी चरमराई हुई है। ग्रीष्म ऋतु में 3 से 4 दिन में जलापूर्ति की व्यवस्था को शहरवासियों ने सहर्ष स्वीकार कर नियमित जल कर का भुगतान किया था, लेकिन बरसात के इस सक्रिय मौसम में भी वार्डो में पेयजल संकट गहराने से रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है।

**पार्षदों की अगुवाई में नपा कार्यालय का घेराव:** मंगलवार को संत विनोबा वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद दीक्षा मयूर सुरजेकर एवं शास्त्री वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद सुधीर आम्बाडकर (बाला) की अगुवाई में बड़ी संख्या में रहवासियों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर घेराव किया।

**अध्यक्ष और सीएमओ से की शिकायत:** मौके पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिंजवे को पार्षदों ने समस्याओं से अवगत कराया।पार्षद दीक्षा मयूर सुरजेकर ने बताया कि जलावर्धन योजना के तहत वार्ड में बिछाई गई पाइपलाइन से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है। नलों में पानी का प्रेशर बेहद कम है और वाल्वमैन द्वारा वितरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण बारिश में भी लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।वहीं पार्षद सुधीर आम्बाडकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शास्त्री वार्ड में पिछले 15 दिनों से पेयजल व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। बार-बार शिकायत के बावजूद जलावर्धन शाखा द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है।

**आंदोलन की चेतावनी:** दोनों पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जल वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है। साथ ही वार्डो में बिछाई गई पाईप लाईनों में दुरुस्ती करन कार्य कराए जाने बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अजा मोर्चा द्वारा आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय का भव्य स्वागत

**रतलाम ।** अनुसूचित जाति आयोग मध्यप्रदेश के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल मालवीय मंगलवार को रतलाम दौरे पर आए ।सर्किट हाउस पर जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई , भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश मालवीय, वरिष्ठ पार्षद प्रभु नेका प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदकिशोर तोषवाडा ने अगवानी कर स्वागत किया । श्री मालवीय ने इसके बाद जिला पंचायत कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की । उन्हें वरिष्ठ पार्षद प्रभु नेका ने जाति प्रमाण पत्र में आ रही समस्या के बारे में अवगत कराया । प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदकिशोर तोषवाडा ने विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति के सदस्यों के आवेदन पर अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जाने की बात बताई। जिला उपाध्यक्ष प्रभु सोलंकी, श्यामलाल परमार, जिला महामंत्री सुदीप पटेल ने भी अपनी बात रखी । इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप पटेल,जिला उपाध्यक्ष प्रभु सोलंकी के साथ जिला कार्यसमिति सदस्य विक्रम वाघेला, श्यामलाल परमार, जिला कार्यालय मंत्री यशवंत भाऊ, ओम प्रकाश बोरीवाल मंडल अध्यक्ष हरि किशन बोरीवाल मौजूद रहे ।

### अमन चैन की कामना लेकर कामखेड़ा बालाजी धाम को रवाना हुए पदयात्री



**समयजगत, माचलपुर।** नगर मे क्षेत्र की अनम चैन व खुशहाली की कामना को लेकर चाठाकुण्डी बालजी मंदिर से कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए पैदल यात्रा आयोजित हुई। पदयात्री बालाजी महाराज के दर्शन कर कामखेड़ा के लिए रवाना हुए। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा 70 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। श्रद्धालु पदयात्रा में डीजे पर नाचते गाते हुए कामखेड़ा धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु अरनिया के बालाजी, केल खोयरा होते हुए कामखेड़ा बालाजी पहुंचेगे। इस यात्रा में कई सदस्य शामिल हैं। इस यात्रा में गाँव के नवयुवक, बुजर्ग व बच्चे शामिल हो रहे हैं। यह यात्रा नगर व क्षेत्र की खुशहाली के लिए आयोजित की गई है।

### शिक्षक दिवस पर विद्वान शिक्षकों का सम्मान

**धार।** शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, संभाग धार द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विद्वान शिक्षकों एवं धर्म शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध विधानाचार्य पंडित विमलचंद जैन शास्त्री, युवा विद्वान आनंद जैन तथा बच्चों को धर्म और संस्कारों की शिक्षा देने वाली पाठशाला संचालिका सुशीला जैन का महासमिति की सदस्यों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर महासमिति की सदस्यों ने कहा कि शिक्षक समाज और नई पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ज्ञान के साथ धर्म और संस्कारों की शिक्षा देकर शिक्षक बच्चों को संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। महासमिति ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान की यह पहल समाज में ज्ञान, संस्कार और शिक्षा के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करेगी।

# शासकीय महाविद्यालय में विश्व साक्षरता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम किया आयोजित




**समय जगत, सुठालिया ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सुठालिया के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय सुठालिया, जिला राजगढ़ (मध्यप्रदेश) में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में साक्षरता के महत्व, शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा निरक्षरता उन्मूलन के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. खालिद अल्ताफ शेख ने की। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में डॉ. मुकेश बंशीवाल, डॉ. कमल सिंह अहिरवार एवं डॉ. पवन कुमार अहिरवार ने विश्व साक्षरता दिवस के महत्व एवं वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज के वंचित एवं निरक्षर वर्ग को शिक्षा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. खालिद अल्ताफ शेख ने कहा कि साक्षरता किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। शिक्षित एवं जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर ढंग से समझकर राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। विद्यार्थियों को स्वयं शिक्षित होने के साथ-साथ समाज के ऐसे लोगों को भी शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व एवं सेवा भावना विकसित करना है। साक्षरता के प्रसार में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने आसपास के निरक्षर लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने तथा उन्हें पढ़ने-लिखने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साक्षर समाज ही जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर डॉ. दीपा चौरसिया, डॉ. गिरवर सिंह पांडव, डॉ. सोमेश्वर चौबे, पूजा यादव, श्री अनिरुद्ध सिंह कुशवाह, उमेश सेन, प्रवेश कुशवाह, दशरथ गुर्जर सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साक्षरता के प्रसार एवं शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने तथा शिक्षा के महत्व का संदेश समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ग्राम बांसखापा में खरपतवारनाशक दवा के उपयोग से प्रभावित धान की फसल का प्रशासनिक दल ने किया अवलोकन



**समय जगत, सोहागपुर।** जिला नर्मदापुरम अंतर्गत तहसील सोहागपुर के पटवारी हल्का नंबर 28, ग्राम बांसखापा में कृषकों द्वारा खरपतवारनाशक दवा बिल सुपर के उपयोग के उपरांत धान की फसल को हुए नुकसान के संबंध में आज दिनांक 9 सितम्बर को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर डॉ. बबिता राठौर के निर्देशन में तहसीलदार सोहागपुर श्री शक्ति सिंह तोमर, नायब तहसीलदार श्री रामसिपाही मरावी, संबंधित हल्का पटवारी एवं राजस्व दल के अन्य सदस्यों ने ग्रामीणों एवं किसानों की उपस्थिति में प्रभावित धान की फसलों का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषक पन्नालाल पिता गोपीलाल सहित अन्य कृषकों की धान की फसल का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान धान की फसल में व्यापक नुकसान पाया गया। राजस्व दल द्वारा प्रभावित फसलों की स्थिति का मौके पर परीक्षण कर आवश्यक जानकारी एवं तथ्यों का संकलन किया गया। मामले में नियमानुसार आवश्यक आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही।

## देवरा के प्राचीन शिव मंदिर का हो सकेगा जीर्णोद्धार

# विधायक डॉ. हीरालाल अलावा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुरातत्व आयुक्त मदन कुमार से भोपाल में की मुलाकात



**मनावर, समय जगत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार को लेकर मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुरातत्व विभाग के आयुक्त भोपाल मदन कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मनावर से पन्नालाल गेहलोत एवं सैयद रिजवान अली भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त के समक्ष देवरा के प्राचीन शिव मंदिर की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता रखते हुए मंदिर के संरक्षण, जीर्णोद्धार तथा सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता रखी। विधायक डॉ. अलावा द्वारा विभाग को दिए गए पत्र में उल्लेख किया गया कि मंदिर को प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल के रूप में संरक्षण की कार्रवाई पूर्व में की जा चुकी है, लेकिन सर्वेक्षण के बाद भी मौके पर विभागीय निगरानी एवं संरक्षण संबंधी व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से नहीं की गई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुरातत्व विभाग के आयुक्त मदन कुमार ने देवरा शिव मंदिर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार की दिशा में आवश्यक कार्रवाई के लिए विभागीय स्तर पर निर्देश जारी किए तथा सर्वे टीम गठित कर स्थल का निरीक्षण एवं तकनीकी मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए। सर्वे टीम द्वारा मंदिर की वर्तमान स्थिति, स्थापत्य एवं संरक्षण की आवश्यकता का परीक्षण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि देवरा शिव मंदिर के मूल स्वरूप और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक एवं पुरातात्विक पद्धति से जीर्णोद्धार कराया जाए।

# अनुसूचित जाति वर्ग के वंचित पात्र हितग्राहियों को सभी योजनाओं का दिलाएं लाभ : रामलाल मालवीय

**रतलाम, समय जगत।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से संबंधित योजनाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अजय कटेसरिया, सीईओ जिला पंचायत सुवैशाली जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोग सदस्य मालवीय ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित चार प्रकरणों की सुनवाई की। इनमें तीन प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित तथा एक प्रकरण शासकीय सेवा से संबंधित था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग के समक्ष लंबित प्रकरणों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का समय पर निराकरण करना आयोग की प्राथमिकता है। आयोग सदस्य ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के जो पात्र हितग्राही शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें चिन्हित कर योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों को समान रूप से योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी हो तो उसकी बात गंभीरता से सुनकर समस्या का निराकरण करें। सदस्य मालवीय ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो आर्थिक या अन्य कारणों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में असमर्थ हैं, उनके लिए आवश्यकतानुसार कोचिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने आवास सहायता योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि इस वर्ष जिले में 1221 विद्यार्थियों को आवास सहायता का लाभ दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रावासों में कोई भी सीट रिक्त नहीं रहना चाहिए। सभी सीटें पात्र विद्यार्थियों से भरी जाएं। विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा, छात्रवृत्ति एवं गणवेश का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर अजय कटेसरिया ने बैठक में जिले में लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक सेवा केंद्रों पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। वर्तमान में एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। राज्य शासन द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

## 12 सितंबर को होगा आयोजन




**धार, समय जगत।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरुकता अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में 9 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर धार से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती ममता जैन ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान का उद्देश्य आमजन को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों के आपसी सुलह एवं समझौते से निराकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है। पात्र पक्षकार अपने मामलों के संबंध में लोक अदालत के माध्यम से निराकरण का प्रयास कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय धार के साथ बदनावर, सरदारपुर, धरमपुरी, मनावर एवं कुक्षी के तहसील न्यायालयों में भी किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 से संबंधित मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जलकर से संबंधित पात्र मामले, सेवा संबंधी प्रकरण, राजस्व एवं दीवानी मामले सहित अन्य राजीनामा योग्य तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण किया जा सकता है। संबंधित मामलों में लागू नियमों के अनुसार छूट अथवा अन्य वैधानिक लाभ का प्रावधान हो सकता है। प्रचार वाहन के शुभारंभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्रीमती मेरी मार्गरेट फ्रांसिस डेविड, जिला न्यायाधीश राहुल वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप सोनी, न्यायाधीश धर्म कुमार, श्रीमती बार्बी जुनेजा अग्रवाल, श्रीमती राखी सिकरवार एवं श्रीमती अनुष्का प्रजापति सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी सिमोन सुलिया तथा बैंक, नगरपालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर 2026 को आयोजित होगी। आमजन अपने पात्र प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पांच दिवसीय ताइक्वांडो का अखिल भारतीय महाकुंभ कल से



**समय जगत, खंडवा।** विद्या भारती मालवा प्रांत के मार्गदर्शन में 37 वीं अखिल भारतीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खंडवा में किया जा रहा है। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कल्याणगंज इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 सितंबर से 13 सितंबर तक होगा। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय एवं आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रतियोगिता के संयोजक संजय कुमार मिश्र ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 9 क्षेत्रों के भैया-बहिन सहभागिता कर रहे हैं। इसमें 417 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों के बीच प्रतिदिन निर्धारित विविध वर्गो में 410 मुकाबले होंगे।

प्रतियोगिता में होने वाले मुकाबलों में स्कोर सेंसर से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों, निर्णायकों एवं दर्शकों को मुकाबले में स्पष्टता दिखाई देगी। प्रत्येक मैच का सीधा प्रसारण विद्या भारती मालवा के माध्यम से किया जाएगा साथ ही सभी मुकाबलों की वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले रोटरी क्लब के इनडोर हॉल में आयोजित किए जाएंगे। प्रांतीय खेल संयोजक सत्यनारायण लववंशी ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता रहने वाले भैया-बहिनों को आगे एसजीएफआई प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच नहीं है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने का अवसर भी प्रदान करती है। अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ियों की सहभागिता खंडवा के लिए गौरव का विषय है।